CMYK

जयपुर,सीकर, झुंझुनूं, चुरू,नागौर एवं अलवर से एक साथ प्रकाशित

दैनिक

# जयपुर टाइम्स

नई सोच नई रफ्तार

n वर्ष : 11 अंक : 39 ■ डाक पंजीयन संख्या : जयपुर सिटी / 007/2017-19 जयपुर, बुधवार 25 फरवरी, 2026 ■ RNI.No.RAJHIN/2016/70162 मूल्य : 1.50 रुपए पृष्ठ : 8+st

# राष्ट्र प्रथम भाव के साथ काम करती है भाजपा : समाज में अंतिम पायदान पर बैठे व्यक्ति तक पहुंचे कार्यकर्ता- भजनलाल शर्मा

## प्रशिक्षण सतत प्रक्रिया, राष्ट्र निर्माण में कार्यकर्ता की भूमिका अहम

## भाजपा में राष्ट्रीय स्तर से बूथ स्तर तक 7 मार्च से चलेगा प्रशिक्षण महाभियान





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी राष्ट्र प्रथम की भावना के साथ कार्य करने वाला दल है, जहां राष्ट्र के बाद दल और फिर व्यक्ति का स्थान आता है। वे भाजपा प्रदेश कार्यालय, जयपुर में आयोजित पंडित दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाभियान 2026 की प्रदेश स्तरीय कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण एक सतत प्रक्रिया है और यही उसकी वैचारिक शक्ति का आधार है। एक विचार को लेकर चलने वाला यह राजनीतिक दल आज देशभर में वटवृक्ष के रूप में स्थापित हो चुका है। मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि कार्यकर्ता में दायित्व बोध से व्यक्तित्व निर्माण होता है और व्यक्तित्व निर्माण से राष्ट्र निर्माण को बल मिलता है। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि 21 अक्टूबर 1951 को डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी के नेतृत्व में भारतीय जनसंघ की स्थापना राष्ट्र सर्वोपरि की भावना से हुई। पंडित दीनदयाल उपाध्याय, श्यामा प्रसाद मुखर्जी जैसे महापुरुषों के विचारों से प्रेरित यह विचारधारा आगे बढ़ी। आपातकाल के बाद 1980 में भारतीय जनता पार्टी की स्थापना हुई और आज भाजपा विश्व की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी के रूप में स्थापित है। उन्होंने कार्यकर्ताओं से समाज के अंतिम पंक्ति में खड़े व्यक्ति तक पहुंचने का आह्वान करते हुए कहा कि अधिकारों से अधिक कर्तव्य बोध आवश्यक है। भाजपा राजनीतिक कार्यों के साथ सामाजिक दायित्वों को भी प्राथमिकता देती है। मुख्यमंत्री ने आश्वस्त किया कि केंद्र और राज्य सरकारें सदैव जनहित में कार्य करती रहेंगी। कार्यक्रम में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा में प्रशिक्षण का उद्देश्य राष्ट्र के सर्वांगीण विकास में प्रत्येक कार्यकर्ता की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करना है। बूथ से राष्ट्रीय स्तर तक विभिन्न चरणों में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में प्राप्त पाथेय को जिला, मंडल और बूथ स्तर तक पहुंचाना सभी पदाधिकारियों की जिम्मेदारी है अभियान के राष्ट्रीय सह-संयोजक एवं खजुराहो सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने बताया कि 7 मार्च से 15 अप्रैल तक देशभर में प्रशिक्षण महाभियान चलाया जाएगा। प्रदेश स्तर के बाद जिला, मंडल एवं बूथ स्तर पर कार्यशालाएं आयोजित होंगी। साथ ही मोर्चा, प्रकोष्ठ, विभाग, जनप्रतिनिधि, मीडिया और सोशल मीडिया स्तर पर भी प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण का उद्देश्य पार्टी की वैचारिक प्रतिबद्धता को सुदृढ़ करना, कार्य पद्धति में सिद्धांत आधारित आचरण विकसित करना, पार्टी के इतिहास और विकास की जानकारी देना, सक्षम कार्यकर्ताओं का निर्माण करना तथा राष्ट्रीय चुनौतियों और नैरेटिव के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। कार्यशाला में विधायक अजय महावर, प्रदेश महामंत्री मिथिलेश गौतम एवं अभियान की प्रदेश सह-संयोजक संतोष अहलावत सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# दिल्ली में यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु की गिरफ्तारी के विरोध में जयपुर में यूथ कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

## विधायक अभिमन्यु पूनिया ने कहा- पीएम नरेंद्र मोदी और अमित शाह के आवास का करेंगे घेराव





जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** दिल्ली में पिछले दिनों आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन के मामले में पुलिस ने यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष उदयभानु को अरेस्ट कर लिया है। इसके बाद यूथ कांग्रेस के देश भर के पार्टी जनों में गहरा आक्रोश छा गया है इसी क्रम में राजधानी जयपुर में भी कांग्रेस पार्टी के विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर बड़ी संख्या में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता एकत्रित हुए और केंद्र की मोदी सरकार के खिलाफ जोरदार नारेबाजी करने लगे मौके पर यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के बड़ी संख्या में एकत्रित हो जाने के बाद जयपुर पुलिस हरकत में आ गई। पुलिस यह समझ गई थी कि यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता यहां से आगे प्रदेश भाजपा कार्यालय की ओर जा सकते हैं क्योंकि सोमवार को ही भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा की कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के समीप जोरदार प्रदर्शन करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में कांग्रेस कार्यकर्ताओं की ओर से किए गए अर्धनग्न प्रदर्शन का भारी विरोध किया था। इसलिए जयपुर पुलिस ने मंगलवार को प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर एकत्रित हुए यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को आगे नहीं बढ़ने दिया पुलिस ने उन्हें चारों तरफ से कड़ी सुरक्षा में घेर लिया इसके बाद अभिमन्यु पूनिया यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं के साथ मौके पर ही सड़क पर बैठकर उदयभानु की गिरफ्तारी का विरोध करने लगे । विधायक अभिमन्यु पूनिया ने मौके पर मौजूद पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहा कि पिछले दिनों यूथ कांग्रेस की ओर से शांतिपूर्वक तरीके से दिल्ली में प्रदर्शन किया गया था क्योंकि केंद्र की मोदी सरकार ने देश के किसानों के हितों को नुकसान पहुंचा है । इसी के विरोध में यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं की ओर से शांतिपूर्वक तरीके से प्रदर्शन किया गया था अभिमन्यु पूनिया ने कहा कि इस तरह का प्रदर्शन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने भी किया था ऐसा पहली बार नहीं हुआ जब किसी ने तरह का प्रदर्शन किया हो इस तरह के प्रदर्शन आपसे पहले भी देश में कई बार हुए हैं लेकिन पुलिस ने बर्बरता पूर्वक कार्रवाई करते हुए उदयभानु को अरेस्ट किया है इसलिए देश भर के युवक कांग्रेस में गुस्सा व्याप्त हो गया है और अब आने वाले दिनों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के दिल्ली आवास के बाहर भी यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता प्रदर्शन करेंगे गौरतलब है कि पिछले दिनों दिल्ली में आयोजित हुए आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस कार्यक्रम में यूथ कांग्रेस की ओर से किए गए प्रदर्शन के मामले को लेकर भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस दोनों के बीच जोरदार टकराव के हालात पैदा हो गए हैं दोनों ही दलों की ओर से देश भर में प्रदर्शन किया जा रहे हैं । भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता जहां युवक कांग्रेस के अर्धनग्न प्रदर्शन को गलत करार देकर अपना विरोध जाता रहे हैं तो दूसरी तरफ कांग्रेस पार्टी युवा कांग्रेस की ओर से किए गए प्रदर्शन को सही करार दे रही है और अब जिस तरह से दिल्ली पुलिस ने यूथ कांग्रेस के उदयभानु को अरेस्ट किया है उसके बाद कांग्रेस पार्टी की युवा शाखा से जुड़े कार्यकर्ताओं में गहरा आक्रोश छा गया है जिसका ताजा उदाहरण मंगलवार को राजधानी जयपुर में देखने को मिला जब कांग्रेस विधायक अभिमन्यु पूनिया के नेतृत्व में सैकड़ो युवक कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने प्रदेश कांग्रेस कार्यालय के बाहर उदयभानु की गिरफ्तारी के विरोध में जोरदार प्रदर्शन किया ।

# प्रदेश भर में निजी बसों की हड़ताल से बिगड़ने लगी परिवहन व्यवस्था, यात्रियों को होने लगी परेशानी




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रदेश में परिवहन विभाग की कार्रवाई के खिलाफ सोमवार के आधी रात से निजी बस ऑपरेटरों ने एक बार फिर से हड़ताल शुरू कर दी है जिसकी वजह से मंगलवार को प्रदेश के कई शहरों में निजी बस का संचालन नहीं हो पाया जिसकी वजह से लाखों यात्रियों को यात्रा करने में काफी परेशानी उठानी पड़ी निजी बस ऑपरेटर संगठन का कहना है कि इस हड़ताल से प्रदेश में करीब 35000 निजी बस सड़क पर नहीं दौड़ रही है जयपुर जोधपुर कोटा उदयपुर बीकानेर जैसलमेर बाड़मेर चित्तौड़गढ़ सवाई माधोपुर अलवर दोसा करौली सीकर झुंझुनू चूरू झालावाड़ बूंदी टोंक बांसवाड़ा प्रतापगढ़ डूंगरपुर इत्यादि सभी जगह पर निजी बस नहीं दौड़ रही इसलिए सभी शहरों में इस हड़ताल का असर सब देखने को मिल रहा है। राजधानी जयपुर में भी यात्रियों को यात्रा करने में काफी परेशानी का सामना उठाना पड़ रहा है इस हड़ताल का फायदा किराए की टैक्सी का संचालन करने वाले लोग उठा रहे हैं और मन मुताबिक पैसा वसूल कर रहे हैं एक तरफ प्रदेश में खाटू श्याम जी मेले का शुभारंभ हो चुका है इस मेले में देश के कोने-कोने से लोग बड़ी संख्या में यहां दर्शन करने के लिए आते हैं लेकिन बस की हड़ताल की वजह से यात्रियों को काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। दूसरी तरफ 28 फरवरी को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अजमेर में एक बड़ी रैली का आयोजन होने जा रहा है इस रैली में लाखों की संख्या में भीड़ जुटाना के प्रयास भारतीय जनता पार्टी की ओर से किया जा रहा है। लेकिन निजी बस ऑपरेटर ने यह पहले ही कह दिया है कि अगर उनकी मांग नहीं मानी गई तो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा के लिए भी वे अपनी गाड़ियां नहीं देंगे। निजी बस ऑपरेटर की हड़ताल को लेकर राजस्थान विधानसभा में विधायकों ने भी सवाल खड़े किए हैं प्रतिपक्ष के सदस्यों ने जल्दी से जल्दी इस हड़ताल को समाप्त करने के लिए सरकार से आग्रह किया है प्रतिपक्ष के सदस्यों का कहना है कि होली का त्योहार बिल्कुल नजदीक है खाटू श्याम जी का मेला चल रहा हैऔर कई अन्य बड़े त्यौहार आने वाले हैं ऐसे में सरकार को नाजायज तरीके से निजी बस ऑपरेटर को परेशान नहीं करना चाहिए और उनके साथ बैठकर बातचीत करके इस हड़ताल को समाप्त करवाने की दिशा में तुरंत कदम उठाना चाहिए निजी बस ऑपरेटर का कहना है कि पिछली बार भी जब हमने हड़ताल की थी उसके बाद जब हमारा सरकार से समझौता हुआ था तो हमने सरकार से किए समझौते के आधार पर बसों के जरूरी मापदंड पूरे किए लाखों रुपए खर्च किए इसके बाद कुछ दिन तक तो परिवहन विभाग ने कार्रवाई नहीं की लेकिन अब फिर से परिवहन विभाग कई तरह की कमियां बात कर बस के रजिस्ट्रेशन को सस्पेंड कर रहे हैं इसीलिए मजबूरन निजी बस ऑपरेटर को फिर से हड़ताल पर आना पड़ा है इस हड़ताल से एक तरफ जहां निजी बस संचालन से जुड़े लाखों लोगों को काफी परेशानी हो रही है क्योंकि बस का संचालन नहीं होने से उन्हें भी अब सैलरी नहीं मिल पाएगी तो दूसरी तरफ इस हड़ताल से यात्रियों को भी परेशानी हो रही है और सरकार को भी राजस्व का नुकसान उठाना पड़ रहा है।

# किसी भी खेल के खिलाड़ी को कोई परेशानी हो तो वह मुझसे बिना हिचक सीधा मिले : राठौर



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** युवा एवं खेल मंत्री राज्यवर्धन राठौड़ ने राजस्थान के टीम प्लेयर्स और कोच के साथ व्यक्तिगत रूप से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने खिलाड़ियों, कोच की समस्याएं सुनीं और स्पष्ट किया कि सरकार खिलाड़ियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध कराने के लिए प्रतिबद्ध है। राज्यवर्धन राठौड़ ने खिलाड़ियों से कहा कि यदि किसी प्रकार की परेशानी हो तो वे सीधे उनसे मिल सकते हैं। हर स्तर पर समस्याओं को सुना जाएगा और लिखित रूप में मिलने वाली शिकायतों का त्वरित समाधान किया जाएगा। कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने कोच से कहा कि खिलाड़ियों को तैयार करते समय वे पूरी प्रतिबद्धता और मनोयोग के साथ काम करें। खेल सुविधाओं को और बेहतर बनाने के सुझाव देने और उन पर अमल करने पर भी जोर दिया गया। मुलाकात के दौरान कर्नल राज्यवर्धन राठौड़ ने खिलाड़ियों को मेडल पहनाकर सम्मानित किया और उनका मनोबल बढ़ाया। उन्होंने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए ठोस कदम उठाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार खेल प्रतिभाओं को न केवल प्रोत्साहन दे रही है, बल्कि सुविधाओं और व्यवस्थाओं को भी मजबूत करने की दिशा में ठोस कदम उठा रही है।

# मोदी की सभा की तैयारी में जुटे भजनलाल शर्मा: कायड़ विश्रामस्थली सभा स्थल का लिया जायजा

## मुख्यमंत्री ने सभा को लेकर पुलिस और प्रशासन के अधिकारियों को दिए आवश्यक दिशा निर्देश

## केंद्रीय मंत्री भागीरथ चौधरी और जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी रहे मौजूद



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की आगामी 28 फरवरी को अजमेर में प्रस्तावित जनसभा की तैयारी में मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा जी जान से जुट गए हैं क्योंकि इस सभा में पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर से प्रदेश की जनता को 23500 करोड रुपए के विकास कार्यों की सौगात देने वाले हैं इसके अलावा रोजगार मेले के तहत 21000 युवाओं को नियुक्ति पत्र भी वितरित करेंगे इसलिए आगामी 28 फरवरी का दिन प्रदेश के इतिहास में एक और नया स्वर्णिम अध्याय लिखने जा रहा है इसीलिए प्रदेश में सत्ता और संगठन दोनों ही अजमेर के कायड़ विश्राम स्थली में होने वाली इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए जी जान से जुटे हुए हैं सभा में बड़ी संख्या में महिलाओं और युवाओं के भी शामिल होने की बात कही जा रही है सभा सफलतापूर्वक और शांतिपूर्वक संपादित हो और यह सभा अजमेर के इतिहास में सबसे बड़ी सभा के रूप में जानी जाए इसके लिए मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा मंगलवार को अजमेर गए जहां उन्होंने सभा स्थल का बारीकी से मौका किया सभा की सभी तैयारी के बारे में प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से बातचीत की सभा के मंच, पंडाल से जुड़ी व्यवस्थाओं के अलावा मुख्यमंत्री शर्मा ने सुरक्षा के व्यापक प्रबंध करने के निर्देश पुलिस और प्रशासन को दिए हैं सभा में आने वाले वाहनों की पार्किंग के अलावा सभा स्थल पर सभा में शामिल होने वाले लोगों के लिए पीने का पानी, शौचालय, चिकित्सा व्यवस्था इत्यादि सभी व्यवस्थाओं के बारे में मुख्यमंत्री शर्मा ने सभा की तैयारी से जुड़े अधिकारियों से सवाल जवाब किया और उन्हें आवश्यक दिशा निर्देश भी दिए जानकारी के अनुसार मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने अजमेर जिला प्रशासन और पुलिस से जुड़े अधिकारियों को इस सभा के लिए विशेष सावधानी बरतने को कहा है सभा के दौरान अजमेर से जुड़े विभिन्न राजमार्गों पर यातायात बाधित न हो इसका भी पूरा ध्यान रखने को कहा गया है तथा सभा में किसी भी तरह की कोई अप्रिय घटना ना हो और सभा में कोई गलत इरादे से नहीं आए इस बाबत पुलिस के खुफिया तंत्र को विशेष रूप से अलर्ट रहने के निर्देश मुख्यमंत्री स्तर पर दिए गए हैं द्य प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों से बातचीत के दौरान मुख्यमंत्री के साथ केंद्रीय मंत्री और अजमेर सांसद भागीरथ चौधरी तथा प्रदेश की जल संसाधन मंत्री सुरेश सिंह रावत भी मौजूद रहे । जानकारी के अनुसार इस सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए राजस्थान भाजपा के संगठन से जुड़े स्थानीय नेता और स्थानीय जनप्रतिनिधि भी पूरी ताकत झुके हुए हैं इसके लिए पिछले दिनों राजस्थान भाजपा के अध्यक्ष मदन राठौड़ ने अजमेर में भारतीय जनता पार्टी के संगठन से जुड़े नेताओं और जनप्रतिनिधियों के साथ बाकायदा विशेष बैठक आयोजित करके सभा में ज्यादा से ज्यादा लोगों को लाने के टारगेट सुनिश्चित किए थे इसलिए मोदी की इस सभा को सफल बनाने के लिए पार्टी के विधायकों सांसदों और जनप्रतिनिधियों को भी अपने-अपने क्षेत्र से लोगों को सभा में लाने के लिए कहा गया है ।

## भजनलाल शर्मा ने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की खूब प्रशंसा की और कहा पुष्कर के विकास के लिए सरकार बना रही है डीपीआर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने पुष्कर में नया मेला मैदान पर बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री की हनुमान कथा को सुनने के लिए मौके पर पहुंचे। इस कथा कार्यक्रम में तेलंगाना के भाजपा प्रभारी चंद्रशेखर शिक्षा मंत्री मदन दिलावर सहित अन्य राजनेता भी मौजूद रहे। कथा सुनने के लिए बड़ी संख्या में महिलाएं भी पंडाल में नजर आई इस मौके पर भजनलाल शर्मा ने अपने भाषण में कथा वाचक पंडित धीरेंद्र शास्त्री की जमकर प्रशंसा की मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि मैं यहां प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सभा की तैयारी का जायजा लेने के लिए आया था लेकिन बाबा बागेश्वर धाम के दर्शन से मैं धन्य हो गया हूं । मुख्यमंत्री शर्मा ने कहा कि बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री सनातन धर्म की जो अलख भारत के कोने-कोने के अलावा विदेश में भी जगा रहे हैं खासतौर से युवा लड़कों और लड़कियों में धीरेंद्र शास्त्री जी सनातन का जो भाव पैदा कर रहे हैं यह अपने आप में महान कार्य है इससे एक तरफ हमारे नौजवान संस्कारवान और राष्ट्र के प्रति समर्पित हो रहे हैं तो दूसरी तरफ युवा अपने सनातन धर्म के महत्व और गौरव से परिचित हो रहे हैं ।उन्होंने कहा कि पंडित धीरेंद्र शास्त्री जहां भी जाते हैं वह इलाका श्रीराम और श्रीहनुमान की भक्ति के भाव में डूब जाता है और वह पूरा इलाका खुशहाल हो जाता है उन्होंने पंडित धीरेंद्र शास्त्री की ओर इंगित करते हुए कहा कि जवाब अगली बार यहां पुष्कर में आओगे तो पुष्कर बिल्कुल बदला हुआ नजर आएगा क्योंकि हमारी सरकार ने तीर्थराज पुष्कर के विकास के लिए विशेष कार्य योजना तैयार की है और पुष्कर के विकास के लिए डीपीआर बनाई जा रही है मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि हमारी सरकार प्रदेश में मंदिरों गौशालाओं और नंदी शालाओं के विकास और कल्याण के लिए सतत रूप से कार्य कर रही है हमारी सरकार ने मंदिरों के विकास के लिए 100 करोड़ रुपए का बजट आवंटित किया है जिसमें सालासर वाले हनुमान जी खाटू श्याम जी का मंदिर और कई अन्य मंदिर हैं जहां पर बड़े पैमाने पर विकास कार्य शुरू किया जा रहे हैं द्य मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने कहा कि पुष्कर का अपना एक अलग महत्व है यहां पर ब्रह्मा जी ने हिंद महासागर और अरब सागर को आपस में अपनी भुजाओं से जोड़ा हुआ है जो अद्भुत है ।

CMYK

## औद्योगिक इकाइयों का विभिन्न विभागों द्वारा किया जा रहा है सर्वे, 1,058 इकाइयों को नोटिस

जयपुर टाइम्स

**खैरथल-तिजारा(निसं.)।** जिला कलक्टर डॉ आर्तिका शुक्ला द्वारा गठित जांच समिति ने भिवाड़ी एवं आसपास के औद्योगिक क्षेत्रों में संचालित इकाइयों का व्यापक निरीक्षण किया जा रहा है। अतिरिक्त जिला कलक्टर सुमित्रा मिश्र ने बताया कि समिति द्वारा 17 फरवरी से 23 फरवरी 2026 तक विभिन्न विभागों के माध्यम से निरीक्षण कर रिपोर्ट प्रस्तुत की गई है। जांच के दौरान रीको प्रथम, रीको द्वितीय, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल, फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग, श्रम विभाग तथा नगर परिषद भिवाड़ी (अग्निशमन विभाग) द्वारा कुल 2515 औद्योगिक इकाइयों का निरीक्षण किया गया। इनमें से 1,058 इकाइयों में विभागीय मानकों का उल्लंघन पाए जाने पर संबंधित इकाइयों को नोटिस जारी किए गए। विभागवार निरीक्षण में रीको प्रथम द्वारा 512 इकाइयों का निरीक्षण कर 106 को नोटिस, रीको द्वितीय द्वारा 586 में से 217 को नोटिस, राजस्थान राज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल द्वारा 563 में से 47 को नोटिस तथा फैक्ट्री एवं बॉयलर्स विभाग द्वारा 303 में से 194 इकाइयों को नोटिस जारी किए गए। वहीं श्रम विभाग द्वारा 85 इकाइयों का निरीक्षण कर 2 नोटिस जारी किए गए तथा नगर परिषद भिवाड़ी के अग्निशमन विभाग द्वारा 466 इकाइयों का निरीक्षण कर 392 नोटिस जारी किए गए। अतिरिक्त जिला कलक्टर ने बताया कि शेष औद्योगिक इकाइयों की जांच प्रक्रिया अभी जारी है। सभी संबंधित विभागों द्वारा अपने-अपने विभागीय मानकों के उल्लंघन पाए जाने पर नियमानुसार नोटिस जारी किए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा औद्योगिक इकाइयों में सुरक्षा, प्रदूषण नियंत्रण एवं श्रम मानकों की अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए यह विशेष जांच अभियान चलाया जा रहा है।

## बजट में श्रमिक हितों की अनदेखी पर जताया रोष, 25 फरवरी को सौंपेंगे ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** भारतीय मजदूर संघ जिला अलवर की मासिक बैठक संगठन कार्यालय ए-4, जेवीवीएनएल, काली मोरी में आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न इकाइयों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने भाग लेकर संगठनात्मक गतिविधियों एवं आगामी कार्यक्रमों पर विस्तार से चर्चा की। जिला मंत्री डालचंद मिश्रा ने बताया कि केंद्र एवं राज्य सरकार के बजट वर्ष 2026-27 में श्रमिक हितों की अनदेखी किए जाने के विरोध में 25 फरवरी 2026 को देशव्यापी स्तर पर ज्ञापन दिया जाएगा। यह ज्ञापन प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर के माध्यम से प्रेषित किया जाएगा। बैठक में ज्ञापन कार्यक्रम की रूपरेखा, भागीदारी एवं व्यवस्थाओं को लेकर रणनीति तय की गई। इसके साथ ही 8 मार्च को अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर आयोजित होने वाले कार्यक्रम की भी योजना बनाई गई। महिला श्रमिकों की सहभागिता सुनिश्चित करने तथा सामाजिक जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विशेष कार्यक्रम आयोजित करने का निर्णय लिया गया। बैठक में अध्यक्ष धीरेन्द्र सिंह, राजीव चौधरी, मोरध्वज यादव, विशाल शर्मा, खेमचंद सैन, चतरसिंह यादव, लक्ष्मण शर्मा आयशर सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सभी ने संगठन को मजबूत करने और श्रमिक हितों की रक्षा के लिए सक्रिय भूमिका निभाने का संकल्प दोहराया।

## राजर्षि अभय समाज के कलाकारों का होली मिलन 1 मार्च को

### रंगारंग कार्यक्रम द्वारा मनाएंगे होली मिलन

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** राजर्षि अभय समाज के कलाकार 1 मार्च रविवार को होली के अवसर पर होली मिलन का कार्यक्रम के अंतर्गत बड़ी ही श्रद्धा एवं प्रेम से होली मिलन करेंगे। वास्तव में होली का त्यौहार अधर्म पर धर्म की जीत का परिचायक है अतः इस अवसर पर हर कलाकार प्रेम पूर्वक एक दूसरे के साथ फूल और इतर से होली खेलेंगे यह कार्यक्रम अभय समाज के प्रांगण में शाम को 7बजे से प्रारंभ होगा और इस अवसर पर महानिदेशक मनोज कुमार गोयल के दिशा निर्देश में संगीत निर्देशक जितेंद्र गुप्ता के निर्देशन में संगीत मय रंगारंग कार्यक्रम भी प्रस्तुत किया जाएगा जिसमें संस्था के होनहार कलाकार अपने मधुर नृत्य एवं गायन द्वारा इस त्यौहार को अपनी मनमोहक प्रस्तुति देकर मनाएंगे। इस कार्यक्रम में संस्था अध्यक्ष पंडित धर्मवीर शर्मा, महामंत्री राजेंद्र प्रसाद शर्मा, महानिदेशक मनोज कुमार गोयल सहित सभी पदाधिकारी कार्यकारिणी के सदस्य कलाकार एवं बाल कलाकार तथा स्वयंसेवक सभी मिलजुल कर इस होली मिलन को मनाएंगे।

## कपकजा स्पोर्ट्स लीग 2026: बैडमिंटन व क्रिकेट दोनों खिताब खेतान वॉरियर्स के नाम




जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास.)।** खेतान पॉलिटेक्निक कॉलेज जयपुर एलुमनाई एसोसिएशन द्वारा आयोजित कपकजा स्पोर्ट्स लीग 2026 का आयोजन 21-22 फरवरी को कैप बैडमिंटन एकेडमी एवं जयपुरिया क्रिकेट एकेडमी में हुआ। पहले दिन बैडमिंटन प्रतियोगिता में खेतान वॉरियर्स ने फाइनल में खेतान फ्रंटियर को हराकर खिताब जीता। 50+ डबल्स वर्ग में राजीव भार्गव-अजय शर्मा विजेता रहे, जबकि फीमेल मिक्स वर्ग में गरिमा यादव-दिव्यांशी जांगिड ने बाजी मारी। गरिमा यादव बेस्ट फीमेल व हर्षित यादव बेस्ट मेल खिलाड़ी रहे। दूसरे दिन क्रिकेट प्रतियोगिता में खेतान वॉरियर्स ने फाइनल में खेतान फ्रंटियर्स को 8 विकेट से हराकर ट्रॉफी अपने नाम की। निखिल जिंगर ने फाइनल में अर्धशतक लगाया। अमित कवीश्वर मैन ऑफ द टूर्नामेंट बने। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि अमित कक्कड़ (चीफ इंजीनियर, पीडब्ल्यूडी) ने विजेताओं को सम्मानित किया। आयोजन में बड़ी संख्या में एलुमनाई सदस्य व परिवारजन उपस्थित रहे।

## नगर निगम ने की शहरवासियों से अपील: शहर के मार्गों, चौराहों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर निराश्रित पशुओं को चारा नहीं डाले

**अलवर(निसं.)।** शहर की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ बनाए रखने के उद्देश्य से आमजन नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत शहर के समस्त मुख्य मार्गों, चौराहों, तिराहों एवं सार्वजनिक स्थानों पर गायों/अन्य निराश्रित पशुओं को चारा नहीं डाले। नगर निगम आयुक्त सोहन सिंह नरूका ने बताया कि सडकों एवं चौराहों पर चारा डालने के कारण पशुओं का जमाव होने से शहर की सफाई व्यवस्था एवं यातायात व्यवस्था पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता है एवं दुर्घटनाओं की संभावना बढ़ जाती है जो जनहित एवं सार्वजनिक सुरक्षा के लिए भी घातक है। उन्होंने सभी शहरवासियों से अपील की है कि वे सार्वजनिक सड़कों, मुख्य मार्गों एवं चौराहों पर पशुओं को चारा न डाले। चारा डालने हेतु केवल निर्धारित गौशालाओं एवं नगर निगम की गौचारा वाहिनी में का उपयोग करें।

### कानूनी साक्षरता शिविर का हुआ आयोजन

# प्रारम्भिक गर्भावस्था, मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, शोषण एवं जबरन श्रम के दुष्प्रभाव पर विद्यार्थियों को किया जागरूक

### स्वस्थ माँ ही स्वस्थ पीढ़ी का आधार होती है - प्राधिकरण सचिव सोनी

जयपुर टाइम्स




**अलवर(निसं.)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष तथा जिला एवं सेशन न्यायाधीश अनन्त भण्डारी के निर्देशानुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आज 'प्रारम्भिक गर्भावस्था, मातृ स्वास्थ्य, मानसिक स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा, शोषण एवं जबरन श्रम के दुष्प्रभाव' विषय पर कानूनी साक्षरता शिविर का आयोजन आदिनाथ जैन शिक्षण संस्थान के ऑडिटोरियम में किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव एवं एडीजे मोहनलाल सोनी ने की तथा शिविर का शुभारम्भ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्जवलित कर किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव मोहनलाल सोनी ने कहा कि मातृ स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक उत्तरदायित्व है, क्योंकि स्वस्थ माँ ही स्वस्थ पीढ़ी का आधार होती है। उन्होंने गर्भावस्था के दौरान संतुलित एवं पौष्टिक आहार, आयरन, कैल्शियम एवं फोलिक एसिड के सेवन, नियमित प्रसव पूर्व जांच, टीकाकरण, संस्थागत प्रसव तथा प्रसवोत्तर देखभाल की अनिवार्यता पर बल दिया। साथ ही यह भी बताया कि गर्भवती महिलाओं को मानसिक रूप से सकारात्मक वातावरण, पारिवारिक सहयोग और समय-समय पर चिकित्सकीय परामर्श उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है, ताकि प्रसवोत्तर अवसाद जैसी समस्याओं से बचाव हो सके। इसी प्रकार विशेषज्ञ वक्ताओं ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य, घरेलू हिंसा से संरक्षण अधिनियम, 2005 के अंतर्गत संरक्षण आदेश, निवास का अधिकार एवं भरण-पोषण के प्रावधानों की जानकारी दी तथा दहेज निषेध अधिनियम, 1961 एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष) अधिनियम 2013, जबरन श्रम एवं मानव तस्करी, श्रमिकों को उनके न्यूनतम वेतन, सुरक्षित कार्यस्थल एवं वैधानिक अधिकारों, लोक अदालत, प्री-लिटिगेशन सुलह एवं जन उपयोगी सेवाओं से संबंधित राष्ट्रीय अभियानों तथा वैकल्पिक विवाद निवारण प्रणाली के माध्यम से आमजन को सुलभ, त्वरित एवं किफायती न्याय प्राप्त करने के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। कार्यक्रम में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता सोनी ने आगन्तुकों का आभार व्यक्त किया एवं कार्यक्रम में मंच संचालन शिक्षाविद् ओमप्रकाश शर्मा ने किया। इस दौरान विशेषज्ञ डॉ. सरोज गुप्ता, सहायक जनसम्पर्क अधिकारी छगनलाल यादव, लीगल एण्ड डिफेंस काउंसिल के असिस्टेंट विकास कुमार मीणा, विधि प्रशिक्षु मोनालिसा शर्मा एवं सुश्री सिमरन सोनी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अधिकारी, कार्मिक, महाविद्यालय स्टॉफ एवं बडी संख्या में विद्यार्थी मौजूद रहे।

## खाद्य सुरक्षा विभाग की सख्त कार्रवाई: 96 लीटर सरसों तेल जब्त, अवधि पार खाद्य सामग्री नष्ट

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** खाद्य सुरक्षा एवं औषधि नियंत्रण विभाग के आयुक्त डॉ. टी. शुभ मंगला एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी अलवर डॉ. योगेंद्र शर्मा के निर्देशानुसार मंगलवार को एमआईए औद्योगिक क्षेत्र में विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत विभिन्न तेल निर्माण एवं खाद्य प्रतिष्ठानों से नमूने लेकर जांच के लिए भिजवाए गए तथा मिलावट और एक्सपायरी सामग्री के खिलाफ कार्रवाई की गई। एमआईए स्थित रीजनल ऑयल सीड्स ग्रोवर कोऑपरेटिव यूनियन लिमिटेड से खाद्य तेलों के चार नमूने जांच हेतु लिए गए। वहीं ड्रूरुएग्री बिजनेस लिमिटेड से खाद्य तेलों के तीन नमूने एवं एक बेसन का नमूना संग्रहित किया गया।



रुन्ध दूनी नाथ स्थित ओम शिव ट्रेडिंग कंपनी पर निरीक्षण के दौरान सरसों तेल का नमूना लिया गया तथा मिलावट की आशंका पर 96 लीटर सरसों तेल जब्त किया गया। दुकान पर विभिन्न ब्रांड के लगभग 650 पाउच मसाले, 800 पाउच स्नैक्स एवं 60 पैकेट टॉफियां अवधि पार पाए जाने पर नष्ट कराई गईं। साथ ही करीब 110 किलो सड़ी हुई हरी मटर मौके पर ही नष्ट करवाई गई।

अभियान के दौरान क्षेत्र के अन्य खाद्य कारोबारकर्ताओं को साफ-सफाई बनाए रखने, लाइसेंस को दुकान पर प्रदर्शित करने एवं खाद्य सामग्री को ढककर रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही Food Safety and Standards Authority of India (एफएसएसए 2006) के प्रावधानों की जानकारी भी दी गई। कार्रवाई के दौरान खाद्य सुरक्षा अधिकारी केशव गोयल, जय सिंह यादव, विश्व बंधु गुप्ता एवं अशोक लखेरा मौजूद रहे।

## नगर विकास न्यास संघ अलवर के ठेकेदारों ने ई.सी.एस. प्रक्रिया से भुगतान का किया विरोध

जयपुर टाइम्स



**अलवर(निसं.)।** नगर विकास न्यास ठेकेदार संघ अलवर द्वारा न्यास में चल रहे निर्माण कार्यों के लम्बित भुगतान के सम्बन्ध में अध्यक्ष एवं जिला कलक्टर महोदया अलवर के नाम ज्ञापन सौपा।

संघ महामंत्री विजेन्द्र सिंह चौधरी ने बताया कि ज्ञापन में नगर विकास न्यास द्वारा कराये गये निर्माण कार्यों के बीलों का भुगतान न्यास के ठेकेदारों को ई.सी.एस. की प्रक्रिया से हो रहे है। ई.सी.एस. प्रक्रिया से भुगतान में दो से तीन माह का समय लगता है। यह प्रक्रिया से भुगतान के कारण न्यास के ठेकेदारों के आर्थिक परेशानियों का सामना करना पड रहा है। ज्ञात हो कि इस प्रकार की प्रक्रिया सिर्फ नगर विकास न्यास, अलवर में ही लागू है जबकि अन्य जिलों में ई.सी.एस. से भुगतान की कोई व्यवस्था नहीं है राजस्थान के नगर विकास न्याय अपने ही स्तर पर भुगतान करते है। केवल अलवर नगर विकास न्यास ही अपवाद के रूप में न्यास के ठेकेदारों को परेशान करने व आमजन के विकास कार्यों को रोकने का कार्य कर रही है। इस प्रक्रिया को बन्द कराने हेतु पूर्व में भी कई बार सासद एवं केन्द्रीय वन एवं पर्यावरण मंत्री भारत सरकार एवं अलवर शहर विधायक वन एवं पर्यावरण मंत्री राजस्थान सरकार को भी पत्र के माध्यम से मांग की जा चुकी है लेकिन इस प्रक्रिया को बन्द नहीं किया गया है

पुनः अध्यक्ष नगर विकास न्यास एवं जिला कलक्टर अलवर को ज्ञापन सौप कर ई.सी.एस. से भुगतान करने की प्रक्रिया को बन्द कराने की मांग की गई। यदि इस प्रक्रिया को बन्द नहीं किया गया तो नगर विकास न्यास अलवर के ठेकेदारो को आगामी निविदाओं का बहिस्कार करने व काम बन्द करने को बाध्य होना पडेगा।

ज्ञापन सौपने वालों में न्यास ठेकेदार नरेन्द्र गुर्जर, अशोक मोदी, दीपक कुमार आहुजा, पुष्पराज सेतिया, यशकुमार मीणा, अनील कुमार गुप्ता, विरेन्द्र कुमार जैन, गंगाराम मीणा, सुबेसिंह गुर्जर सहित अन्य ठेकेदार शामिल रहे।

## बीसलपुर बांध की ऊंचाई बढ़ाने के विरोध में धरना 64वें दिन भी जारी, नेताओं को सौंपा ज्ञापन





जयपुर टाइम्स

**देवली(निसं.)।** विस्थापित संघर्ष समिति बीसलपुर परियोजना के तहत बांध की भराव क्षमता बढ़ाने के प्रस्ताव के विरोध में चल रहा धरना प्रदर्शन सोमवार को 64वें दिन भी जारी रहा। प्रदर्शनकारियों ने सरकार से मांग की है कि बांध की ऊंचाई बढ़ाने का निर्णय तत्काल वापस लिया जाए, अन्यथा आंदोलन और तेज किया जाएगा। धरना स्थल पर राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी की प्रदेश सचिव माया सुवालका सहित सत्यनारायण सरसवडी, दुर्गा लाल जांगिड़, दुर्गा लाल खींची, रंग लाल मीणा, डॉ. प्रहलाद मीणा, केसर हरलाल मीणा, कजोड़ जाट, राय बहादुर सिंह राणावत, धनराज मीणा व अन्य विस्थापित उपस्थित रहे। आंदोलनरत प्रतिनिधिमंडल ने नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली तथा प्रदेश कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा से मुलाकात कर ज्ञापन सौंपा। नेताओं ने आश्वासन दिया कि वे विधानसभा में विस्थापितों का पक्ष प्रमुखता से उठाएंगे तथा सरकार से इस विषय पर उचित कार्रवाई की मांग करेंगे।

इसके अतिरिक्त विधायक सचिन पायलट को भी ज्ञापन देकर मामले से अवगत कराया गया। उन्होंने भी आंदोलन को समर्थन देते हुए विस्थापितों के साथ खड़े रहने का भरोसा दिलाया।

धरना दे रहे लोगों का कहना है कि जब तक बांध की ऊंचाई बढ़ाने का प्रस्ताव निरस्त नहीं किया जाता, तब तक आंदोलन निरंतर जारी रहेगा।

## श्री अग्रवाल महासभा का 1 मार्च को होगा होली मिलन समारोह

**अलवर(निसं.)।** श्री अग्रवाल महासभा, अलवर के तत्वाधान में होली मिलन समारोह दिनांक एक मार्च 2026 वार रविवार को सायं 4:30 बजे से रात्रि 8:30 बजे तक श्री अग्रवाल धर्मशाला अग्रसेन मार्ग, अलवर मे आयोजित होगा। महासभा अध्यक्ष अतुल किशोर गुप्ता ने बताया की कार्यक्रम में फूलों व चन्दन की होली व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित होंगे एवं इस अवसर पर बच्चों व महिलाओं के लिए विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी एवं पुरस्कार प्रदान किए जाऐगें। रात्रि 7:00 बजे लक्की ड्रा खोला जाएगा।

## अलवर जिला दुग्ध उत्पादक सहकारी संघ लिमिटेड की बोर्ड बैठक आयोजित




### किसान हित में लिए गए विभिन्न निर्णय

जयपुर टाइम्स

**अलवर(निसं.)।** अलवर डेयरी के चेयरमैन नितिन सांगवान की अध्यक्षता में बोर्ड बैठक आयोजित हुई, जिसमें किसान हित में विभिन्न निर्णय लिए गए। डेयरी चेयरमैन सांगवान ने किसानों के हित में बड़े फैसले लेते हुए समिति के सचिव की मृत्यु पर 1 लाख और दुर्घटना मृत्यु पर 2 लाख की राशि को बढ़ाकर एक लाख के स्थान पर 5 लाख रूपये एवं 2 लाख के स्थान पर 10 लाख रूपये किया। साथ ही गंभीर बीमारी में एक लाख की सहायता को बढाकर 2 लाख रूपये किया। इसी प्रकार सरस डेयरी में मायरा योजना के तहत दूध देने वाले सक्रिय सदस्यों की दो पुत्री की शादी में 21 हजार रूपये की सहायता देने का फैसला लिया गया एवं अलवर डेयरी में नए प्लांट की स्थापना के लिए 3 लाख लीटर का नया प्लांट बनाने की स्वीकृति दी गई। इसी के साथ ही एनपीडीडी योजना के तहत केंद्र सरकार से 50' अनुदान पर नई रजिस्टर्ड 140 समितियां को 1 करोड़ 30 लाख की सहायता दी जाएगी। मार्केटिंग को बढ़ाने के लिए बहरोड, नीमराना और भिवाड़ी में एक नया ऑफिस खोलकर वहां पर डेयरी से संबंधित गतिविधियों का संचालन किया जाएगा। बैठक में सरस डेयरी प्रबंधक संचालक उमाशंकर चौधरी व सौरव गौड़ सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

# बाबा मस्तनाथ मठ में अष्टमी पर उमड़ा जनसैलाब

### सर्कल कबड्डी से लेकर भक्तिसंध्या तक श्रद्धा और उत्साह का अद्भुत संगम

जयपुर टाइम्स





**रोहतक(निसं.)।** सिद्ध शिरोमणि बाबा मस्तनाथ जी की पुण्य स्मृति में अस्थल बोहर स्थित बाबा मस्तनाथ मठ में आयोजित तीन दिवसीय वार्षिक मेले के दूसरे दिन अष्टमी पर आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह से ही श्रद्धालुओं की लंबी कतारें बाबा मस्तनाथ जी की समाधि तक लगी रहीं। हरियाणा सहित राजस्थान, उत्तर प्रदेश और आसपास के क्षेत्रों से पहुंचे भक्तों ने मत्था टेककर सुख, शांति और समृद्धि की कामना की।

**सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता रही आकर्षण का केंद्र**

मेले में पहली बार आयोजित सर्कल कबड्डी प्रतियोगिता दर्शकों के लिए विशेष आकर्षण रही। ग्रामीण खेल संस्कृति को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में आठ टीमों ने भाग लिया। मुकाबले बेहद रोमांचक रहे और अंतिम क्षण तक दर्शकों की सांसें थमी रहीं। प्रतियोगिता में बहू अकबरपुर की टीम विजेता रही, जबकि गढ़ी खेड़ी की टीम उपविजेता बनी। विजेता टीम को एक लाख रुपये तथा उपविजेता को 71 हजार रुपये की पुरस्कार राशि प्रदान की गई। सर्वश्रेष्ठ रेडर का खिताब पंकज बेरी को तथा सर्वश्रेष्ठ कैचर का सम्मान अंकुर (बहू अकबरपुर) को 31-31 हजार रुपये की राशि के साथ दिया गया। भारत की प्रसिद्ध कैचर शीलू बलहारा को भी विशेष सम्मान प्रदान किया गया। मैदान में बड़ी संख्या में ग्रामीण व खेल प्रेमी मौजूद रहे।

**भक्तिसंध्या में भजनों की गूंज**

सायंकाल आयोजित भक्तिसंध्या में भजन-कीर्तन देर रात तक चलता रहा। सजे-धजे मठ परिसर में श्रद्धालु बाबा की महिमा का गुणगान करते नजर आए। देशी घी की जोत जलाकर परिवार की खुशहाली और समृद्धि की प्रार्थना की गई। संत-महंतों ने बाबा की धूनी पर भस्म रमाकर विधि-विधान से अनुष्ठान संपन्न कराया।

**मेले में बाजारों की रही रौनक**

मेले में लगी दुकानों पर भी दिनभर रौनक बनी रही। पारंपरिक वस्त्र, धार्मिक सामग्री, प्रसाद, खिलौने और सजावटी सामान की खरीदारी के लिए लोगों की भीड़ उमड़ती रही। ग्रामीण परिवेश और धार्मिक वातावरण ने मेले को विशेष स्वरूप प्रदान किया।

**जनप्रतिनिधियों ने लिया आशीर्वाद**

मेले के दूसरे दिन कई जनप्रतिनिधि एवं संत-महंत मठ पहुंचे और बाबा मस्तनाथ जी की समाधि पर नमन किया। नाथ संप्रदाय की परंपरा के अनुसार मठ के महंत बालकनाथ योगी ने बाबा मस्तनाथ जी के स्वरूप में श्रद्धालुओं को दर्शन देकर आशीर्वाद प्रदान किया। उनके दर्शन के लिए भी दिनभर श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।

**अंतिम दिन होगा विशाल कुश्ती दंगल**

मेले के अंतिम दिन विशाल कुश्ती दंगल का आयोजन किया जाएगा, जिसमें देशभर के नामी पहलवान भाग लेंगे। प्रथम पुरस्कार 1,51,000 रुपये, द्वितीय 1,00,000 रुपये, तृतीय 51,000 रुपये तथा चतुर्थ 31,000 रुपये निर्धारित किए गए हैं। दंगल को लेकर खेल प्रेमियों में विशेष उत्साह बना हुआ है।

उल्लेखनीय है कि बाबा मस्तनाथ मठ की स्थापना आठवीं शताब्दी में परम सिद्ध शिरोमणि चौरंगीनाथ जी महाराज द्वारा की गई मानी जाती है। नाथ संप्रदाय का यह प्रमुख केंद्र वर्षों से धर्म, संस्कृति और सामाजिक एकता का प्रतीक रहा है। हर वर्ष लगने वाला यह मेला आस्था के साथ-साथ सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक परंपरा को भी सशक्त करता है।

राज्य जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
25 फरवरी, 2026

# विधानसभा में पहुंचने पर वसुंधरा राजे का पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने किया जोरदार स्वागत, राजे ने विधायकों से की मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे के मंगलवार को राजस्थान विधानसभा परिसर में पहुंचने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों ने उनका जोरदार स्वागत किया वसुंधरा राजे ने सत्ता पक्ष को विपक्ष के सदस्यों के साथ बातचीत की और मुस्कुराते हुए उन्होंने विधायकों से हाल-चाल भी पूछा वसुंधरा राजे ने अपनी पार्टी के कई विधायकों के साथ चर्चा भी की मंगलवार को वसुंधरा राजे के अचानक राजस्थान विधानसभा में पहुंचने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों के चेहरे पर खुशी छा गई



विधानसभा में वसुंधरा राजे की एंट्री के बाद सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों में जो हलचल देखने को मिला उससे एक बार फिर यह साबित हुआ है कि भले ही वसुंधरा राजे की पर्सनैलिटी और लोकप्रियता में अभी कोई गिरावट नहीं आई है जितना सत्ता पक्ष के विधायक उनका सम्मान करते हैं उतना ही उन्हें देखकर विपक्ष के विधायक भी काफी उत्साहित रहते हैं इसीलिए मंगलवार को जैसे ही वसुंधरा राजे विधानसभा में पहुंची कांग्रेस और भाजपा दोनों ही डाल के विधायक उनसे मुलाकात करने के लिए दौड़े दौड़े उनके पास चले आए वसुंधरा राजे ने भी मुस्कुराते दिए सभी विधायकों का अभिवादन किया उल्लेखनीय है कि सोमवार को ही अशोक गहलोत राजस्थान विधानसभा में पहुंचे थे राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में अशोक गहलोत अब तक नहीं आए थे लेकिन गत सोमवार को उन्होंने विधानसभा में प्रश्न काल के दौरान करीब 55 मिनट तक अपनी उपस्थित दिखाई हालांकि उन्होंने सदन में कुछ भी नहीं कहा और ना ही किसी विषय पर उन्होंने अपनी कोई बात कही लेकिन सदन के बाहर उन्होंने पत्रकार सम्मेलन को संबोधित किया इसके ठीक अगले दिन मंगलवार को अशोक गहलोत राजस्थान विधानसभा में नजर नहीं आए लेकिन वसुंधरा राजे राजस्थान विधानसभा में अचानक पहुंच गई इसलिए गहलोत और वसुंधरा राजेके अचानक राजस्थान विधानसभा के बजट सत्र में शामिल होने के इस विषय को लेकर भी सत्ता पक्ष और विपक्ष के सदस्यों में चर्चाओं के दौर शुरू हो गए क्योंकि गहलोत और वसुंधरा राजे भले ही वर्तमान में अभी राजस्थान विधानसभा के सदस्य है लेकिन पिछले 2 साल में प्रदेश की भजनलाल सरकार में अब तक राजस्थान विधानसभा की जितनी भी बैठक हुई है उनमें इन दोनों नेताओं की उपस्थिति नगण्य रही इसीलिए इन दोनों नेताओं के अचानक विधानसभा पहुंचने पर सत्ता पक्ष और विपक्ष दोनों ही दलों के सदस्यों के बीच हल चलें होना स्वाभाविक है ।

## एसीबी ने बानसूर में पटवारी को 15000 रुपए की रिश्वत लेते पकड़ा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग ने मंगलवार को प्रदेश में कोटपूतली बानसूर में पटवारी को 15000 रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है एसीबी के अधिकारी गिरफ्तार अभियुक्त अतुल यादव से आवश्यक पूछताछ करके यह भी पता लगा रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निर्धारित नहीं है एसीबी की टीम उन दस्तावेज और फाइल की भी जांच पड़ताल कर रही है जिन्हें हाल ही के दिनों में अतुल यादव ने संपादित किया है एसीबी की टीम का मानना है कि कहीं ना कहीं अतुल यादव भ्रष्टाचार को बढ़ावा दे रहा था और बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं कर रहा था इसलिए अतुल यादव की ओर से लौटाए गए विभिन्न तरह के मामलों आवेदन पत्रों दस्तावेजों इत्यादि की भी जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त अतुल यादव पटवारी पद पर है इसके पास बहराम कवास और खोहरी हल्का का चार्ज है इसने भूमि का नामांतरण करने के बदले रिश्वत की रकम मांगी थी जिसकी शिकायत परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक विभाग के दफ्तर में दर्ज करवाई भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के बड़े अधिकारियों ने आरोपी पटवारी अतुल यादव को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक कार्य योजना तैयार की इसी कार्य योजना के तहत अतुल यादव ने बानसूर में मकान पर जैसे ही परिवादी से रिश्वत के 15000 रुपए लिए वैसे ही वहां घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ पटवारी को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया।

## खाटू श्याम जी मेला पर्व के मध्य नजर रेवाडी-सीकर-रेवाडी

### प्रतिदिन रेलसेवा का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** रेलवे द्वारा खाटूश्याम जी मेले के अवसर पर यात्रियों की सुविधा हेतु रेवाडी-सीकर-रेवाडी प्रतिदिन रेलसेवा का ढेहर का बालाजी स्टेशन तक विस्तार किया जा रहा है। उत्तर पश्चिम रेलवे के मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी अमित सुदर्शन के अनुसार गाडी संख्या गाडी संख्या 54804, रेवाडी-ढेहर का बालाजी रेलसेवा दिनांक 24.2.26 से 28.2.26 तक (5 ट्रिप) रेवाडी से प्रतिदिन 15.10 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 20.50 बजे आगमन व 21.00 बजे प्रस्थान कर 23.05 बजे ढेहर का बालाजी पहुँचेगी। इसी प्रकार गाडी संख्या 54803, ढेहर का बालाजी-रेवाडी रेलसेवा दिनांक 25.2.26 से 1.3.26 तक ( 5 ट्रिप) ढेहर का बालाजी से प्रतिदिन 4.35 बजे रवाना होकर सीकर स्टेशन पर 6.40 बजे आगमन व 7.25 बजे प्रस्थान कर 12.30 बजे रेवाडी पहुँचेगी।

## राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर एनएसयूआई का जोरदार प्रदर्शन, भारी पुलिस प्रबंध

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर मंगलवार को एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने 8 सूत्री मांगों को लेकर जोरदार प्रदर्शन किया मौके पर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की बड़ी संख्या को देखते हुए पुलिस ने सुरक्षा के अतिरिक्त प्रबंध किए हैं । जानकारी के अनुसार एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं की ओर से विमर्श स्कूल के नाम पर वसूल किए गए 230 करोड रुपए वापस करने, छात्र संघ चुनाव आयोजित करवाने, राजस्थान लोक सेवा आयोग के पुनर्गठन करने, ओएमआर शीट की सीबीआई जांच की मांग करने जैसी कई अन्य मांग है जिनको लेकर एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर जोरदार प्रदर्शन किया राजस्थान विश्वविद्यालय के बाहर प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं ने राजस्थान विश्वविद्यालय में डॉक्टर अंबेडकर पीठ की फिर से स्थापना करने की भी पुरजोर डिमांड की है जानकार लोगों का कहना है कि पिछले कुछ महीनो से राहुल गांधी की सक्रियता ने युवक कांग्रेस और एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में नया जोश और उत्साह का संचार किया है पिछले दिनों राजस्थान एनएसयूआई के अध्यक्ष रह चुके विनोद जाखड़ को एनएसयूआई का राष्ट्रीय अध्यक्ष नियुक्त किया गया इसके बाद प्रदेश के एनएसयूआई के कार्यकर्ताओं में जबरदस्त जोश छा गया है राजस्थान एनएसयूआई से जुड़े कार्यकर्ताओं को अब ऐसा लग रहा है कि उन्हें राष्ट्रीय स्तर पर संगठन में कार्य करने का अब अच्छा मौका मिलेगा क्योंकि विनोद जाखड़ राजस्थान यूनिवर्सिटी की छात्र राजनीति से वास्ता रखते हैं इसीलिए मंगलवार को राजस्थान विश्वविद्यालय में एनएसयूआई का दमदार प्रदर्शन देखने को मिला ।

## महाराणा प्रताप को लेकर भारतीय जनता पार्टी सिर्फ राजनीति ही करती है, उनके प्रति आदर भाव नहीं रखती-टीकाराम जूली

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को प्रश्नकाल के दौरान महाराणा प्रताप टूरिस्ट सर्किट विकास योजना का मुद्दा उठाते हुए जूली ने वित्तीय आंकड़ों के जरिए भजनलाल सरकार पर हमला बोला, उन्होंने सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने कहा कि सरकार ने वर्ष 2024-25 के बजट में 100 करोड़ रुपये की घोषणा की थी। आज फरवरी 2026 आ चुका है लेकिन



जवाब में बताया गया कि मात्र 2 लाख 83 हजार रुपये ही खर्च हुए हैं। दो साल में 100 करोड़ के बजट के मुकाबले यह ऊंट के मुंह में जीरे के समान भी नहीं है। क्या महाराणा प्रताप के नाम पर केवल राजनीति होगी या विकास भी दिखेगा? जूली ने स्पष्ट किया कि विकास के बड़े-बड़े दावे करने वाली सरकार धरातल पर पूरी तरह विफल साबित हो रही है। इससे पूर्व चूरू विधानसभा क्षेत्र में मोबाइल पशु चिकित्सा इकाइयों से जुड़े पूरक प्रश्न पर सदन में भारी हंगामा हुआ। जब पशुपालन मंत्री जोराराम कुमावत ने आंकड़े पेश किए तो जूली ने उन्हें घेर लिया घसरकार का दावा है कि मात्र 3 यूनिट्स ने 15 फरवरी तक 36,549 पशुओं का इलाज कर दिया। यह व्यावहारिक रूप से असंभव है। एक दिन में एक यूनिट कितने पशु देख सकती है? यह सरासर फर्जी आंकड़े पेश कर सदन को गुमराह करने की कोशिश है। जूली ने इस पूरे मामले की उच्च स्तरीय जांच की मांग करते हुए कहा कि कागजों में इलाज दिखाकर जनता की गाढ़ी कमाई का दुरुपयोग किया जा रहा है।

## खोह में बालिकाओं को मिली साइकिल

**झुंझुनूं(निस)।** जिले के उदयपुरवाटी उपखंड के ग्राम खोह के राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को कक्षा-9 की 22 छात्राओं को निःशुल्क साइकिल का वितरन किया गया। इस दौरान व्याख्याता राजकुमार पटिड़िया ने निःशुल्क साइकिल वितरण योजना के बारे में अवगत करवाया। साइकिल वितरण के दौरान विद्यालय के प्रधानाचार्य वीरेन्द्र प्रकाश आदित्य, सरपंच प्रतिनिधि बाबूलाल खल्वा और अन्य ग्रामवासियों उपस्थित रहे। साइकिल पाकर बालिकाएं बहुत खुश हुई।

## एसीबी ने पंचायत समिति के ब्लॉक विकास अधिकारी को एक लाख रुपए की रिश्वत लेते दबोचा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** भ्रष्टाचार निरोधक विभाग की टीम ने मंगलवार को प्रदेश में सवाई माधोपुर में एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम देते हुए पंचायत समिति के ब्लॉक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा को 1 लाख रुपए की रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है मीणा के विभिन्न ठिकानों पर एसीबी की टीमों की ओर से सगन जांच पड़ताल की जा रही है मीणा के सरकारी दफ्तर में मौजूद सभी दस्तावेज फाइल डिजिटल डाटा कंप्यूटर हार्ड डिस्क इत्यादि सभी की गहनता से जांच पड़ताल की जा रही है एसीबी के अधिकारियों को संदेह है कि गिरफ्तार अभियुक्त जगदीश प्रसाद मीना बिना पैसा लिए दिए कोई कार्य नहीं करता था इसलिए हाल ही के दिनों में जगदीश मीणा की ओर से निपटाई गई विभिन्न तरह की फाइल दस्तावेज आवेदन पत्रों इत्यादि की जांच पड़ताल की जा रही है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की टीम इस बात की भी जांच पड़ताल कर रही है कि बरामद की गई रिश्वत की रकम में किसी अन्य अधिकारी का हिस्सा तो निश्चित नहीं है भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो से मिली जानकारी के अनुसार गिरफ्तार अभियुक्त जगदीश प्रसाद मीणा है जो सवाई माधोपुर में पंचायत समिति में ब्लॉक विकास अधिकारी पद पर नियुक्त है तथा इसके पास जिला परियोजना प्रबंधक का भी कार्यभार है जिसने परिवादी और उसके दो साथियों को बीपीएम की नौकरी से कार्य मुक्त नहीं करने के बदले तथा यात्रा भत्ता तथा अन्य बिल की राशि स्वीकृत करने के बदले तीनों से एक एक लाख रुपए की रिश्वत की डिमांड की और आरोपी जगदीश मीणा ने परिवादी से कहा कि वह अपने हिस्से की और अपने साथियों के हिस्से की राशि को एकत्रित करके उसे दे जिस पर परिवादी ने भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो कार्यालय में आरोपी ब्लॉक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा की शिकायत की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो मुख्यालय में नियुक्त अधिकारियों ने परिवादी की शिकायत का सत्यापन करवाया जिसमें शिकायत सही पाई गई इसके बाद आरोपी ब्लॉक विकास अधिकारी जगदीश प्रसाद मीणा को रंगे हाथों पकड़ने के लिए एक रणनीति तैयार की गई और इसी रणनीति के तहत मंगलवार को जैसे ही परिवादी ने आरोपी जगदीश प्रसाद मीणा को रिश्वत के एक लाख रुपए दिए वैसे ही वहां पहले से घात लगाए बैठे एसीबी के अधिकारियों ने रिश्वत की रकम के साथ जगदीश प्रसाद मीणा को मौके पर ही गिरफ्तार कर लिया

## सदन में पंचायत राज चुनाव कराने को लेकर विपक्ष का हंगामा, डोटासरा ने मदन दिलावर पर कसा तंज

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को पंचायत राज चुनाव नहीं करवाने का विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाया, विपक्ष के सदस्यों ने चुनाव कराने की मांग को लेकर नारेबाजी की और हंगामा किया तथा कहा कि सरकार को अपनी हार का डर है इसलिए सरकार जानबूझकर चुनाव की तिथि को आगे खिसकाती जा रही है इस दौरान सदन में गोविंद सिंह डोटासरा ने शिक्षा मंत्री मदन दिलावर का नाम लिए बिना तंज कसते हुए कहा कि सरकार ने यह निर्णय गाय का दूध पीकर लिया है या भैंस का दूध पीकर सदन में गोविंद सिंह डोटासरा ने कहा कि पंचायत राज चुनाव समय पर नहीं करवाने की वजह से केंद्र सरकार ने प्रदेश के 3000 करोड रुपए का भुगतान नहीं किया है अगर यह पैसा केंद्र सरकार से मिल जाता तो प्रदेश कि ग्रामीण व्यवस्था के लिए अच्छा रहता लेकिन सरकार निश्चित समय पर पंचायत राज के चुनाव नहीं करवा पाई जिसकी वजह से केंद्र सरकार ने प्रदेश के हिस्से के पैसे का भुगतान नहीं किया उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार ओबीसी रिपोर्ट का फिर से बहाना बना रही है और



पंचायत चुनाव को आगामी अक्टूबर नवंबर महीने तक करवाने की प्लानिंग कर रही है जो ठीक नहीं है इसी बात को लेकर विपक्ष के सदस्यों ने मंगलवार को सदन में हंगामा किया मंगलवार को सदन में पूर्व पूर्व मंत्री और कांग्रेस पार्टी के विधायक शांति धारीवाल ने पिछले दिनों मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा की ओर से सदन में अपनी सरकार के 2 साल के कामकाज के प्रतिवेदन पर सवाल खड़े किए और कहा कि इस प्रतिवेदन में हजारों गलतियां हैं और मुख्यमंत्री ने गलतियों को पढ़कर सदन का अपमान किया है उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र में भी जो आंकड़े दिए गए हैं वह गलत है ।

## पश्चिमी राजस्थान में सोलर के नाम पर जमीनों की बंदर बांट हो रही है, खेजड़ी कटाई बंद हो : रोहित बोहरा

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** राजस्थान विधानसभा में मंगलवार को कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में सोलर के नाम पर सरकार की ओर से जमीनों की बंदर बांट की जा रही है जमीन दी जा रही है लेकिन वहां उद्योग कब तक स्थापित होंगे उद्योग कब शुरू होंगे लोगों को कब रोजगार मिलेगा इसकी भी कोई गारंटी नहीं है बोहरा ने कहा कि पश्चिमी राजस्थान में खेजड़ी कटाई बंद होनी चाहिए । कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि सोलर भी जरूरी है तापमान भी जरूरी है लेकिन लोगों की जिंदगी भी जरूरी है उन्होंने कहा कि खेजड़ी की कटाई से पश्चिमी राजस्थान में आने वाले सालों में कई बड़ी-बड़ी चुनौतियां और कई बड़ी-बड़ी मुश्किलें आकर खड़ी हो जाएंगे जिनका सामना करना काफी मुश्किल हो जाएगा इसलिए सरकार को वहां पर खेजड़ी कटाई को पूरी तरह से प्रबंध कर देना चाहिए कांग्रेस विधायक रोहित बोहरा ने कहा कि धौलपुर में बिजली विभाग की ओर से जाती पूछ कर वीसीआर भरी जा रही है धौलपुर के लोग भी विकास चाहते हैं धौलपुर जिले में किसानों के साथ ना इंसाफी हो रही है किसानों को बिजली के कनेक्शन नहीं दिए जा रहे किसानों को समुचित बिजली उपलब्ध नहीं दी जा रही उन्होंने कहा कि धौलपुर को विकास से अलग रखा गया है जो ठीक नहीं है विधानसभा में रोहित बोहरा ने कहा कि सोलर प्रोजेक्ट के नाम पर पश्चिमी राजस्थान में



लाखों हेक्टर भूमि का आवंटन किया जा चुका है आंख बंद करके सरकार जमीनों की बंदर बांट कर रही है इन जमीनों का सदुपयोग होगा या नहीं यह कोई नहीं जानता क्योंकि सरकार इस समय सिर्फ जमीन आवंटन करके यह दिखाना चाहती है कि राइजिंग राजस्थान में हमने इतने समझौते क्रियान्वित कर दिए उन्होंने कहा कि प्रदेश में उद्योगों का माहौल स्थापित करने के लिए सरकार को पहले और बहुत सी आधारभूत ढांचों को मजबूत करना चाहिए लेकिन सरकार सिर्फ जमीनों का खेल खेल रही है

## भीनमाल में सेन समाज व सर्व समाज का उग्र विरोध प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**भीनमाल(निस)।** बीकानेर के रंजीतपुरा बज्जू गांव में नाबालिग छात्रा के साथ हुए दुष्कर्म कर हत्या प्रकरण में सभी आरोपियों की जल्द से गिरफ्तारी कर उनको फांसी की सजा देने की मांग की। ज्ञापन में लिखा है कि 21 फरवरी को सैन समाज की बेटी कक्षा आठवीं की छात्रा जो मात्र उम्र 12 वर्ष थी। उसका अपहरण करके बलात्कार किया गया और बलात्कार के बाद उसकी निर्मम हत्या कर दी गई। हत्या के बाद उसे अर्ध नग्न कर पास ही जंगल में फेंक दिया। उस घटना को तीन दिन होने के बावजूद भी मात्र एक ही आरोपी की गिरफ्तारी हुई है बाकि हत्यारो की जब तक गिरफ्तारी नही हुई। सभी की मांग है कि सेन समाज



की इस बेटी को न्याय नहीं मिलेगा व परिवार को सरकार की तरफ से आर्थिक सहायता समय रहते नहीं मिलती है तो सभी उपखण्ड मुख्यालय पर उग्र आंदोलन व धरना प्रदर्शन किया जाएगा।

## बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री से वसुंधरा राजे ने आशीर्वाद लिया, करीब 1 घंटे तक दोनों के बीच हुई मुलाकात

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(का.सं.)।** बाबा बागेश्वर पंडित धीरेंद्र शास्त्री के प्रति देश के राजनेताओं में भी गहरी आस्था और आदर भाव बना हुआ है बड़े-बड़े राजनेता इनके दरबार में आकर इनसे आशीर्वाद लेते रहे हैं इसी क्रम में वसुंधरा राजे ने भी अजमेर पुष्कर प्रवास के दौरान पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात की है प्रिंट इलेक्ट्रानिक मीडिया और सोशल मीडिया में एक विशेष फोटो दिखाई जा रहा है जिसमें पंडित धीरेंद्र शास्त्री खुद चारपाई पर बैठे हुए हैं और वसुंधरा राजे जमीन पर बैठकर उनसे आशीर्वचन ले रही है जानकारी के अनुसार वसुंधरा राजे पंडित धीरेंद्र शास्त्री से मुलाकात करने के लिए करीब 2 घंटे तक उनका इंतजार करती रही क्योंकि पंडित धीरेंद्र शास्त्री अपने प्रवचन में व्यस्त थे लेकिन वसुंधरा राजे उनसे मुलाकात करने का विचार करके ही आई थी इसलिए उन्होंने करीब 2 घंटे तक इंतजार किया इसके बाद पंडित धीरेंद्र शास्त्री ने उन्हें अपने होटल के यजमान कमरे में आमंत्रित किया जहां पर वसुंधरा राजे ने धीरेंद्र शास्त्री के चरणों में बैठकर उनसे बातचीत की दोनों के बीच करीब 1 घंटे तक बातचीत हुईगौरतलब है कि वसुंधरा राजे शुरू से ही काफी धार्मिक प्रवृत्ति कि राजनेता रही है भले ही एक बड़े राज परिवार में इनका जन्म हुआ हो लेकिन धार्मिक रीति रिवाज पूजा अर्चना के प्रति शुरू से ही इनकी गहरी आस्था रही है प्रदेश के दो बार मुख्यमंत्री पद पर रहने के दौरान भी वसुंधरा राजे



अक्सर विभिन्न बड़े मंदिरों और धार्मिक स्थलों पर दर्शन करने नियमित रूप से जाती रहती थी साधु संतों के प्रति वसुंधरा राजे का शुरू से ही आदर भाव और सम्मान रखती हैं जिस तरह से भजनलाल शर्मा साधु संतों का पूरा सम्मान करते हैं ठीक वैसे ही वसुंधरा राजे भी कथा वाचक, साधु संत सभी को पूरा सम्मान देती है हालांकि पंडित धीरेंद्र शास्त्री से हुई उनकी इस मुलाकात को लेकर कई तरह की चर्चाएं भी सुनने को मिल रही है क्योंकि पिछले कुछ सालों से पंडित धीरेंद्र शास्त्री भारतीय जनता पार्टी के सभी बड़े नेताओं में सिद्ध पुरुष के रूप में माने जाने लगे हैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अमित शाह शिवराज सिंह चौहान जैसे बड़े-बड़े राजनेता पंडित धीरेंद्र शास्त्री को काफी सम्मान देते हैं इसलिए पंडित धीरेंद्र शास्त्री की बड़े-बड़े राजनेताओं से बहुत ही अच्छे संबंध बन गए हैं ऐसे में बंद कमरे में वसुंधरा राजे और पंडित धीरेंद्र शास्त्री के बीच में जो बातचीत हुई है उसको लेकर राजनीतिक गलियारों में भी कई तरह की चर्चा होने लगी है ।

## जोधपुर संभाग में महासभा को नई धारः पुखराज कुमावत को सौंपी अहम जिम्मेदारी



जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/जोधपुर।** संगठन विस्तार और सामाजिक एकजुटता की दिशा में महासभा ने बड़ा कदम उठाते हुए पुखराज कुमावत को जोधपुर संभाग की महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी है। नियुक्ति के साथ ही समाज के लोगों में उत्साह का माहौल है और इसे संगठन को नई गति देने वाला निर्णय माना जा रहा है। नई जिम्मेदारी मिलने पर पुखराज कुमावत ने महासभा नेतृत्व का आभार जताते हुए कहा कि वे समाज के विश्वास पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि जोधपुर संभाग में संगठन को और अधिक सशक्त, सक्रिय और संगठित बनाने के लिए वे पूरी प्रतिबद्धता से कार्य करेंगे। समाज के वरिष्ठजनों का मानना है कि कुमावत की सक्रियता और अनुभव से संभाग में संगठनात्मक गतिविधियों को नई ऊर्जा मिलेगी तथा युवाओं की भागीदारी भी बढ़ेगी। यह नियुक्ति महासभा के विस्तार अभियान में एक अहम कड़ी मानी जा रही है, जिससे सामाजिक समन्वय और मजबूती को नया आयाम मिलने की उम्मीद है। पुखराज कुमावत पिछले 25 वर्षों से प्रिंट व इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में कार्यरत हैं। पूर्व में भी उन्होंने महासभा का शानदार नेतृत्व किया है। उनके कार्यशैली को देखते हुए महासभा की प्रदेश अध्यक्ष डॉ आर सी कुमावत ने इस बार जोधपुर संभाग का मीडिया प्रभारी बनाया गया है।

## दंगल चौथ के आयोजन को लेकर बैठक में चर्चा

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** उपखंडाधिकारी प्रशासक नगरपालिका राजाखेडा की अध्यक्षता में राजाखेडा के ऐतिहासिक परंपरागत दंगल चौथ के संबंध में बैठक का आयोजन किया गया।



बैठक में दंगल चौथ के लिये कमेटीयों का गठन किया गया जिसमें 6 व्यक्ति जोड मिलाने के लिये व 4 व्यक्ति अखाडे में कुश्तीयों के निर्णयाक रहेंगे।साथ ही माईक कमेटी में 4 व्यक्ति रखे गए हैं। तथा दंगल में सांसद / जिला प्रभारी मंत्री, विधायक, जिला कलक्टर को ही आमंत्रित करने का निर्णय लिया गया। दंगल पुरानी परंपरागत 12 बजे से शाम 06 बजे तक चलेगा। दंगल के प्रचार प्रसार की व्यवस्था मीडिया एवं पेमपलेट के माध्यम से नगरपालिका की ओर से की जाएगी। गौरतलब है कि राजाखेड़ा का यह मशहूर दंगल सन 1956 में नगर पालिका के गठन के बाद से ही होली के बाद चैत्र कृष्ण पक्ष चतुर्थी के दिन लगाया जाता है जो दंगल राजाखेड़ा में जंगल चौथ के नाम प्रसिद्ध है। इस जंगल में अनेक प्रांतो के पहलवान कुश्ती लड़ने के लिए आते हैं और अच्छी इनाम भी पातें हैं। बैठक की अध्यक्षता उपखंड अधिकारी सुशीला देवी ने की। बैठक में तहसीलदार दीप्ति देव, अधिशाशी अधिकारी नगर पालिका देवेंद्र तिवारी, जेईन दयाल सिंह बघेल, पूर्व अध्यक्ष नगर पालिका वीरेंद्र सिंह जादौन व राजाखेड़ा के दर्जनों व्यक्ति उपस्थित रहे।

## पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने कौलारी थाने का किया औचक निरीक्षण, दिए आवश्यक दिशा-निर्देश



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान ने बुधवार देर शाम कौलारी पुलिस थाने का औचक निरीक्षण कर थानाधिकारी सहित पुलिस स्टाफ को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर की हवालात, अभिलेख, सीसीटीवी नियंत्रण कक्ष, मालखाना एवं विभिन्न शाखाओं का जायजा लिया तथा थाना भवन की साफ-सफाई व्यवस्था का भी अवलोकन किया। पुलिस अधीक्षक ने ड्यूटी पर तैनात अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली तथा रात्रि गश्त में किसी प्रकार की ढिलाई नहीं बरतने के निर्देश दिए। उन्होंने अपराध नियंत्रण के लिए सक्रिय रात्रि गश्त, पेट्रोलिंग रूट्स को मजबूत करने, अपराधियों की गिरफ्तारी सुनिश्चित करने एवं संवेदनशील स्थानों पर विशेष निगरानी रखने के निर्देश दिए। साथ ही लंबित प्रकरणों के शीघ्र निस्तारण, पुलिस गश्त व्यवस्था को सुदृढ़ करने एवं आमजन के साथ समन्वय स्थापित करने पर भी जोर दिया गया। इस दौरान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शिकाऊ प्रकोष्ठ हवा सिंह, वृताधिकारी वृत्त सैंपऊ अनूप सिंह तथा थानाधिकारी कौलारी हरिनारायण मीणा सहित थाना स्टाफ उपस्थित रहा।

## धौलपुर में राज सखी सरस मेला जारी, महिला स्वयं सहायता समूहों के उत्पादों की बढ़ी मांग



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला प्रशासन व राजस्थान ग्रामीण आजीविका विकास परिषद (राजीविका) के संयुक्त तत्वावधान में इंदिरा गांधी स्टेडियम की बड़ी फील्ड में आयोजित सात दिवसीय 'राज सखी सरस मेला 2026' उत्साहपूर्वक जारी है। 21 से 27 फरवरी तक चल रहे इस मेले में ग्रामीण क्षेत्रों की महिला स्वयं सहायता समूहों द्वारा तैयार हस्तनिर्मित उत्पादों की प्रदर्शनी एवं विक्रय किया जा रहा है। मेले में 60 से अधिक स्टॉल लगाए गए हैं, जहां महिलाओं द्वारा तैयार पारंपरिक हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई युक्त वस्त्र, घरेलू सज्जा सामग्री, प्राकृतिक उत्पाद, हस्तनिर्मित आभूषण तथा खाद्य सामग्री जैसे पापड़, मसाले एवं अचार की बिक्री की जा रही है। 23 फरवरी तक मेले में 4 लाख रुपये से अधिक की बिक्री दर्ज की जा चुकी है। मेले में प्रतिदिन शाम को लोक नृत्य, राजस्थानी गीत-संगीत एवं अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। वहीं 25 फरवरी को शाम 7 बजे विशेष कवि सम्मेलन का आयोजन भी प्रस्तावित है।

## हादसे में जालोर एडीएम के ड्राइवर गणपतसिंह की मौत

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** कोतवाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत बिशनगढ़ जालोर मार्ग पर नेशनल हाईवे 325 से जालोर की ओर बायपास मार्ग पर मंगलवार सुबह वाहन की टक्कर से अतिरिक्त जिला कलेक्टर जालोर के वाहन चालक गणपतसिंह बालावत निवासी बिशनगढ़ की मौत हो गई। कोतवाली थाना में परिजनों की ओर से दी गई रिपोर्ट के अनुसार बिशनगढ़ से जालोर आने के दौरान 325 बायपास जालोर की ओर वाहन के टक्कर मारने से गंभीर घायल हो गए, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद परिजन उदयपुर लेकर जा रहे थे, इस दरम्यान सिरोही के पास उन्हें एक अस्पताल में चेकअप कराया, जहाँ डॉक्टर ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। जिसके बाद परिजन जालोर लेकर आए। जालोर में शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया। जानकारी के अनुसार गणपतसिंह जालोर से बिशनगढ़ हर रोज ड्यूटी पर आते जाते थे, वे अपने गांव बिशनगढ़ ही रहते थे। जानकारी के अनुसार मंगलवार सुबह गणपतसिंह जल्दी किसी कार्य के चलते बाइक लेकर रवाना हुए और हादसा हो गया। जिसमें उनकी मौत हो गई। कोतवाली पुलिस के कालूराम ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम पर परिजनों को सुपुर्द कर दिया।

## स्वच्छता अभियान के दावों की खुली पोल

### वार्ड 26 में नहीं पहुंच रहा घर-घर कचरा वाहन, भड़के लोग

जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर(निस)।** एक ओर नगर पालिका स्वच्छ सर्वेक्षण के तहत शहर में जागरूकता अभियान चला रही है। दूसरी ओर जमीनी हकीकत इसके उलट नजर आ रही है। वार्ड संख्या 26 के अंजलि नगर, फ्रेंड्स कॉलोनी सहित आसपास के क्षेत्रों में कई दिनों से घर-घर कचरा संग्रहण वाहन नहीं पहुंचने से वार्डवासी आक्रोशित हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि नियमित कचरा उठाव नहीं होने से गली-मोहल्लों में कचरे के ढेर लगने लगे हैं। इससे दुर्गंध फैल रही है और बीमारी का खतरा भी बढ़ रहा है। नागरिकों ने आरोप लगाया कि बार-बार शिकायत के बावजूद व्यवस्था में सुधार नहीं हुआ। मामले को लेकर निवृत्तमान पार्षद नरेश कुमावत ने अधिशासी अधिकारी नरपत सिंह राजपुरोहित को पत्र सौंपकर वार्ड में नियमित कचरा संग्रहण सुनिश्चित करने की मांग की है। उन्होंने पत्र में उल्लेख किया कि ठेकेदार की लापरवाही के कारण वार्डवासियों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है,इसलिए संबंधित ठेकेदार को पाबंद किया जाए। वार्डवासियों का कहना है कि यदि शीघ्र व्यवस्था नहीं सुधरी तो वे सामूहिक रूप से पालिका कार्यालय पहुंचकर विरोध दर्ज कराएंगे। स्वच्छता के दावों के बीच वार्ड 26 की स्थिति ने पालिका की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन कब तक स्थिति सुधारने के लिए ठोस कदम उठाता है।

## सम्पादकीय

## महिलाओं से जुड़े मामलों में जजों की संवेदनशीलता पर सवाल

महिलाओं के खिलाफ यौन हिंसा से जुड़े मामलों में कई बार सामाजिक धारणाओं पर पितृसत्तात्मक सोच से संचालित मानसिकता हावी होती है। इसमें कोई दोराय नहीं कि किसी भी तरह के अन्याय के बाद न्याय के लिए न्यायपालिका ही उम्मीद का ठौर होती है। अदालतों में बैठे न्यायाधीश यह सुनिश्चित करते हैं कि पीड़ित पक्ष के साथ इंसाफ हो। मगर कई बार ऐसे मामले भी चर्चा और चिंता का कारण बने हैं, जिनमें महिलाओं के खिलाफ अपराधों से जुड़े मुकदमों में किसी जज की टिप्पणी या उनके फैसले को न्याय की अवधारणा पर पूर्वाग्रह हावी होने के तौर पर देखा गया। इस क्रम में कानूनी प्रावधानों की व्याख्या करते हुए जो कहा गया, उसमें संवेदनशीलता का अभाव नजर आया। शायद यही वजह है कि पिछले हफ्ते सुप्रीम कोर्ट को जजों के दृष्टिकोण में जरूरी संवेदनशीलता विकसित करने के लिए अलग से प्रयास करने पर जोर देना पड़ा। शीर्ष अदालत की पीठ ने स्पष्ट रूप से कहा कि न्यायपालिका के सदस्यों के दृष्टिकोण के साथ ही अदालती प्रक्रियाओं में अंतर्निहित संवेदनशीलता और विवेक विकसित करने के लिए कदम उठाने की जरूरत है। हालांकि समय-समय पर शीर्ष अदालत की ओर से न्यायाधीशों के दृष्टिकोण पर रूढ़िवादी सोच हावी होने से उपजे सवालों से निपटने के लिए कदम उठाए गए हैं। वर्ष 2023 में एक पुस्तिका भी इस उद्देश्य से तैयार की गई थी कि न्यायाधीश पितृसत्तात्मक भाषा को पहचान कर उससे बच सकें। मगर इस सबका कोई ठोस असर सामने नहीं आ सका है। इसी के मद्देनजर सुप्रीम कोर्ट ने अब राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी को यौन हिंसा और अन्य अपराधों के संदर्भ में न्यायाधीशों तथा न्यायिक प्रक्रिया के भीतर संवेदनशीलता एवं करुणा विकसित करने के उद्देश्य से दिशा-निर्देश तैयार करने के लिए एक विशेषज्ञ समिति गठित करने को कहा है।

## लगातार कठिन होता संसद का चलना

*यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र संसद के अनुकूल है या नहीं, उन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि। इसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है। चुनाव आयोग को उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा भी की जा सकती है। जो भी हो, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के बाद से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते, लिहाजा उन्होंने यह निर्णय लिया है। यही बात किसी सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है।*

*लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को बहस होने की संभावना है। उसी दौरान यह पता चलेगा कि राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होता है या नहीं? चूंकि लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यह बात सब्सटेंसिव मोशन पर लागू नहीं होती। बहुमत के आधार पर राजग राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर सकता है। हालांकि*



भारत की राजनीति आज ऐसी अवस्था में पहुंच गई है, जिसकी कल्पना नहीं की जाती थी। यह भारत के संसदीय इतिहास की अत्यंत गंभीर स्थिति है, जब लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस दिया गया, तो उसके समानांतर विपक्ष के नेता राहुल गांधी के विरुद्ध सब्सटेंसिव मोशन। राहुल गांधी के विरुद्ध भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा अध्यक्ष को पत्र लिखकर सब्सटेंसिव मोशन लाने की मांग की है। भाजपा ने पहले राहुल गांधी के विरुद्ध विशेषाधिकार हनन का प्रस्ताव लाने की बात की थी, किंतु अब सब्सटेंसिव मोशन लाने की पहल की है। सब्सटेंसिव मोशन विशेषाधिकार हनन से ज्यादा गंभीर होता है। सब्सटेंसिव मोशन स्वतंत्र प्रस्ताव होता है, जिसमें किसी सांसद के विरुद्ध स्पष्ट निर्णय सामने आता है। इस प्रस्ताव पर बहस और मतदान होता है तथा पारित होने पर सदन का आधिकारिक रुख और मत प्रकट होता है।

यानी संबंधित सांसद का आचरण और चरित्र संसद के अनुकूल है या नहीं, उन्हें सांसद होना चाहिए या नहीं, उन्हें भविष्य में चुनाव लड़ने देना चाहिए या नहीं आदि। इसके आधार पर उनके खिलाफ कार्रवाई हो सकती है और सदन की सदस्यता भी जा सकती है। चुनाव आयोग को उन्हें चुनाव लड़ने से प्रतिबंधित करने की अनुशंसा भी की जा सकती है। जो भी हो, अविश्वास प्रस्ताव का नोटिस मिलने के बाद से लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने सदन में आना बंद कर दिया। अविश्वास प्रस्ताव के बाद बहस और परिणाम तक लोकसभा अध्यक्ष सदन की कार्यवाही की अध्यक्षता नहीं कर सकते, लिहाजा उन्होंने यह निर्णय लिया है। यही बात किसी सांसद या विपक्ष के नेता पर लागू नहीं होती। विशेषाधिकार हनन प्रस्ताव या सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होने के बावजूद संबंधित सदस्य हिस्सा ले सकते हैं। उन्हें अपना पक्ष रखने का समय दिया जा सकता है।

लोकसभा अध्यक्ष के विरुद्ध अविश्वास प्रस्ताव पर नौ मार्च को बहस होने की संभावना है। उसी दौरान यह पता चलेगा कि राहुल गांधी के खिलाफ सब्सटेंसिव मोशन स्वीकृत होता है या नहीं? चूंकि लोकसभा में भाजपा नेतृत्व वाले राजग को बहुमत है इसलिए ओम बिरला के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव गिर जाएगा। यह बात सब्सटेंसिव मोशन पर लागू नहीं होती। बहुमत के आधार पर राजग राहुल गांधी के विरुद्ध कार्रवाई का प्रस्ताव पारित कर सकता है। हालांकि कांग्रेस में उनके समर्थकों में इससे कोई परेशानी नहीं दिखाई देती। उलटे वे यह कहते हुए प्रफुल्ल हैं कि संसद में एजेंडा तो राहुल गांधी ही सेट कर रहे हैं और अब सब्सटेंसिव मोशन के बहाने बहस भी उन्हीं के इर्द-गिर्द रहेगी। इससे सहज से अनुमान लगाया जा सकता है कि राहुल गांधी और उनके इर्द-गिर्द के रणनीतिकार किस दिशा में जा रहे हैं। अगर उनकी नजर में यही सही अर्थों में राष्ट्रीय एजेंडा निर्धारित करना है तो ऐसी कांग्रेस का भगवान ही मालिक है। राहुल गांधी अपने राष्ट्रीय दायित्वों की पूर्ति नहीं कर पा रहे हैं। लगता है कि कांग्रेस के नेता चाहते हैं कि राहुल गांधी के खिलाफ कार्रवाई हो, ताकि लोगों में उनके प्रति सहानुभूति पैदा हो और वे इसका राजनीतिक लाभ उठाने की कोशिश करें, लेकिन कांग्रेस के लोग जिस तरह लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के विरुद्ध अभियान चलाते रहे हैं उसका क्या? उनकी बेटी के सिविल सर्विस पास होने तक पर प्रश्न उठाए गए थे? कांग्रेस की महिला सांसदों द्वारा उनको लिखा गया पत्र तो और शर्मनाक है। कांग्रेस के सांसद लोकसभा अध्यक्ष के लिए ऐसी कठिन स्थिति पैदा करने की कोशिश करते हैं कि उन्हें फैसला लेने में ही समस्या हो। ओम बिरला यहां व्यक्ति नहीं लोकसभा अध्यक्ष जैसे गरिमापूर्ण पद पर हैं।

उनसे व्यक्तिगत मतभेद हो सकता है, उनसे नापसंदगी भी होगी, पर पद का सम्मान करने और विश्वास करने का प्राथमिक दायित्व भी नेता और संसद न निभाएं, तो यह शर्मनाक है। अगर राहुल गांधी के समर्थकों को लगता है कि संसद में चर्चा और बहस का एजेंडा सेट करना ही बड़ी राजनीतिक उपलब्धि है, तो कुछ दिन पहले एसआइआर एवं चुनाव आयोग के संदर्भ में भी उन्होंने ऐसी ही स्थिति पैदा की थी। उन्होंने अपनी ओर से पूरी तैयारी के साथ एसआइआर और चुनाव आयोग को कठघरे में खड़ा किया, बिहार में वोटर अधिकार यात्रा की, लेकिन बिहार चुनाव परिणाम में उन्हें मुंह की खानी पड़ी। महाराष्ट्र चुनाव में अदाणी मुद्दा उनके लिए सर्वोपरि था, लेकिन वहां भी करारी हार हुई।

लोकसभा अध्यक्ष ने कांग्रेस के सांसदों का निलंबन तब किया, जब वे वेल में जाकर लगातार अध्यक्ष की ओर कागज फेंक रहे थे, कोई आदेश या नियमन नहीं मान रहे थे। सदन संचालन के नियम और परंपरा हैं। उन्हें रौंदने पर उतारू लोगों के विरुद्ध अध्यक्ष को फैसला करना ही पड़ेगा।

## दूर किए जाएं माओवाद के उभार के कारण

*केंद्र और राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास की नीतियों के तहत राज्य सरकारें आत्मसमर्पित माओवादियों को आवश्यक लाभ देकर उनके पुनर्वास की कार्रवाई कर रही है। सरकार की नीतियों में विश्वास कायम रखने के लिए यह जरूरी भी है, परंतु यह भी आवश्यक है कि उन सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर किया जाए, जिनके कारण माओवादियों ने ग्रामीणों को अपने पक्ष में कर लिया था। इनमें से सबसे जरूरी है दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता। बस्तर क्षेत्र में बहुत से आदिवासी आयरन की कमी ग्रस्त हैं और उन्हें समय पर दवाई नहीं मिल पाती। उन्हें पीने का साफ पानी भी नहीं मिलता। इसलिए जरूरी है कि ग्रामीणों के बीच मोबाइल एंबुलेंस चला कर दवाइयों का वितरण किया जाए। चूंकि अंदरूनी इलाकों में कई सुरक्षा कैंप स्थापित हैं, इसलिए प्रारंभ में इन कैंपों से ही स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जाएं।*

कम्युनिस्ट पार्टी आफ इंडिया (माओवादी) अब बिखरने की कगार पर है। यह संगठन 2012 से ही दंडकारण्य में लगातार कमजोर हो रहा था, लेकिन कुछ समय पहले उसे तगड़ा झटका लगा। अपनी कार्यनीति में बदलाव कर अगस्त 2024 से माओवादियों ने अपने आप को बचाने का प्रयास किया, परंतु वे सफल नहीं हो सके। जैसे-जैसे सुरक्षा बलों ने उनके इलाकों में सुरक्षा कैंप बढ़ाने शुरू किए, वैसे-वैसे माओवादियों को आश्रय लेने एवं विचरण करने वाले स्थलों को छोड़ना पड़ा।

मई 2025 में माओवादी पार्टी के महासचिव बसवराजू के मारे जाने और अक्टूबर 2025 में पोलित ब्यूरो सदस्य वेणुगोपाल उर्फ सोनू एवं केंद्रीय कमेटी सदस्य रूपेश द्वारा करीब 260 साथियों के साथ समर्पण करने के बाद संगठन लगभग बिखर गया। इनमें उत्तर बस्तर, पूर्व बस्तर, गढ़चिरौली और अबूझमाड़ के माओवादी थे। उनके समर्थन में गरियाबंद-धमतरी के माओवादियों ने भी आत्मसमर्पण कर दिया और दिसंबर में महाराष्ट्र-मध्य प्रदेश-छत्तीसगढ़ स्पेशल जोन के प्रभारी रामदेर और सचिव कबीर ने भी अपने साथियों के साथ आत्मसमर्पण कर दिया।

लंबे समय तक मिलिट्री बटालियन का कमांडर रहा हिड़मा माडवी आंध्र में एक मुठभेड़ में मारा गया। अभी गत दिवस केंद्रीय कमेटी के देवजी और संग्राम ने भी आत्मसमर्पण कर दिया। माओवादियों की खस्ता हालत देखकर लगता नहीं कि सशस्त्र आंदोलन के पुनर्जीवित होने के कोई आसार हैं। इसलिए जरूरी है कि जहां आंदोलन खत्म हो गया या दक्षिण-पश्चिम बस्तर जहां आंदोलन काफी कमजोर है, वहां सरकार को उस खालीपन को विकास से भरने की जरूरत है, जहां माओवादी विकास में अवरोध बने हुए थे।

केंद्र और राज्य की आत्मसमर्पण एवं पुनर्वास की नीतियों के तहत राज्य सरकारें आत्मसमर्पित माओवादियों को आवश्यक लाभ देकर उनके पुनर्वास की कार्रवाई कर रही है।



सरकार की नीतियों में विश्वास कायम रखने के लिए यह जरूरी भी है, परंतु यह भी आवश्यक है कि उन सामाजिक-आर्थिक असमानताओं को दूर किया जाए, जिनके कारण माओवादियों ने ग्रामीणों को अपने पक्ष में कर लिया था। इनमें से सबसे जरूरी है दूरस्थ इलाकों में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता।

बस्तर क्षेत्र में बहुत से आदिवासी आयरन की कमी ग्रस्त हैं और उन्हें समय पर दवाई नहीं मिल पाती। उन्हें पीने का साफ पानी भी नहीं मिलता। इसलिए जरूरी है कि ग्रामीणों के बीच मोबाइल एंबुलेंस चला कर दवाइयों का वितरण किया जाए। चूंकि अंदरूनी इलाकों में कई सुरक्षा कैंप स्थापित हैं, इसलिए प्रारंभ में इन कैंपों से ही स्वास्थ्य सेवाएं संचालित की जाएं।

माओवादियों ने प्रभावित इलाकों में कई तालाब और कुएं खोदे और जमीनों का समतलीकरण कर उन्हें खेती लायक बनाने में आदिवासियों की सहायता की। इससे उन्हें काफी फायदा मिला, क्योंकि उनकी कथित जनताना सरकार का मुख्य उद्देश्य ग्रामीणों का भला करना नहीं, बल्कि उन्हें युद्ध के लिए तैयार करना था। यही उद्देश्य सभी माओवादी गुटों का भी था, चाहे वह दंडकारण्य आदिवासी किसान मजदूर संघ हो, क्रांतिकारी आदिवासी महिला संगठन हो या चेतना नाट्यमंच। अब शासन का कर्तव्य बन जाता है कि वह ग्रामीणों को अच्छे बीज उपलब्ध कराए और सिंचाई के साधनों में सुधार करे, ताकि ग्रामीणों को पर्याप्त फसल मिल सके। तमाम आदिवासी वन-उपज पर निर्भर हैं। शासन ने तेंदूपत्ता और कई वन उपज के न्यूनतम मूल्य में वृद्धि की है, परंतु इमली, चिरौंजी और महुआ जैसी उपज के लिए बाजार उपलब्ध कराना भी जरूरी है।

तीसरा महत्वपूर्ण कार्य शिक्षा के संबंध में है। माओवादियों ने कई जगहों पर क्रांतिकारी जनताना सरकार स्कूल खोलकर ग्रामीण बच्चों को वामपंथी शिक्षा दी

## भारत-अमेरिका के व्यापार समझौते की राह

अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट की ओर से ट्रंप की टैरिफ नीति को अवैधानिक करार देने के उपरांत भारत और अमेरिका के बीच संभावित व्यापार वार्ता टलने के बाद वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने जिस तरह यह कहा कि फिलहाल टैरिफ में बदलाव को लेकर कुछ कहना कठिन है, उससे इसे लेकर सुनिश्चित नहीं हुआ जा सकता कि अमेरिका से व्यापार समझौता कब होगा? जब अमेरिकी राष्ट्रपति ने 25 प्रतिशत टैरिफ घटाकर 18 प्रतिशत करने एवं रूस से तेल खरीदने के कारण लगाए गए अतिरिक्त 25 प्रतिशत टैरिफ को खत्म करने की घोषणा की थी और उसके बाद दोनों देशों की ओर से व्यापार समझौते को लेकर संयुक्त बयान जारी किया गया था तो



माना जा रहा था कि मार्च में यह समझौता हो जाएगा। फिर मार्च के स्थान पर अप्रैल में समझौता होने की संभावना व्यक्त की गई, लेकिन अमेरिकी सुप्रीम कोर्ट के फैसले से चिढ़े ट्रंप की ओर से सभी देशों पर पहले 10 और फिर 15 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा के बाद व्यापार समझौते को लेकर संशय पैदा हो गया है। फिलहाल न तो यह कहा जा सकता है कि अमेरिका के साथ अंतरिम व्यापार समझौता कब होगा और न ही यह कि इस समझौते की टैरिफ दरें क्या होंगी? यह ठीक है कि वाणिज्य मंत्रालय बदले हालात की समीक्षा कर रहा है, लेकिन बहुत कुछ ट्रंप प्रशासन के रवैये पर निर्भर करेगा, जिसके स्थिर रहने का ठिकाना नहीं। इन स्थितियों में भारत के लिए उचित यही होगा कि वह अन्य देशों से व्यापार समझौते संबंधी वार्ताओं को गति प्रदान करे। इसके अतिरिक्त ब्रिटेन, न्यूजीलैंड, ओमान, यूरोपीय संघ आदि के साथ जो व्यापार समझौते हो चुके हैं, उन्हें अंतिम रूप देने का काम यथाशीघ्र किया जाए। यह सही है कि भारत समेत अन्य देशों के लिए अमेरिका एक बड़ा बाजार है और उसके साथ व्यापार समझौता भारतीय कारोबारियों के साथ-साथ देश की अर्थव्यवस्था के हित में है, लेकिन भारत को अपने उत्पादों एवं सेवाओं की खपत के लिए अन्य विकल्प तलाशने का काम प्राथमिकता के आधार पर करते रहना चाहिए। इसमें इसलिए ढील देना उचित नहीं होगा कि अंततः अमेरिका से व्यापार समझौता होना ही है। भारत के हित में यही है कि उसके उत्पादों की खपत विश्व के अधिक से अधिक देशों में हो। भारत को अपने उत्पादों के लिए अमेरिका के अतिरिक्त अन्य देशों को अनुकूल बाजार के रूप में इसलिए भी खोजना चाहिए

## राजकीय महाविद्यालय बनीपार्क में 'राजस्थान राज्य महिला नीति-2021' पर व्याख्यान



जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** राजकीय महाविद्यालय, बनीपार्क में राजस्थान राज्य महिला नीति-2021 के प्रावधानों के अंतर्गत ग्रामीण परिवेश की बालिकाओं के सशक्तिकरण व उनके उज्ज्वल भविष्य विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य छात्राओं को महिला नीति के विभिन्न प्रावधानों तथा उनसे प्राप्त होने वाले अवसरों की जानकारी प्रदान करना था। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की वंदना के साथ हुई। कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य प्रो. कंचन सोनी ने की। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि राज्य सरकार की ओर से संचालित योजनाएं ग्रामीण क्षेत्र की बालिकाओं के लिए शिक्षा, आत्मनिर्भरता एवं रोजगार के नए अवसर प्रदान कर रही हैं। उन्होंने छात्राओं को महिला नीति के माध्यम से उपलब्ध सुविधाओं का लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। व्याख्यान के दौरान वक्ताओं ने ग्रामीण परिवेश में उच्च शिक्षा व रोजगार के बढ़ते अवसरों पर प्रकाश डाला तथा छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने का संदेश दिया। कार्यक्रम के अंत में धन्यवाद ज्ञापन संकाय सदस्य गुरविंदर सिंह ने प्रस्तुत किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संकाय सदस्य व बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

## दादू वाणीजी की शोभायात्रा में उमड़ा जनसैलाब

### जगह जगह पर भव्य स्वागत

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** संत दादू दयाल महाराज की जयंती के अवसर पर दादू वाणीजी की भव्य व विशाल शोभायात्रा गाजे बाजे व लवाजमे के साथ निकाली गई। शोभायात्रा के दौरान वाणीजी व दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज का जगह जगह पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। शोभायात्रा में महिलाएं व पुरुष भक्तिमय संगीत पर नृत्य करते हुए चल रहे थे। वहीं अखाड़ों के पट्टे बाजों ने हैरतअंगेज करतब दिखा कर मंत्र मुग्ध कर दिया। शोभायात्रा के दौरान जगह-जगह पर श्रद्धालुओं के लिए जलपान सहित संत पूरण दास महाराज के शिष्यों ने 11 हजार लीटर दही की मेवायुक्त मीठी लस्सी का वितरण किया।



शोभायात्रा के पश्चात महाआरती का आयोजन हुआ। सांय पंगत प्रसादी में हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसादी ग्रहण की। दादू मेले में श्रद्धालुओं ने झूलों का आनन्द लिया व मेले में लगी दुकानों से खरीददारी की।

## परवाल दंपति ने संतों को कंबल व गलीचा वितरण किया

जयपुर टाइम्स

**नरैना(निसं)।** कस्बे में चल रहे विश्व विख्यात दादू मेले में रमतेराम संत पूरण दास महाराज की असीम प्रैरणा से कस्बे के मूल निवासी हाल जयपुर निवासी शिव भक्त रामचरण-चन्द्रकांता परवाल दंपति ने द्वारका प्रसाद मोदानी, दिनेश मोदानी व गिरिराज मोदानी के सहयोग से आचार्य चन्द्रशेखर दाधीच की अगुवाई में दो दर्जन अखाड़ों में जाकर संतों को मखमली कंबल व गलीचा वितरण कर भेंट अर्पित कर आशीर्वाद लिया। अखाड़ों में जाने से पूर्व परवाल दंपति ने दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज को कंबल,गलीचा व भेंट अर्पित करके आर्शीवाद लिया। दादू पीठाधीश्वर ओमप्रकाश दास महाराज ने परवाल दंपति को शॉल ओढ़ाकर आशीर्वाद दिया। बता दें कि संत सेवा में परवाल दंपति सदैव अग्रणी रहते हुए प्रतिवर्ष जयपुर से आकर मखमली कंबल व गलीचा वितरण कर रहे हैं। इस दौरान गौरव मंत्री, राजेश मंत्री सहित अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।



## सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी विकास संस्था की बैठक




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** रींगस रोड स्थित सैनी समाज कर्मचारी व अधिकारी विकास संस्था ब्लॉक चौमूं की मीटिंग सैनी समाज सभा भवन चौमूं पर अध्यक्ष रामेश्वर प्रसाद सिंगोदिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई। जिसमें संस्था के नए सदस्य बनाने व संस्था को मजबूती प्रदान करने पर व भावी कार्यक्रमों पर चर्चा की गई। इस अवसर पर प्रदेश महामंत्री मदनलाल सैनी, अशोक कुमार प्रदेश संयुक्त सचिव, करण सिंह सैनी प्रदेश महासचिव, मेघराज सैनी आईटी सेल, संरक्षक मदनलाल मालेरिया, सुवालाल सिंगोदिया, सुरेश कुमार ब्लॉक महामंत्री, जगदीश प्रसाद कोषाध्यक्ष, बाबूलाल तंवर संगठन मंत्री, महेंद्र कुमार, सीताराम, कैलाश चंद्र, सुरेश सैनी, गोपाल बांसा, प्रवीण कुमार सैनी, हीरालाल आदि सदस्य उपस्थित रहे।

# बिजौली गौशाला का निरीक्षण, व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के दिए निर्देश

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** बिजौली स्थित गौशाला का निरीक्षण कर वहां संचालित व्यवस्थाओं का विस्तार से जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने गौशाला में संरक्षित गौवंश के रख-रखाव, चारा-पानी, साफ-सफाई, चिकित्सा सुविधा, आश्रय व्यवस्था तथा रिकॉर्ड संधारण की स्थिति की गहन समीक्षा की। जिला कलक्टर श्रीनिधि बी टी ने गौशाला परिसर का भ्रमण कर पशुओं के लिए उपलब्ध हरे एवं सूखे चारे की मात्रा और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि गौवंश को नियमित एवं संतुलित आहार उपलब्ध कराया जाए तथा चारे के भंडारण की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाए, ताकि किसी भी परिस्थिति में चारे की कमी न हो। उन्होंने स्वच्छ एवं पर्याप्त पेयजल की उपलब्धता पर विशेष जोर देते हुए जल टंकियों की नियमित सफाई के निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि वर्तमान में नंदीशाला में 125 नंदी है नंदीशाला की क्षमता 500 नंदियों के है। उन्होंने पशुपालन अधिकारी को निर्देश देते हुए कहा कि शहरी क्षेत्रों में घूम रहे निराश्रित नंदियों को नगर परिषद के सहयोग से बिजौली नंदीशाला में व्यवस्थित किया जाना सुनिश्चित करें। निरीक्षण के दौरान कलक्टर ने पशु चिकित्सकीय सुविधाओं की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौवंश का नियमित स्वास्थ्य परीक्षण, टीकाकरण एवं उपचार समयबद्ध रूप से किया जाए। बीमार अथवा कमजोर पशुओं के लिए पृथक देखभाल की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि पशुओं के स्वास्थ्य से किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार्य नहीं होगा। कलक्टर ने गोबर के वैज्ञानिक निस्तारण, वर्मी कम्पोस्ट व जैविक खाद निर्माण की संभावनाओं को विकसित करने पर जोर दिया, ताकि गौशाला आत्मनिर्भरता की दिशा में आगे बढ़ सके। इसके साथ ही उन्होंने गर्मी के मौसम को ध्यान में रखते हुए शेड, छायादार स्थान एवं वेंटिलेशन की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौशालाओं का बेहतर संचालन केवल प्रशासन की ही नहीं, बल्कि समाज की भी सामूहिक जिम्मेदारी है। कलेक्टर ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को निर्देशित किया कि गौशाला की व्यवस्थाओं की समय-समय पर मॉनिटरिंग की जाए तथा आवश्यकतानुसार सुधारात्मक कदम उठाए जाएं। निरीक्षण के दौरान पशुपालन अधिकारी व गौशाला प्रबंधन समिति के सदस्य उपस्थित रहे।



## रातल्या गांव में एसटीपी पाइप लाइन टूटी, ग्रामीण परेशान



जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सांगानेर के डिग्गी-मालपुरा रोड स्थित रातल्या गांव में सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) की पाइपलाइन टूटने से हालात गंभीर हो गए हैं। पिछले 20 दिनों से गांव के मुख्य आबादी क्षेत्र में गंदा और बदबूदार पानी खुले में बह रहा है, जिससे ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। इस गंदे पानी के कारण पूरे गांव में तीव्र दुर्गंध फैल गई है, जिससे मुख्य रास्तों से गुजरना भी मुश्किल हो गया है। ग्रामीणों का आरोप है कि प्लांट की लाइन में लीकेज के कारण कल- कारखानों का दूषित पानी एक स्थान पर जमा हो रहा है। स्थानीय निवासी गिर्राज राणा ने बताया कि गंदे पानी में मच्छरों की संख्या बढ़ गई है, जिससे छोटे बच्चे बीमार पड़ रहे हैं। करीब दो वर्ष पूर्व जब यह एसटीपी प्लांट स्थापित किया गया था, तब भी ग्रामीणों ने इसका विरोध किया था, लेकिन जेडीए और एसटीपी एसोसिएशन ने उनकी बात नहीं सुनी थी। ग्रामीणों ने एसोसिएशन और संबंधित अधिकारियों को कई बार इस समस्या से अवगत कराया है, लेकिन अब तक कोई समाधान नहीं हुआ है। गांव की गलियां तालाब में बदल रही हैं और बदबू के कारण लोग अपने घरों में रहने को मजबूर हैं। प्रदूषण और गंदगी से परेशान ग्रामीणों ने अब कानूनी लड़ाई लड़ने का फैसला किया है। वे जल्द ही प्रदूषण बोर्ड और एसोसिएशन के खिलाफ राजस्थान उच्च न्यायालय में जनहित याचिका दायर करेंगे। ग्रामीणों ने यह भी चेतावनी दी है कि यदि समय रहते समाधान नहीं हुआ तो वे आंदोलन करेंगे। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि टूटी हुई पाइपलाइन की तुरंत मरम्मत कराई जाए और गांव को प्रदूषण मुक्त किया जाए, ताकि लोग स्वच्छ वातावरण में सांस ले सकें और बच्चों का स्वास्थ्य सुरक्षित रहे।

## स्वच्छता और स्वास्थ्य पर जागरूकता कार्यक्रम

जयपुर टाइम्स

**सांगानेर(निस)।** पंचायत समिति सागानेर के वाटिका मे नंदी कम्युनिटी वाटर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से एक सुनहरी पहल के तहत राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत विद्यालय, वाटिका सांगानेर तथा महात्मा गांधी राजकीय विद्यालय तेतर वालों की ढाणी स्कूल में स्वच्छता व स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कंपनी के असिस्टेंट मैनेजर धनराज मीणा ने छात्र-छात्राओं को स्वच्छता और स्वास्थ्य के लिए अच्छी आदतें अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बताया कि खाने से पहले, शौचालय के बाद तथा किसी भी कार्य के बाद हमेशा साबुन और स्वच्छ पानी से हाथ धोना चाहिए। इसके अलावा प्रतिदिन ब्रश करना, नियमित स्नान करना, नाखून छोटे रखना तथा बीमारियों से बचाव के लिए फिल्टर या उबला हुआ पानी पीना आवश्यक है। इन आदतों को अपनाने से बच्चों के स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ेगा। कार्यक्रम में टीओ रामप्रसाद शर्मा भी उपस्थित रहे। दोनों विद्यालयों के प्राचार्य व स्टाफ ने नंदी कम्युनिटी वाटर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड तथा सभी दानदाताओं का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस पहल को निरंतर जारी रखा जाए, जिससे गरीब रेखा से जुड़े परिवारों के बच्चों को सुरक्षित और शुद्ध पेयजल लगातार मिलता रहे। उल्लेखनीय है कि नांदी कम्युनिटी वाटर सर्विस प्राइवेट लिमिटेड की ओर से राजस्थान के सरकारी विद्यालयों के लगभग 10,000 छात्र-छात्राओं को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है, जो समाज के लिए एक प्रेरणादायक कदम है।




## चौमूं में केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का भव्य शुभारंभ

जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** चौमूं शहर के लोगों को एलोपैथी और आयुर्वेदिक पद्धति के बाद अब होम्योपैथी पद्धति भी रास आने लगी है। लोग होम्योपैथिक पद्धति से अपना इलाज करवाने को आगे आ रहे हैं। इसी को लेकर चौमूं शहर में केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का मुख्य अतिथि पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने फीता काटकर भव्य शुभारम्भ किया।

हॉस्पिटल के डायरेक्टर डॉ. दिनेश श्योराण ने बताया कि 22 फरवरी को प्रातः 11:15 बजे केसरी होम्योपैथिक हॉस्पिटल का शुभारंभ भारत पेट्रोल पंप के सामने, राधा स्वामी बाग, जयपुर रोड चौमूं में किया। हमारे हॉस्पिटल में होम्योपैथी पद्धति से सभी प्रकार के रोगों का इलाज किया जाएगा। हॉस्पिटल निदेशक ने शुभारंभ में पधारे सभी गणमान्य अतिथियों का माला, साफा और रामलला की फोटो भेंट कर स्वागत सम्मान किया। शुभारंभ के अवसर पर जयपुर डेयरी के अध्यक्ष ओमप्रकाश पूनिया, मोडी दुग्ध उत्पादन सहकारी समिति के सचिव रामगोपाल श्योराण, होटल मून वेली उदयपुरिया के निदेशक सुरेश श्योराण, रालोपा विधायक प्रत्याशी छुट्टन यादव, डॉ. हनुमान बराला, डिप्टी प्रदीप शर्मा, डॉ. राकेश यादव, डॉ. सोहन दुसाद, डॉ राहुल, डॉ. अवस्थी, डॉ. महेंद्र, डॉ. प्रदीप यादव, डॉ. नरेंद्र सैनी , डॉ. आर सी यादव, डॉ. विजेश, डॉ. वीरेंद्र शर्मा और डॉ. सपना शर्मा सहित क्षेत्र के कई लोगों ने शिरकत कर बधाई दी।



## पंडित रविंद्र आचार्य बने राष्ट्रीय परशुराम सेवा ब्रह्मवाहिनी के प्रदेश प्रचारक



जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** सामाजिक संगठन राष्ट्रीय परशुराम सेवा (ब्रह्मवाहिनी) ने संगठन का विस्तार करते हुए चौमूं निवासी अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता और तारा ज्योतिष साधना केंद्र के अध्यक्ष पंडित रविंद्र आचार्य को राजस्थान का प्रदेश प्रचारक नियुक्त किया है। यह नियुक्ति संगठन के प्रदेश अध्यक्ष आर.के. अवस्थी की ओर से जारी पत्र के माध्यम से की गई है। नियुक्ति की घोषणा करते हुए प्रदेश अध्यक्ष आर.के. अवस्थी ने कहा कि पंडित रविंद्र आचार्य के अनुभव और उनके आध्यात्मिक सानिध्य से संगठन को नई ऊर्जा मिलेगी। उन्होंने विश्वास जताया कि आचार्य के नेतृत्व में राष्ट्रीय परशुराम सेवा (ब्रह्मवाहिनी) राजस्थान में समाज को एकता की डोर में बांधकर विकास के ऊंचे पायदान पर ले जाने का कार्य करेगी। पंडित आचार्य के मनोनयन की खबर मिलते ही क्षेत्र के ब्राह्मण समाज में खुशी की लहर दौड़ गई है। नियुक्ति की सूचना के बाद से ही बधाई देने वालों का तांता लगा हुआ है। समाज के विभिन्न प्रबुद्ध जनों और शुभचिंतकों ने उन्हें उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं हैं ।

## अपहरण व पोक्सो मामले में 10 हजार का इनामी आरोपी भूपेन्द्र सिंह शाक्य गिरफ्तार

**धौलपुर(निस)।** अपहरण व पोक्सो एक्ट के मामले में पिछले करीब पांच वर्षों से फरार चल रहे 10 हजार रुपये के इनामी आरोपी भूपेन्द्र सिंह शाक्य को धौलपुर पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से ही अपनी पहचान छुपाकर फरारी काट रहा था। जयपुर पुलिस मुख्यालय की ओर से वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए चलाए जा रहे 'ऑपरेशन शिकंजा' अभियान के तहत जिला पुलिस अधीक्षक विकास सांगवान के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक वैभव शर्मा तथा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महिला प्रकोष्ठ हवा सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी सहीराम यादव के नेतृत्व में पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए आरोपी को दस्तयाब किया। पुलिस के अनुसार 25 जून 2021 को महिला थाना धौलपुर में नाबालिग के अपहरण के संबंध में मामला दर्ज किया गया था। प्रकरण में आरोपी भूपेन्द्र सिंह शाक्य लंबे समय से फरार चल रहा था। उसकी गिरफ्तारी के लिए पूर्व में पुलिस टीमों ने सहारनपुर, दिल्ली व आगरा में भी प्रयास किए, लेकिन वह पकड़ में नहीं आ सका। इस पर उसकी गिरफ्तारी के लिए 10 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था।

## खाटूश्यामजी मेला सेवा शिविर में मनाया विश्व स्काउट गाइड चिंतन दिवस

जयपुर टाइम्स

**चौंमू(निस)।** खाटू श्यामजी मेला सेवा शिविर में विश्व स्काउट गाइड चिंतन दिवस मनाया गया। जिसमें मानव श्रृंखला, निबंध प्रतियोगिता, संगोष्ठी, क्विज प्रतियोगिता जन चेतना रैली आयोजित कराई गई। जिसमें जो फर्स्ट सेकंड आए उनको समापन के अवसर पर प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जाएगा। इस मौके पर खाटूश्यामजी प्रधान व जनार्दन शर्मा पलसाना, सचिव पवन कुमार शर्मा, सुबोध कुमार शर्मा, सीताराम गुप्ता, जिला यूथ सचिव रामप्रसाद भास्कर, रचना अग्रवाल, सरोजिनी नायडू स्वतंत्र रेंजर टीम पलसाना लीडर महिमा शर्मा, महेश कुमार, स्काउट व रोवर्स उपस्थित रहे। शिविर संचालक स्थानीय संघ पलसाना सचिव पवन कुमार शर्मा ने विश्व स्काउट एंड गाइड चिंतन दिवस की उपादेयता पर प्रकाश डालते हुए विस्तार से जानकारी दी।



## मदुरै में एआईएफयूसीटीओ का 34 वा राष्ट्रीय अधिवेशन

### प्रो. बनय सिंह उपाध्यक्ष व प्रो. रघुराज परिहार ज़ोनल सेक्रेटरी निर्वाचित

जयपुर टाइम्स

**जयपुर(कास)।** मदुरै (तमिलनाडु) में आयोजित एआईएफयूसीटीओ के 34वें संवैधानिक अधिवेशन में 'भारत में प्रजातांत्रिक, वैज्ञानिक, समावेशी व राज्य वित्त पोषित उच्च शिक्षा की ओर' विषय पर मंथन किया गया। अधिवेशन में देशभर से आए प्रतिभागियों ने उच्च शिक्षा को प्रभावशाली बनाने व समय के साथ प्रासंगिक बनाए रखने को लेकर अपने विचार साझा किए। अधिवेशन के अंतिम दिन प्रोफेसर बनय सिंह (महामंत्री, रुक्टा) को उपाध्यक्ष पद पर तथा प्रोफेसर रघुराज परिहार (अध्यक्ष, रुक्टा) को ज़ोन-6 का ज़ोनल सेक्रेटरी निर्वाचित किया गया। इस अवसर पर प्रो. बनय सिंह ने कहा कि राजस्थान के शिक्षकों की आवाज़ को एआईएफयूसीटीओ के माध्यम से राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाया जाएगा और सामूहिक प्रयासों से शिक्षकों की समस्याओं के समाधान व मांगों की पूर्ति के लिए हरसंभव प्रयास किए जाएंगे। उन्होंने उपाध्यक्ष चुने जाने पर सभी समर्थकों के प्रति आभार व्यक्त किया।




## सुन्दरकाण्ड पाठ व फागोत्सव के पोस्टर का विमोचन




जयपुर टाइम्स

**चौमूं(निस)।** केशव नगर में स्थित बी. एल. शोपिंग मार्ट के पास होली के पावन पर्व पर 2 मार्च सोमवार शाम 7 बजे से पंचम संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं फागोत्सव का आयोजन बड़े हर्ष और उल्लास के साथ मनाया जाएगा। इसको लेकर वार्डवासियों ने कार्यक्रम को लेकर पोस्टर विमोचन किया। नगरवासी शंकर जिंदल ने बताया कि श्याम बाबा का भव्य श्रृंगार व मनमोहक झांकियाँ सजाई जाएगी। साथ ही संगीतमय सुन्दरकाण्ड पाठ एवं फागोत्सव कार्यक्रम आयोजित होगा। इस मौके पर कन्हैया लाल यादव, डॉ. अरुण यादव , गौरी शंकर सोनी ,अरुण जांगिड़, बृजेश शर्मा, डॉ. अनिल शर्मा, नरेंद्र सोनी, कन्हैयालाल सैनी, नरेश कुमार जिंदल, बाबूलाल सिंधी, विनोद जैन, नरेश जिंदल, बाबूलाल सिंधी सहित कई लोग मौजूद रहे।

# श्री चंद्रप्रभु विधान: श्रद्धालुओं ने किया अभिषेक व शांतिधारा

जयपुर टाइम्स

**राजाखेड़ा(निस)।** धौलपुर उपखंड की धर्मनगरी राजाखेड़ा में श्री 1008 चंद्रप्रभु दिगंबर जैन मंदिर, पटवारी गली में श्री चंद्रप्रभु विधान का भव्य आयोजन श्रद्धा एवं भक्तिभाव के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः घटयात्रा के साथ हुई। प्रथम अभिषेक का सौभाग्य अक्षत जैन एवं नवनीत जैन कोठारी को प्राप्त हुआ, वहीं श्रीजी की शांतिधारा शैलेंद्र कुमार बंटी जैन टांक परिवार (आगरा) तथा मुकेश कुमार एवं रवि कुमार जैन नायक परिवार (राजाखेड़ा) की ओर से संपादित की गई। इसके पश्चात श्रावकों ने भक्तिभाव से श्रीजी का अभिषेक एवं विधान की पूजा-अर्चना की। मुकेश जैन पटवारी ने बताया कि चंद्रप्रभु भगवान के मोक्ष कल्याणक के पावन अवसर पर इस विशुद्धि युक्त विधान का आयोजन सौभाग्य का विषय है। विधान पंडित शुभम शास्त्री (ग्वालियर) के निर्देशन में सम्पन्न हुआ। संध्या बेला में बच्चों द्वारा मनमोहक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गईं। इस अवसर पर झम्मनलाल जैन, राकेश जैन, ललित जैन, यश जैन, अंचित जैन, राजाबाबू जैन, विकास जैन, बिजेंद्र जैन, अश्वनी जैन (एडवोकेट), दीपक जैन, प्रदीप जैन, प्रवीण जैन, विवेक जैन, मनोज जैन, संजीव जैन, गौरव जैन, लोकेश राहुल नायक, मक्खनलाल जैन, विजय जैन, नीटू जैन, सतीश कोठारी, विपिन जैन, मुकेश पटवारी, महेशचंद चौधरी, सुरेशचंद सहित सौरव जैन म्यूजिकल ग्रुप व समाज के सैकड़ों महिला-पुरुष व बच्चे उपस्थित रहे।





# ‘लोका 2’ पर कल्याणी प्रियदर्शन ने दिया अपडेट

**पिछले साल मलयालम फिल्म ‘लोका चैप्टर 1’ ने दर्शकों को हैरान किया। फिल्म की कहानी वुमन सुपरहीरो चंद्रा पर थी। बॉक्स ऑफिस पर भी इसने कमाल का कलेक्शन किया। अब इसका दूसरा पार्ट भी बनने वाला है। फिल्म को लेकर लीड एक्ट्रेस कल्याणी प्रियदर्शन ने अपडेट दिया है।**

### जल्द शुरू होगी शूटिंग

हाल ही में एक इवेंट में कल्याणी प्रियदर्शन शामिल हुईं। इस दौरान ही एक्ट्रेस ने ‘लोका 2’ को लेकर बात की। वह कहती हैं, ‘फिल्म ‘लोका 2’ की स्क्रिप्ट पर काम चल रहा है। उम्मीद है कि शूटिंग सितंबर से शुरू होगी। मैं फिल्म का हिस्सा हूं। आप फिल्म का इंतजार करें।’

### क्या थी कहानी?

मलयालम फिल्म ‘लोका’ एक वुमन सुपरहीरो की कहानी थी। इसमें चंद्रा नाम की एक लड़की है, जिसमें पास कुछ सुपरपावर होती हैं। वह बेंगलुरु में रहने आती है और असहाय पुरुष और महिलाओं को मुश्किलों से बचाती है। वह उड़ सकती है, उसके पास लड़ने की असीम क्षमता, ताकत है। इस फिल्म का एक्शन, ड्रामा दर्शकों को पसंद आया है। इस फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर भी अच्छाई कमाई की थी।

### फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर की छप्परफाड़ कमाई

मीडिया रिपोर्ट के अनुसार फिल्म ‘लोका’ का बजट 33 करोड़ रुपये है। इस फिल्म ने भारतीय बॉक्स ऑफिस पर ग्रास 183.96 करोड़ रुपये कमाए थे। इस फिल्म को कई एक्ट्रेस से सराहा। इस पहली वुमन सुपरहीरो मूवी कहा।



# प्रियंका चोपड़ा ने बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने संघर्ष पर चर्चा की

ग्लोबल आइकन प्रियंका चोपड़ा हाल ही में सालाना हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में शिरकत करने पहुंचीं। यहां उन्होंने अपने देश और बॉलीवुड से हॉलीवुड तक पहुंचने के अपने सफर पर चर्चा की। उन्होंने अपने संघर्ष के बारे में बताया। साथ ही वे हॉलीवुड तक पहुंचीं, इसका क्रेडिट ऐश्वर्या राय और इरफान खान सरीखे सितारों को दिया। प्रियंका का कहना है कि इन सितारों ने हॉलीवुड के रास्ते खोले।

### प्रियंका ने शेयर किया इमोशनल नोट

प्रियंका चोपड़ा ने हार्वर्ड इंडिया कॉन्फ्रेंस में बोलते हुए अपने करियर और हॉलीवुड तक के सफर का भी जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने हॉलीवुड में रास्ता बनाने का क्रेडिट ऐश्वर्या राय, इरफान खान और मिंडी कालिंग को दिया। उन्होंने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम अकाउंट से एक पोस्ट भी शेयर किया है। इसमें अपनी करियर जर्नी पर एक इमोशनल नोट लिखा है।

### इन हस्तियों ने दूसरों के लिए रास्ते आसान बनाए

प्रियंका चोपड़ा ने यह स्वीकार किया कि किस तरह एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय, दिवंगत एक्टर इरफान खान और अमेरिकन एक्टर-कॉमेडियन मिंडी कालिंग के सफर ने हॉलीवुड में उनके अपने करियर में योगदान दिया। उन्होंने इन पर्सनैलिटीज को ट्रेलब्लेजर बताया, जिनकी कामयाबियों ने दूसरों के लिए रास्ते तैयार किए। उनके नक्शेकदम पर चलना मुमकिन बनाया।

### प्रियंका ने जाहिर किया उत्साह

प्रियंका चोपड़ा ने साझा किए गए पोस्ट के साथ लिखा है, ‘मेरे दिन की शुरुआत ऐसे हुई। मुझे अपनी सबसे करीबी दोस्तों और बिजनेस पार्टनर अंजुला आचार्य के साथ मशहूर हार्वर्ड बिजनेस स्कूल में इंडिया वीक खत्म करने के लिए एक फायरसाइड कीनोट एड्रेस देना था। टॉपिक था ‘जैसा इंडिया हम सोचते हैं’। यहां ऑडियंस में देखते हुए मेरे मन में बस एक ही ख्याल आया, ‘तुम वही इंडिया हो, जिसकी मैंने कल्पना की थी’। प्रियंका चोपड़ा के वर्क फ्रंट की बात करें तो वे फिल्म ‘वाराणसी’ में नजर आएंगी।



# कैनेडी को लेकर सनी लियोनी के दिल में बैठा डर, अभिनेत्री ने तोड़ी चुप्पी

फिल्म इंडस्ट्री में अक्सर बड़े नामों से जुड़ा प्रोजेक्ट कलाकारों के लिए एक सपने जैसा होता है। ऐसा ही अनुभव अभिनेत्री सनी लियोनी ने साझा किया। अपनी अपकमिंग स्ट्रीमिंग फिल्म ‘कैनेडी’ को लेकर सनी लियोनी ने बताया कि इसका हिस्सा बनने पर उन्हें आखिरी दिन तक यकीन नहीं हो रहा था। उन्हें हमेशा रिप्लेस होने का डर रहा। सनी लियोनी इन दिनों अनुराग कश्यप के निर्देशन में बनी ‘कैनेडी’ की रिलीज को लेकर चर्चा में हैं। इस फिल्म को 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में दिखाया गया था। इसके अलावा, फिल्म ने कई इंटरनेशनल फेस्टिवल्स में सराहना प्राप्त की है। सनी ने कहा, ‘ ‘जब मुझे इस फिल्म का ऑफर मिला, तो मैं काफी हैरान थी। मुझे भरोसा ही नहीं था कि मैं इस फिल्म का हिस्सा बन गई हूं। ट्रायल्स, वर्कशॉप्स और मीटिंग्स सब कुछ होने के बावजूद, मेरे मन में यह डर बना रहा कि कहीं आखिरी समय पर मुझे फिल्म से रिप्लेस न कर दिया जाए।’ ’

उन्होंने कहा, ‘ ‘एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में चीजें पल भर में बदल जाती हैं। मैंने कई बार ऐसा देखा है कि सब कुछ तय होने के बाद भी कलाकार बदल दिए जाते हैं। इसी वजह से मुझे तब तक चैन नहीं मिला, जब तक मैंने सेट पर पहुंचकर कैमरे के सामने शॉट नहीं दिया। पहला सीन शूट होने और फिर अगला सीन शुरू होने के बाद मुझे यकीन हुआ कि अब शायद उन्हें रिप्लेस नहीं किया जाएगा।’ ’ सनी लियोनी ने कहा, ‘ ‘पहला शॉट ओके होने के बाद मेरे मन में एक अलग ही सुकून था। मुझे लगा कि मैंने अपना काम ठीक से किया है और शायद यही वजह है कि टीम अब मुझ पर भरोसा कर रही है।’ ’

फिल्म ‘कैनेडी’ में सनी लियोनी चार्ली नाम की लड़की का किरदार निभा रही हैं। अपने किरदार के एक खास सीन का जिक्र करते हुए सनी ने बताया कि यह सीन एक होटल रूम में शूट हुआ है, जहां मेरा किरदार चार्ली एक पुलिस ऑफिसर का इंतजार करती है। वह डरी हुई है, परेशान है और वहां रहना नहीं चाहती, लेकिन उसे पता है कि आगे क्या होने वाला है। इस सीन में बाथरूम से बाहर आकर चेहरे पर नकली मुस्कान लाना, उनके लिए भावनात्मक रूप से चुनौतीपूर्ण रहा। सनी ने कहा, ‘ ‘यह सीन आम जिंदगी से जुड़ा हुआ है। कई बार हम सब भी ऐसे हालात से गुजरते हैं, जहां अंदर से टूटे हुए होते हैं, लेकिन बाहर से मुस्कुराना पड़ता है। यही वजह है कि यह सीन मेरे लिए बेहद खास है।’ ’




# एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने अजित कुमार के लिए लिखा खास नोट





मलयालम एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर ने हाल ही में तमिल सुपरस्टार अजित कुमार के लिए एक खास नोट शेयर किया है। फिल्म ‘गुड बैड अगली’ में उनके साथ काम कर चुकीं प्रिया उन्हें चीयर करने पहुंची थी। इसी की कुछ तस्वीरें और वीडियो शेयर कर उन्होंने अजित के लिए कुछ खास लिखा। प्रिया ने अबू धाबी के यास मरीना सर्किट से कुछ तस्वीरें और वीडियो इंस्टाग्राम पर शेयर करते हुए लिखा, ‘प्योर पैशन, डिसिप्लिन और निडर समर्पण... जिस तरह वह जिंदगी और रेसिंग दोनों में बेहतरीन बनने की कोशिश करते हैं, वह बेहद प्रेरित करने वाला है। असली महानता अपनी सीमाओं को आगे बढ़ाने, विनम्र रहने और अपने जुनून को कभी न छोड़ने में है। अजित सर, मुझे बुलाने के लिए धन्यवाद! आपके और आपकी शानदार टीम के साथ रहना बहुत खास लगा। हम आपके लिए चीयर कर रहे हैं।’ बता दें, अजित कुमार इन दिनों अपनी रेसिंग टीम के साथ इंटरनेशनल कार रेसिंग प्रतियोगिताओं में हिस्सा ले रहे हैं। प्रिया से पहले तमिल स्टार शिवकार्तिकेयन भी अबू धाबी पहुंचकर अजित और उनकी टीम से मुलाकात कर चुके हैं।

### इस फिल्म में नजर आएंगी प्रिया

एक्ट्रेस प्रिया प्रकाश वारियर हाल ही में निर्देशक अखिल सथ्यान की फिल्म ‘सर्वम माया’ में कैमियो रोल में नजर आई थीं। इस फिल्म में उनके साथ निविन पॉली और रिया शिबू भी अहम भूमिकाओं में थे। अब खबर है कि प्रिया जल्द ही हीस्ट थ्रिलर फिल्म ‘3 मंकीज’ में दिखाई देंगी, जिसे डायरेक्टर जोड़ी अब्बास-मस्तान बना रही है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस मल्टी-स्टारर फिल्म में अर्जुन रामपाल और रानी मुखर्जी समेत कई बड़े नाम शामिल हैं।

# हॉरर-थ्रिलर हुई रजनीश दुग्गल सुपरनैचुरल की वापसी



अपकमिंग बॉलीवुड हॉरर फिल्म का फर्स्ट-लुक पोस्टर आ गया है और इसे देखकर आपके रोंगटे जरूर खड़े हो जाएंगे। फिल्म को ज्योति राज गवाली प्रोड्यूस कर रही हैं। वहीं राज गवाली को-प्रोड्यूसर हैं और निर्देशन की कमान सौरभ चौबे ने संभाली है।

### पोस्टर ने बढ़ाई धड़कनें

पोस्टर में एक पुरानी, आधी खुली लकड़ी की अलमारी से एक रहस्यमयी महिला बाहर आती दिखाई दे रही है। अलमारी के अंदर से निकलती लाल रोशनी उसके खून से सने सफेद गाउन को और डरावना बना रही है। चारों ओर धुआं, गहरे साए और खौफ का माहौल, पूरा सीन किसी डरावने सपने जैसा लगता है। लाल रंग में लिखा फिल्म का टाइटल ‘द वॉर्डरोब’ अंधेरे बैकग्राउंड पर और भी डरावना एहसास दे रहा है।



# अनुराग कश्यप ने ‘निशांची’ को बताया ‘सिनर्स’ से बेहतर

**निर्माता-निर्देशक व अभिनेता अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘कैनेडी’ को लेकर चर्चाओं में हैं। इस बीच अनुराग कश्यप ने अपनी पिछली फिल्म ‘निशांची’ को बनाने पर गर्व जताते हुए इसके स्पेशल इफेक्ट्स को हॉलीवुड फिल्म ‘सिनर्स’ से भी बेहतर बताया है। ‘निशांची’ दो भागों में बंटी एक क्राइम ड्रामा है, जिसमें कानपुर में रहने वाले जुड़वां भाइयों बबलू और डब्लू की कहानी है।**

### अनुराग ने स्पेशल इफेक्ट्स के लिए की रेड चिलीज की तारीफ

बातचीत के दौरान अनुराग ने कहा कि अन्य फिल्म निर्माताओं के साथ काम करते हुए, मैं काम करने की एक नई शैली देख रहा हूं। यह शैली आ रही है और दक्षिण में हर जगह देखने को मिल रही है। वे वहीं पर शूटिंग और एडिटिंग करते हैं। वे एक दिन में एक ही सीन शूट करते हैं और शॉट्स नहीं लेते। मेरे लिए स्पेशल इफेक्ट्स के साथ ‘निशांची’ के दोनों भाग, जिनमें अभिनेता ने दो अलग-अलग तरह की दोहरी भूमिका निभाई है - जिस पर मुझे बहुत गर्व है। स्पेशल इफेक्ट्स के मामले में सिल्वेस्टर और रेड चिलीज ने जो उपलब्धि हासिल की है, वो वाकई कमाल है। मैं गर्व से कह सकता हूं कि यह ‘सिनर्स’ से भी बेहतर है। वे सचमुच दो अलग-अलग लोग हैं और हमने दो महीने के अंतराल पर शूटिंग की। ऐसा नहीं था कि आप कपड़े बदलकर आ गए हों। यह सब वास्तविक था।

### ऑस्कर में ‘सिनर्स’ ने हासिल किए रिकॉर्ड नॉमिनेशन

हॉलीवुड फिल्म ‘सिनर्स’ में माइकल बी जॉर्डन ने दोहरी भूमिका निभाई है, जिसमें उन्होंने जुड़वां भाइयों एलिजा स्मोक मूर और एलियास स्टैक मूर का किरदार निभाया है। इस फिल्म में अपने अभिनय के लिए अभिनेता को अपना पहला ऑस्कर नामांकन मिला। रयान कूगलर द्वारा निर्देशित ‘सिनर्स’ ने 98वें ऑस्कर पुरस्कार समारोह में रिकॉर्ड तोड़ 16 नामांकन हासिल करके इतिहास रच दिया, जो किसी एक फिल्म के लिए अब तक का सबसे अधिक नामांकन है।

### ऐसी है ‘निशांची’ की कहानी




अनुराग कश्यप द्वारा निर्देशित ‘निशांची’ पिछले साल दो भागों में रिलीज हुई थी। इस क्राइम ड्रामा की कहानी कानपुर में रहने वाले दो भाइयों बबलू और डब्लू के ऊपर आधारित है। फिल्म का पहला पार्ट सिनेमाघरों में रिलीज हुआ था, जिसे क्रिटिक्स से तो अच्छा रिस्पॉन्स मिला, लेकिन बॉक्स ऑफिस पर फिल्म कुछ खास प्रदर्शन नहीं कर पाई। इसके बाद दूसरा पार्ट मेकर्स ने सीधे ओटीटी पर रिलीज किया था। इस फिल्म में ऐश्वर्य ठाकरे दोहरी भूमिका में नजर आए हैं।

### 20 फरवरी को रिलीज हुई है ‘कैनेडी’

अनुराग कश्यप इन दिनों अपनी आगामी फिल्म ‘कैनेडी’ के प्रमोशन में व्यस्त हैं। यह फिल्म 20 फरवरी को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर रिलीज हुई है। इससे पहले फिल्म का प्रीमियर 2023 में कान फिल्म फेस्टिवल में हुआ था। जहां इसे काफी सराहना मिली थी। इसके अलावा भी कई फिल्म फेस्टिवल में फिल्म को काफी सराहा गया है। और इसे सात मिनट तक स्टैंडिंग ओवेशन मिला था। मेलबर्न इंडियन ‘कैनेडी’ में राहुल भट्ट और सनी लियोन प्रमुख भूमिकाओं में नजर आएंगे।

## 5 साल बाद 'लाइफलाइन' पटरी पर: कोरटा-अहमदाबाद रोडवेज फिर शुरू

### 7 गांवों को सीधी कनेक्टिविटी




जयपुर टाइम्स

**सुमेरपुर/कोरटा(निस)।** करीब पांच साल से बंद पड़ी कोरटा-अहमदाबाद रोडवेज बस सेवा अब फिर शुरू होने जा रही है। सिरोही डिपो की इस रूट बहाली से सिरोही, शिवगंज, कानपुरा, कोरटा, बामनेरा, पोयणा सहित आसपास के गांवों के लोगों को सीधा लाभ मिलेगा। बस सेवा बंद होने से छात्रों, मरीजों, मजदूरों और व्यापारियों को अहमदाबाद जाने के लिए निजी वाहनों और महंगे किराए पर निर्भर रहना पड़ रहा था। ग्रामीणों का कहना है कि नियमित बस संचालन से अब सुरक्षित और किफायती यात्रा संभव होगी। रूट बहाली को लेकर ग्राम पंचायत प्रशासक गजेंद्र सिंह देवड़ा और वरिष्ठ पत्रकार पुखराज कुमावत ने लगातार प्रयास किए। ग्रामीणों की मांग और जनदबाव के बाद परिवहन विभाग ने रूट का निरीक्षण कर बस सेवा पुनः शुरू करने का निर्णय लिया। परिवहन विभाग के अनुसार आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं और बस निर्धारित समय पर संचालित की जाएगी। सेवा शुरू होने की खबर से क्षेत्र में उत्साह है। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई है कि नियमित संचालन से शिक्षा, रोजगार और व्यापार गतिविधियों को गति मिलेगी।

## निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज संसंघ का मंगल प्रवेश



जयपुर टाइम्स

**बिजौलियां(निस)।** आचार्य विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ श्रेष्ठ शिष्य निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज संसंघ का श्री दिगंबर जैन पार्श्वनाथ तपोदय तीर्थ क्षेत्र बिजौलियां में मंगल प्रवेश हुआ। संघ नला का माताजी से विहार कर तपोदय पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र पहुंचा। यहां पूज्य मुनि वैराग्य सागर जी महाराज व सुप्रभ सागर जी महाराज की ओर से ज्येष्ठ निर्यापक मुनि श्री योग सागर जी महाराज की अगवानी की और मंगल मिलन हुआ। सिंगोली, डाबी, ठुकराई, बोराव, बूंदी, कोटा, आरोली, सलावटिया, छोटी बिजौलियां , चांद जी की खेड़ी, झांतला, महुवा, मानपुरा, बेगूं, लाम्बाखोह से कई साधार्मिजन पहुंचे। महिला मंडल की ओर से आचार्य विद्यासागर जी महाराज की पूजन की गई। दीप प्रज्वलन, चित्र अनावरण और शास्त्र भेंट के पश्चात् पार्श्वनाथ तीर्थ क्षेत्र कमेटी के अध्यक्ष लाभचंद पटवारी की अगुवाई में पूज्य मुनि संघ को आगामी 7 मार्च को आयोजित वार्षिक मेले में सानिध्य प्रदान करने के लिए निवेदन किया गया। पूज्य मुनिश्री सुप्रभ सागर जी ने भी धार्मिक उपदेश दिया। पूज्य निर्यापक ज्येष्ठ श्रेष्ठ मुनिश्री योग सागर जी महाराज ने धर्मसभा को संबोधित किया।

## शहीद भगतसिंह स्टेडियम में अमृता हाट का शुभारंभ



जयपुर टाइम्स

**जालोर(निस)।** जिला प्रशासन व महिला अधिकारिता विभाग के संयुक्त तत्वावधान में महिला स्वयं सहायता समूह व उद्यमी महिलाओं की ओर से तैयार उच्च गुणवत्ता वाले उत्पादों की बिक्री को बढ़ावा देने व आर्थिक संबलता प्रदान करने के लिए मंगलवार को शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में शुभारंभ हुआ। महिला अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक लक्ष्मणसिंह सिलोर ने बताया कि महिला अधिकारिता विभाग द्वारा जिले में 23 से 27 फरवरी तक अमृता हाट का आयोजन किया जा रहा हैं। अमृता हाट मेले में विभिन्न जिलो के स्वयं सहायता समूहों की 50 स्टॉल लगाई गई हैं। मेले में स्वयं सहायता समूहों की ओर से हस्तनिर्मित उत्पाद जैसे मिट्टी के बर्तन, गर्म पट्ट, मूंग पापड़, आम पापड़, दलिया, नमकीन, हींग, आर्टिफिशियल ज्वैलरी, रेडीमेंड गारमेंट, श्रृंगार सामग्री, आचार, मुरब्बा, घर का साज-सजावट का सामान, टेरीकोटा, मीनाकारी, नेट की साड़ियाँ, सूट, मनिहारी, पूजा थाली, मार्बल की मूर्तियाँ, जूट का सामान, कठपूतलियाँ, कशीदे का सामान, केर, सांगरी, कुमठिया व खाने-पीने का शुद्ध देशी गुणवत्तायुक्त उत्पाद उचित दर पर उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। अमृता हाट मेला शहीद भगतसिंह स्टेडियम जालोर में 27 फरवरी तक प्रातः 10 बजे से रात्रि 9 बजे तक संचालित रहेगा। मेले के दौरान 25 फरवरी को दोपहर 2 बजे बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ आमुखीकरण कार्यक्रम, 26 फरवरी को मिस एण्ड मिसेज अमृता हाट तथा 27 फरवरी को सायं 4 बजे अमृता हाट मेले का समापन व पुरस्कार वितरण किया जाएगा। शुभारंभ अवसर पर स्वयं सहायता समूह के सदस्य, विभागीय अधिकारी-कार्मिक व बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे।

## धौलपुर में रक्तदान शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** रक्त मित्र धौलपुर के तत्वावधान में बुधवार को प्रातः 8 बजे से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाएगा। यह शिविर श्री श्याम मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल एंड ट्रोमा सेंटर, ओडेला रोड के सामने, छोटी लाइन के बगल में आयोजित होगा। शिविर में 150 यूनिट रक्त संग्रह का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा व स्वास्थ्य अधिकारी को भी आमंत्रित किया गया है।

# जालोर ज़िले की सड़कों पर विचरण करने वाले निराश्रित पशुओं को हटाएं: गावड़े

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक

जयपुर टाइम्स



**जालोर(निस)।** ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावडे की अध्यक्षता में मंगलवार को जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न हुई। बैठक में ज़िला कलक्टर डॉ. प्रदीप के. गावडे ने कहा कि जिले में यातायात व सड़क सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत और प्रभावी बनाने के लिए कार्य करें। उन्होंने राज्य सरकार के निर्देशानुसार ज़िले में संचालित सड़क सुरक्षा अभियान को प्रभावशाली ढंग से क्रियान्वित करने के लिए परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग को संयुक्त रूप से टीम का गठन करते हुए कार्य करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के साथ ही दुर्घटनाओं में जनहानि को रोकने के लिए सभी संबंधित विभाग मिलकर कार्य करें। जिला कलक्टर ने परिवहन और पुलिस विभाग के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि वे ओवरलोडिंग व अनाधिकृत वाहनों के विरुद्ध कार्यवाही करने के साथ ही वाहनों के फिटनेस संबंधी उल्लंघन के मामलों में उचित कार्यवाही करने के निर्देश दिए। उन्होंने सड़क पर दौड़ते लोडिंग वाहनों जैसे हैवी डम्पर, ट्रक, ट्रैक्टर इत्यादि के पीछे रेडियम निर्मित रिफ्लेक्टर टेप इत्यादि लगवाने की बात कही। उन्होंने चिकित्सा विभाग के अधिकारियों को ज़िलें के 45 वर्ष से अधिक आयु के सभी वाहन चालकों का कैम्प लगाकर नेत्र परीक्षण करने तथा राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर एडवांस्ड लाइफ सपोर्ट सिस्टम से सुसज्जित एंबुलेंस की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। जिला कलक्टर ने सड़क सुरक्षा की दृष्टि से राष्ट्रीय व राज्य राजमार्गों पर संचालित अवैध ढाबों व बेतरतीब पार्किंग के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने एनएचएआई अधिकारियों को अमृतसर-जामनगर भारतमाला परियोजना पर डिवाइडर पर रेलिंग/ सुरक्षा जाल, व्हीकल लेन साइन बोर्ड, स्पीड लिमिट संकेतक की सुनिश्चितता के निर्देश दिए। उन्होंने नगर परिषद के अधिकारियों को शहर की सड़कों पर अवरोधों के रूप में आने वाले निराश्रित पशुओं को सुरक्षित स्थानों पर छोड़ने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि परिवहन, पुलिस और सार्वजनिक निर्माण विभाग संयुक्त रूप से मिलकर समय-समय पर यातायात नियमों की पालना सुनिश्चित करवाने के लिए जागरूकता अभियान चलाएं व संबंधित विभागों के कार्मिकों की कार्यशाला आयोजित कर प्रशिक्षण दिलवाएं। इस अवसर पर ज़िला सूचना विज्ञान अधिकारी लादेश शर्मा, सीएमएचओ डॉ भैराराम जाणी, जिला परिवहन अधिकारी ओमप्रकाश चौधरी, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिशासी अभियंता आर.के. सिंघारिया सहित संबंधित विभागो के अधिकारी उपस्थित रहे।

# सड़ते शवों से 'गैस चैंबर' बना सुमेरपुर का वार्ड

### कार्रवाई के इंतजार में बेहाल लोग

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर(निस)।** नेहरू नगर की विद्या भारती स्कूल गली इन दिनों बदबू और लापरवाही की पहचान बन गई है। वार्ड नंबर 27 में हंसाजी मनरूपजी के घर के सामने पिछले पांच दिनों से कुत्तों के शव खुले में पड़े सड़ रहे हैं। तेज धूप में गलते शवों से उठ रही तीखी दुर्गंध ने पूरे इलाके को मानो गैस चैंबर बना दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि हालात इतने खराब हैं कि घरों के दरवाजे-खिड़कियां बंद रखने के बावजूद बदबू अंदर तक घुस रही है। रसोई में खाना बनाना मुश्किल हो गया है, छोटे बच्चों को उल्टी और सिरदर्द की शिकायत हो रही है, बुजुर्गों को सांस लेने में परेशानी महसूस हो रही है। लोग नाक पर कपड़ा रखकर घर से बाहर निकलने को मजबूर हैं। मोहल्लेवासियों ने बताया कि नगर पालिका को कई बार फोन और मौखिक शिकायत दी गई, लेकिन पांच दिन बीत जाने के बाद भी न तो सफाईकर्मी पहुंचे और न ही कोई अधिकारी मौके पर निरीक्षण करने आया। लोगों का आरोप है कि प्रशासन शिकायतों को गंभीरता से लेने के बजाय टालमटोल कर रहा है।

चिंता की बात यह भी है कि यह गली स्कूल मार्ग है, जहां से रोजाना विद्यार्थियों का आना- जाना होता है। ऐसे में संक्रमण फैलने और गंभीर बीमारी फैलने का खतरा बढ़ गया है। क्षेत्रवासियों का कहना है कि यदि समय रहते शव नहीं हटाए गए तो स्थिति और भयावह हो सकती है। मोहल्ले के लोगों ने चेतावनी दी है कि अगर तत्काल कार्रवाई नहीं हुई तो वे नगर पालिका कार्यालय के बाहर धरना-प्रदर्शन करेंगे। अब बड़ा सवाल यह है कि क्या प्रशासन किसी बड़ी अनहोनी का इंतजार कर रहा है, या फिर वार्ड 27 के लोग यूं ही 'मौत की बदबू' में जीने को मजबूर रहेंगे?

# हत्यारों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर सेन समाज ने ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**धौलपुर(निस)।** जिला कलेक्ट्रेट धौलपुर में कलेक्टर को सैन समाज ने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बीकानेर जिले के बज्जू थाना के अन्तर्गत एक गांव की 13 वर्षीय बालिका 21 फरवरी को आठवीं बोर्ड की परीक्षा देने घर से निकली और लापता हो गई। बाद में उसका शव रोही क्षेत्र में अर्द्धनग्न अवस्था में मिला। हत्यारों ने उसकी निर्ममता पूर्वक हत्या कर दी। इस घटनाक्रम से पूरा मानव समाज व सैन समाज आहात है। इस घटना के विरोध में दो दिन लगातार बज्जू में धरना प्रदर्शन जारी है।बीलेकिन प्रशासन ने अभी तक समाज की मांगों को स्वीकार नहीं किया गया है। धौलपुर जिला कलेक्टर से इस घटना को लेकर दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर करवाई करवाने की मांग की। सेन समाज ने मांग की है कि फास्ट ट्रैक में मुकदमा चलाकर अपराधियों को फांसी की सजा दी जाए और पीडित परिवार के किसी एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी दी जाए तथा डेयरी बूथ आवंटित किया जाए। पीडित परिवार को मुआबजे के रूप में मुख्यमंत्री राहत कोष से कम से कम 1 करोड तक की राशि मुहैया कराई जाए। भविष्य में इस प्रकार की घटनाओं को रोकने के लिए पुलिस प्रशासन चाक चौबंद किया जाए। ज्ञापन में बताया गया कि अगर उक्त मांगों को समय पर पूरा नहीं किया गया तो सम्पूर्ण जिलों में धरना प्रदर्शन व प्रदेश व्यापी आंदोलन बालिका को न्याय मिलने तक किया जाएगा। जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन एवं राज्य सरकार की होगी। इस दौरान सेन काफी संख्या में समाज के लोग उपस्थित रहे।

### खबर प्रकाशित हुई तो हिली हुकूमत

## वेरा रामपुरा कीचड़ कांड में भागे अफसर, 'सीसी सड़क' की जगह फिर बजरी से लीपापोती!

जयपुर टाइम्स



**सुमेरपुर/शिवगंज(निस)।** वेरा रामपुरा की दलदल बनी गलियों ने जब अखबार की सुर्खियां पकड़ीं तो सोया हुआ सिस्टम हड़बड़ाकर जागा। पंचायती राज विभाग की जिम्मेदारों ने भागे भागे गलियों में रेत बिछाई। रेत का मामला यह है कि' 11 दिसंबर 2025 को स्कूल मार्ग की बदहाली उजागर होते ही प्रशासन में हलचल मच गई। बच्चे रोज कीचड़ में फिसलते हुए स्कूल पहुंच रहे थे,ग्रामीण गिरकर चोटिल हो रहे थे, लेकिन जिम्मेदार विभाग खामोश था। खबर छपते ही ठेकेदार और ग्राम विकास अधिकारी को दौड़कर मौके पर जाना पड़ा।

जनवरी में आनन-फानन में गली में बजरी डलवा दी गई। न सीसी सड़क बनी,न जल निकासी की ठोस व्यवस्था। ग्रामीणों का कहना है कि यह स्थायी समाधान नहीं, बल्कि सुर्खियां शांत करने की कवायद है। इससे पहले सितंबर 2025 में भी पास की गली में यही 'बजरी मॉडल' अपनाया गया था। बरसात में हालात फिर बिगड़ गए, लेकिन किसी ने जवाबदेही नहीं ली। ग्रामीणों ने अधिकारियों के सामने साफ कहा कि 'अब खानापूर्ति नहीं चलेगी। हमें पक्की सीसी सड़क और स्थायी नाली व्यवस्था चाहिए।' उनका आरोप है कि मंत्री क्षेत्र में विकास के दावे तो बड़े-बड़े हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कीचड़ में धंसी पड़ी है। लोगों का कहना है कि अगर मीडिया ने मुद्दा नहीं उठाया होता तो शायद कोई अधिकारी गांव की तरफ झांकता भी नहीं। बच्चों की सुरक्षा और आमजन की सुविधा से कब तक समझौता होता रहेगा? अब पूरा गांव प्रशासन और पंचायती राज विभाग की ओर देख रहा है। सवाल साफ है—क्या इस बार वाकई ठोस निर्माण होगा, या फिर अगली बरसात में वही कीचड़, वही फिसलन और वही बजरी की परत दिखाई देगी? खबर ने सिस्टम को झकझोरा है, अब बारी है जवाबदेही की।

## धौलपुर: 'कान्हा के संग फूलों की होली' फाग महोत्सव के संयोजक बने ऋषिकेश मित्तल

जयपुर टाइम्स



**धौलपुर(निस)।** हल्ला बोल जन सरोकार मंच के तत्वावधान में आयोजित होने वाले भव्य 'कान्हा के संग फूलों की होली' फाग महोत्सव के लिए ऋषिकेश मित्तल को कार्यक्रम संयोजक नियुक्त किया गया है। इस संबंध में मंच की एक बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से राजस्थान उद्योग एवं व्यापार प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष ऋषिकेश मित्तल को आयोजन की जिम्मेदारी सौंपी गई। नियुक्ति के उपरांत ऋषिकेश मित्तल ने कहा कि सभी साथियों के सहयोग से इस आयोजन को ऐतिहासिक और सफल बनाने का पूरा प्रयास किया जाएगा। उन्होंने कहा कि कार्यक्रम में समाज के सभी वर्गों की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी, ताकि यह उत्सव सामाजिक समरसता और सांस्कृतिक एकता का प्रतीक बन सके। साथ ही उन्होंने अधिक से अधिक संख्या में लोगों से कार्यक्रम में भाग लेने की अपील की। उल्लेखनीय है कि तीर्थों के भांजे कहे जाने वाले सुप्रसिद्ध मचकुण्ड धाम में आगामी 3 मार्च को लाड़ली जगमोहन मंदिर परिसर में 'छठवां फागोत्सव' भव्य रूप से आयोजित किया जाएगा। हल्ला बोल जन सरोकार मंच, धौलपुर के तत्वावधान में होने वाले इस आयोजन के माध्यम से मचकुण्ड की पावन धरा पर ब्रज की पारंपरिक होली का जीवंत दृश्य साकार होगा। फागोत्सव में फूलों की होली, लड्डू होली और लठमार होली विशेष आकर्षण का केंद्र रहेंगी। कार्यक्रम को लेकर तैयारियां जोर-शोर से चल रही हैं और आयोजकों की ओर से इसे भव्य रूप देने के प्रयास किए जा रहे हैं। ऋषिकेश मित्तल को कार्यक्रम संयोजक बनाए जाने पर हल्ला बोल जन सरोकार मंच के एडवोकेट प्रमोद कुमार शर्मा, प्रमोद पचौरी, लोकेश राजपूत, अशोक सिकरवार, रामकिशोर लवानिया, सुनील जगरिया श्याम प्रेमी, रामसेवक राठौर, हेमंत दुबे, भूदेव शर्मा व एडवोकेट विराट ठाकुर ने शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए विश्वास जताया कि उनके नेतृत्व में कार्यक्रम ऐतिहासिक सफलता प्राप्त करेगा।

## होलिका दहन में गौ काष्ठ के अधिकाधिक उपयोग का आह्वान

**जालोर(निस)।** पशुपालन विभाग की ओर से आगामी होलिका दहन में गौशालाओं में संधारित गौवंश के गोबर से बने 'गौ काष्ठ' के अधिकाधिक उपयोग करने का अनुरोध किया गया है। पशुपालन विभाग के संयुक्त निदेशक डॉ. गिरधरसिंह सोढ़ा ने बताया कि जिले की गौशालाओं में संधारित गौवंश के गोबर से निर्मित 'गौ काष्ठ' (गाय के गोबर से बनी लकड़ियां) का होलिका दहन में उपयोग करने से पर्यावरण संरक्षण, वातावरण शुद्धि व प्रकृति की सुरक्षा को बढ़ावा मिलेगा। साथ ही यह सामाजिक व आर्थिक सशक्तीकरण की दिशा में भी सहायक सिद्ध होगा। उन्होंने बताया कि गौ उत्पादों के प्रयोग से गौशालाओं को आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में स्वयं सहायता समूहों व आमजन की सहभागिता आवश्यक है। ऐसे में आगामी 2 मार्च को होलिका दहन के दौरान यथासंभव गौ काष्ठ का अधिकाधिक प्रयोग करें तथा अन्य लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करें, ताकि गौसेवा में प्रत्यक्ष व परोक्ष रूप से भागीदारी निभाई जा सके।

## सिरोही में डॉ. सोहन कुमावत संभालेंगे चिकित्सा प्रकोष्ठ की कमान



**सुमेरपुर/शिवगंज।** शिवगंज तहसील के राजस्व गांव वेरा रामपुरा निवासी विख्यात बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. सोहन कुमावत को सिरोही जिले का चिकित्सा प्रकोष्ठ प्रभारी नियुक्त किया गया है। यह अहम जिम्मेदारी राजस्थान कुम्हार कुमावत महासभा जयपुर के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. आर. सी. कुमावत ने सौंपी है। डॉ. सोहन कुमावत वर्तमान में बाल रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रहे हैं और शिवगंज में उनका निजी अस्पताल संचालित है। उन्होंने अपनी कुशल चिकित्सा सेवाओं, संवेदनशील व्यवहार और मरीजों के प्रति समर्पण से क्षेत्र में विशेष पहचान बनाई है। ग्रामीण अंचल से लेकर शहर तक, हजारों परिवार उनके उपचार और मार्गदर्शन से लाभान्वित हुए हैं।

राजस्थान सरकार
**निदेशालय होम्योपैथिक चिकित्सा विभाग राजस्थान जयपुर**
आयुष भवन सेक्टर 26 एन आर आई सर्किल पानी की टंकी के पास प्रतापनगर जयपुर 302033
Phone- 0141-2796630, FaX: 0141-2796631, Website: www.rajhomoeopathy.nic.in

क्रमांकः - स्टोर / फर्नी., उप./ 00063 / 2024-25/ दिनांक-

**Notice Inviting Bid**

Bids for procurement of Medical Equipments are invited from bidders upto 11.00 am dated 26-02-2026. The appro&imate value of the procurement is Rs 3.55 lacs. Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http// sppp.raj.nic.in) of the state.
UBN HMC2526GSOB00018

**Director**
DIPR/C/4003/2026

राजस्थान सरकार
**कार्यालय जिला कलक्टर एंव जिला मजिस्ट्रेट, जयपुर**
(प्रशासक मंदिर ठिकाना गलता जी )

क्रमांक :- एफ. / गलता जी / लेखा / 2026 / 1562 दिनांकः 21/02/2026

**अल्पकालीन ई-बोली आमंत्रण सूचना 06/2026-27**

मंदिर ठिकाना गलता जी एंव अधीनस्थ मंदिर परिसर में पुष्पमाला, पुष्प, फूलबंगला झांकी आदि बागाती सामान की आपूर्ति हेतु अधिकृत सप्लायर्स / पंजीकृत व्यापारियों / बोलीदाता / संवेदकों से वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए ई-बोली अनुमानित लागत राशि रू. 25.00 लाख की दिनांक 26.02.2026 को सांय 6.00 बजे तक आमंत्रित की जाती है। विस्तृत बोली आमंत्रण सूचना एवं ई-बोली दस्तावेज वेबसाईट http//sppp.rajasthan.gov.in & http//eproc.rajasthan.gov.in पर देखे जा सकते है।
UBN- DEV 2526GLRC00172

**जिला कलक्टर
जयपुर**
DIPR/C/4029/2026

राजस्थान सरकार
**कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन, (अम्बेडकर पीठ)**
(सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग)
ग्राम - मूण्डला, पो.- रूपवास, तहसील- जमवारामगढ़, जिला - जयपुर, राजस्थान- 302027
Email- secretaryapj@gmail.com Govt. Mail Id- ambedkar-foundation@RAJASTHAN.GOV.IN

**खुली - निविदा सूचना**

कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन (अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, जयपुर के मुख्य भवन एवं हॉस्टल भवन मय परिसर में साफ-सफाई कार्य तथा बागवानी कार्य हेतु अनुभवी फर्मों से सीलबंद लिफाफे में निम्नानुसार अलग-अलग दो खुली निविदा (निविदा संख्या 01 NIB CODE- SOC2526A0370 UBN CODE- SOC2526SSOB00401 व निविदा संख्या 02 NIB CODE:- SOC2526A0372 UNB CODE :- SOC2526SSOB00402 आमंत्रित की जाती है ।

| क्र.सं. | निविदा विवरण | कार्य विवरण |
| --- | --- | --- |
| 1 | निविदा प्रपत्र बेचने की तिथि | दिनांक 16.02.2026 प्रातः 11.00 बजे से 26.02.2026 प्रातः 11.00 बजे तक |
| 2 | निविदा जमा कराने की अंतिम की तिथि | दिनांक 26.02.2026 दोपहर 01.00 बजे तक |
| 3 | निविदा खोलने की दिनांक | दिनांक 26.02.2026 दोपहर 03.00 बजे तक |
| 4 | निविदा की अनुमानित लागत | 2.50 लाख एवं 3.50 लाख निविदा |

निविदा से सम्बन्धित सभी विवरण एवं टेण्डर फार्म विभागीय वेबसाईट www.ambedkarfoundationjaipur.in एवं sppp पोर्टल से भी डाउनलोड किया जा सकता है ।

**सचिव
डॉ. बी. आर. अम्बेडकर फाउण्डेशन
( अम्बेडकर पीठ), मूण्डला, ( जयपुर )**
DIPR/C/3456/2026

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
25 फरवरी, 2026

# टूटी सड़क से टूटा ग्रामीणों का धैर्य: आक्रोशित लोगों ने लगाया हाईवे पर जाम

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** शहर के मेगा हाईवे से अंजुमन स्कूल की ओर आने वाले व शहर को जोड़ने वाले मुख्य मार्ग की सड़क टूटी होने और गंदा पानी एकत्रित रहने के कारण आक्रोशित लोगों ने विकास मंच के नेतृत्व में मदीना कॉलोनी के पास सरदारशहर हनुमानगढ़ मेगा हाईवे पर जाम लगा दिया। विकास मंच अध्यक्ष राजेंद्र राजपुरोहित ने बताया कि लगातार प्रशासनिक अधिकारियों को सड़क को सही करने के लिए अवगत करवाया गया। लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों ने इस पर कोई ध्यान नहीं दिया। उन्होंने कहा कि यह सड़क शहर को हाईवे से जोड़ने का मुख्य मार्ग है और कब्रिस्तान जाने के लिए एकमात्र मार्ग है। कब्रिस्तान के लिए जाना पड़ता है तो इसी टूटी सड़क और गंदगी में से होकर गुजरना पड़ता है। उन्होंने कहा कि करीब 20 दिन पहले हमने प्रशासन को चेतावनी देते हुए कहा कि अगर शीघ्र सड़क को सही नहीं करवाया गया तो हाईवे को जाम किया जाएगा। लेकिन संबंधित सभी विभागों के अधिकारियों की ओर से इस समस्या की ओर ध्यान नहीं दिया गया है। उन्होंने कहा कि मजबूर होकर हमें हाईवे को जाम करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि जब तक इस रास्ते के सड़क का निर्माण कार्य शुरू नहीं करवा दिया जाएगा?। तब तक यह हाईवे जाम जारी रहेगा। वहीं हाईवे पर बैठे लोग प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी कर रहे हैं। हाईवे जाम होने के कारण सड़क के दोनों और वाहनों की लंबी-लंबी कतार लग चुकी है। सूचना पर मौके पर पुलिस जाप्ता भी पहुंचा है और प्रदर्शनकारियों से वार्ता कर हाईवे जाम खुलवाने की कोशिश की लेकिन वार्ता में सहमति नहीं बनी। प्रदर्शनकारी अपनी मांगों पर अड़े हुए हैं। करीब एक घंटे के जाम के बाद अधिकारियों से हुई वार्ता में सहमति बनने पर जाम खोला गया।





## विद्यार्थियों को दी आई स्टार्ट प्रोजेक्ट की जानकारी



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** राजस्थान सरकार के सूचना प्रौद्योगिकी व संचार विभाग की ओर से मंगलवार को राधा कृष्ण हवेली (अंबेडकर भवन के पास) में आई स्टार्ट प्रोजेक्ट के तहत जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में सरकारी व निजी स्कूलों के करीब 400 विद्यार्थियों ने भाग लिया। कार्यक्रम के तहत स्टार्टअप, नवाचार और उद्यमिता को बढ़ावा देने वाली योजनाओं की जानकारी दी गई। जिला इन्क्यूबेटर सेंटर की उपनिदेशक विनोद कुमारी ने बताया कि राज्य सरकार स्टार्टअप्स को फंडिंग, मेंटरशिप और इन्क्यूबेशन की सुविधा उपलब्ध करा रही है। उन्होंने बताया कि आईडीएसएन ग्रांट के तहत पुरुष फाउंडर को 2.4 लाख रुपए और महिला फाउंडर को 3 लाख रुपए तक की ग्रांट दी जाती है। वहीं क्यूरेट स्कोर के आधार पर 60 लाख रुपए तक की वायबिलिटी ग्रांट का प्रावधान है। इन्क्यूबेटर सेंटर मेंटर जमील और लॉन्चपैड मेंटर सुशील कुमार ने भी विद्यार्थियों को स्टार्टअप शुरू करने की प्रक्रिया और लाभों की जानकारी दी। बेसिक कंप्यूटर अनुदेशक व ब्लॉक कॉर्डिनेटर संदीप कुमार ने ष्टश्स्रद्ब इ्नश्चद्ध के बारे में बताते हुए डिजिटल स्किल्स और कोडिंग के महत्व पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में एसीबीओ चरण सिंह, प्रोग्रामर सुनील कुमार, सहायक प्रोग्रामर गणेशाराम सारण, जितेंद्र, श्रीराम साहू, प्रकाश कांटीवाल सहित विभिन्न विद्यालयों के शिक्षक मौजूद रहे। आयोजन के दौरान विद्यार्थियों में स्टार्टअप और नवाचार को लेकर खासा उत्साह नजर आया।

## मैन बाजार नृत्य कला मंडल की बैठक आयोजित

### मनोज महावर सर्वसम्मति से अध्यक्ष निर्वाचित



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** मैन बाजार स्थित नृत्य कला मंडल की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें सर्वसम्मति से मनोज माहावर को अध्यक्ष चुना गया। बैठक में मंडल के सदस्यों ने एकमत से प्रस्ताव पारित कर उन्हें आगामी कार्यकाल की जिम्मेदारी सौंपी। बैठक के दौरान उपाध्यक्ष पद पर विमल दुगड़, विजय पाल कडवासरा एवं श्याम सुंदर पारीक को मनोनीत किया गया। वहीं संरक्षक के रूप में भंवरलाल नाई को जिम्मेदारी दी गई तथा कोषाध्यक्ष पद पर मूलचंद सोनी को नियुक्त किया गया। कोषाध्यक्ष मूलचंद सोनी ने पिछले वर्ष का आय-व्यय विवरण कार्यसमिति के समक्ष प्रस्तुत किया। हिसाब-किताब पेश होने के बाद समिति ने अध्यक्ष पद के लिए मनोज माहावर का प्रस्ताव रखा, जिस पर सभी सदस्यों ने सहमति जताई और उन्हें मैन बाजार घिदर नृत्य कला मंडल का अध्यक्ष घोषित किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष मनोज माहावर ने कहा कि मंडल की परंपराओं को आगे बढ़ाते हुए सांस्कृतिक गतिविधियों को और अधिक सशक्त किया जाएगा। बैठक के दौरान पारंपरिक घूमर नृत्य के नियमों पर भी चर्चा की गई, जिसमें घूमर की मर्यादाओं, पारंपरिक वेशभूषा व प्रस्तुति की शैली पर प्रकाश डाला गया।

## बालिका हत्याकांड के विरोध में राजलदेसर में आक्रोश



जयपुर टाइम्स

**राजलदेसर(निस)।** बीकानेर जिले के रणजीतपुरा (बज्जू) गांव में आठवीं कक्षा की बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की घटना को लेकर राजलदेसर में सैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में सैन समाज के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री व गृहमंत्री के नाम ज्ञापन तहसीलदार हरदीप सिंह को सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बज्जू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की 13 वर्षीय बालिका 21 फरवरी को आठवीं बोर्ड परीक्षा देने घर से निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। बाद में बालिका का शव बज्जू थाने से करीब 500 मीटर दूरी पर अर्धनग्न अवस्था में मिला। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद बालिका की हत्या कर दी गई, जिससे समाज में आक्रोश व्याप्त है। सैन समाज ने प्रशासन से मांग की कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को कड़ी से कड़ी सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करने की मांग भी की गई। ज्ञापन देने के दौरान रोहित मारू, करणी मारू, कैन्हया सैन, पारस मारू, धीरज सैन, लालचंद नाई, दिनेश, बनवारी, विजेन्द्र, गोविन्द, पंकज, महेन्द्र नाई, गोपाल, अमरचन्द व शंकरलाल सहित समाज के लोग उपस्थित रहे।

## गो सेवार्थ फागोत्सव 1 मार्च को

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे में श्रीनाथ नगर गौशाला सेवा समिति के सानिध्य में हर साल की भांति इस साल भी करणसिंह विनायकिया की स्मृति में भव्य फाग उत्सव आयोजन 1 मार्च को 4:00 बजे होगा। जिसको लेकर आज श्रीनाथ नगर गौशाला में भव्य फागोत्सव के पोस्टर का विमोचन थानाधिकारी सुरेन्द्र कुमार किया गया। जिसमें गौशाला के मंत्री गोरख राम पांडे, उपाध्यक्ष पवन कुमार वर्मा, पवन कुमार बोथरा, लालचंद पांडे, पवन कुमार पांडे, पवन कुमार शर्मा, जयप्रकाश पांडे, पूनम चंद गर्ग, सही राम जाट, भंवर लाल गोला, शंकर लाल खड़ोलिया, श्यामलाल पांडे, ओमप्रकाश पाण्डे, सेठी सुथार, प्रमोद कुमार मारू, मोनू पांडे,राजकुमार विनायकिया, और समस्त गौशाला पदाधिकारी मौजूद रहे।

## बालिका हत्याकांड के विरोध में बीदासर में आक्रोश, सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** बीकानेर जिले की कोलायत विधानसभा क्षेत्र के एक गांव में आठवीं कक्षा की बालिका के साथ दुष्कर्म के बाद निर्मम हत्या की घटना को लेकर बीदासर में सैन समाज में गहरा आक्रोश व्याप्त है। घटना के विरोध में बीदासर सैन समाज ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी उम्मीलाल यादव को ज्ञापन सौंपकर पीड़ित परिवार को न्याय दिलाने की मांग की। ज्ञापन में बताया गया कि बज्जू थाना क्षेत्र अंतर्गत एक गांव की 13 वर्षीय बालिका 21 फरवरी को आठवीं बोर्ड परीक्षा देने घर से निकली थी, जिसके बाद वह लापता हो गई। बाद में बालिका का शव बज्जू थाने से करीब 500 मीटर दूरी पर अर्धनग्न अवस्था में मिला। आरोप है कि दुष्कर्म के बाद बालिका की निर्ममतापूर्वक हत्या कर दी गई, जिससे मानव समाज व सैन समाज में आक्रोश व्याप्त है। सैन समाज ने प्रशासन से मांग की कि मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर दोषियों को फांसी की सजा दिलाई जाए। साथ ही पीड़ित परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी, डेयरी बूथ आवंटन तथा मुख्यमंत्री राहत कोष से एक करोड़ रुपये की आर्थिक सहायता तत्काल उपलब्ध कराई जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान बीदासर सैन समाज के तहसील अध्यक्ष सीताराम सैन, मंत्री विजय सिंह, कोषाध्यक्ष पवन कुमार, रिगंत मल राठौर, सत्यनारायण राठौर, हरिराम राठौर, रतनलाल, पार्षद सांवरमल सैन, गणपत सैन, सामाजिक समरसता जिला संयोजक धनराज सैन, ललित सेन, मुकेश राठौड़, मिठू लाल, नरेश, राकेश, चांदमल, ललित सैन सहित सैन समाज के कई लोग उपस्थित रहे।

## शिव मंदिर में धार्मिक आयोजन का विरोध करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की मांग

### उपखंड अधिकारी को सौंपा ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**बीदासर(निस)।** कस्बे के वार्ड संख्या 19 स्थित शिव शक्ति मंदिर में आयोजित होने वाले धार्मिक कार्यक्रमों में कथित रूप से बाधा उत्पन्न किए जाने के विरोध में मंगलवार को वार्डवासियों व विश्व हिन्दू परिषद के पदाधिकारियों ने उपखंड कार्यालय पहुंचकर विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान उपखंड अधिकारी अमीलाल यादव को ज्ञापन सौंपकर कार्रवाई की मांग की। वार्डवासियों ने बताया कि वार्ड 19 में सीबीओ कार्यालय के पीछे स्थित शिव शक्ति मंदिर में समय-समय पर भजन-कीर्तन, पूजा-पाठ व धार्मिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं। आरोप है कि कुछ व्यक्तियों की ओर से द्वेषपूर्ण भावना से कार्यक्रमों में बाधा डाली जा रही है तथा पुलिस को झूठी शिकायतें की जा रही हैं। ज्ञापन में बताया गया कि धार्मिक आयोजनों के दौरान लाउडस्पीकर का उपयोग केवल सीमित समय के लिए किया जाता है और रात्रि 10 बजे के बाद इसे पूर्ण रूप से बंद कर दिया जाता है। कार्यक्रम भारतीय संविधान के अनुच्छेद 25 व 26 के तहत प्राप्त धार्मिक स्वतंत्रता के अधिकार के अंतर्गत आयोजित किए जाते हैं। वार्डवासियों का आरोप है कि पुलिस की बार-बार दखलअंदाजी से अनावश्यक तनाव की स्थिति बन रही है और क्षेत्र का सौहार्दपूर्ण वातावरण प्रभावित हो रहा है। साथ ही कुछ शिकायतकर्ताओं की ओर से मंदिर में पूजा व कीर्तन के लिए आने वाली महिलाओं के वीडियो बनाकर उन्हें डराने-धमकाने तथा अभद्र भाषा का प्रयोग करने की भी शिकायत की गई। वार्डवासियों ने प्रशासन से ऐसे तत्वों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है, जिससे क्षेत्र में शांति व सामाजिक सौहार्द बना रहे। इस दौरान विहिप जिला उपाध्यक्ष प्रहलाद सिंह राजपुरोहित, पूर्व भाजपा मंडल अध्यक्ष रामनिवास माली, भाजपा नेता भंवर सिंह राठौड़, एडवोकेट मनसुख प्रजापत, केसर सिंह चौहान, राहुल पांडे, सुरेंद्र सिंह, जितेंद्र मोयल, बाबूलाल, प्रहलाद प्रजापत, योगेश जाखड़, गणेश, सुशीला, विनीता, रूक्मणी, पुष्पा कंवर, चम्पादेवी माली, उर्मिला मीणा, मीरा देवी सहित बड़ी संख्या में वार्डवासी मौजूद रहे।

## खेतों का सर्वेक्षण बन गया किसानों के लिए बड़ी समस्या



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** क्षेत्र के किसान इन दिनों काफी परेशान हैं। कारण है हाल ही में किया गया सर्वेक्षण दरअसल इस नए सर्वेक्षण में कई खेतों के बीचों बीच से रास्ते निकाल दिए गए, तो कहीं पर सींव बदल दी गई। और तो और पिछली पेमाईश के आधार पर प्रचलित खेतों को अब बदले जाने के प्रयास किए जा रहे हैं। जिससे किसानों के दिलो दिमाग में एक ही सवाल है कि क्या सरकार ने पिछली बार जो पैमाईश की थी, वो सही नहीं थी। क्षेत्र के चरला गांव से परेशान कुछ किसान प्रशासक प्रतिनिधि मनसुख गोदारा के नेतृत्व में उपखंड कार्यालय पर पहुंचे और वहां पर नायब तहसीलदार असलम खान को उपखंड अधिकारी के नाम और उसके बाद तहसीलदार गिरधारीलाल पारीक को ज्ञापन सौंपकर बताया कि भू प्रबंध विभाग राजस्थान की ओर से किए गए नए सर्वेक्षण के अंतर्गत चरला गांव में सेटेलाईट पटवारी पंकज डारा व वर्तमान पटवारी विजेंद्र सिंह की ओर से कृषि भूमियों का सर्वेक्षण किया गया है। वो गलत रूप से सर्वेक्षण किया गया है। जिन ढ़ाणियों में लोग रहते हैं, उनके निवासियों को सर्वेक्षण के बारे में कोई जानकारी भी नहीं दी गई और गलत सर्वेक्षण रिपोर्ट तैयार करके आस-पास के पड़ोसियों में फूट डालने का काम किया गया है। छोटे खसरों को मौके से हटाया गया है और जहां पर सदियों से रास्ता नहीं था, वहां रास्ता कायम किया गया है। इसलिए इस सर्वेक्षण की जांच करवाकर वापस सही सर्वेक्षण करवाया जाए। ज्ञापन सौंपने के दौरान मनसुखराम गोदारा, मोडूराम, रामलाल, किसान सभा के अध्यक्ष तेजपाल गादेरा, एडवोकेट रामकुमार मेघवाल, भगवानाराम, मेघाराम, राधा किसन, हरीराम, पूनमचंद, गणेश, गोपालराम, हरीराम, लिखमाराम, मुनीराम, जयराम टांडी, राजेंद्रसिंह, कालूसिंह, आसाराम, भगवानाराम ढ़िढ़ारिया, भागीरथ सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

## किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर 27 फरवरी को किसानों की महापंचायत



### सीकर सांसद अमराराम करेंगे शिरकत

जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के नेतृत्व में 27 फरवरी को विशाल रैली और किसान महापंचायत होगी। कॉमरेड रामकृष्ण छींपा ने बताया कि खरीफ 2021 का बीमा क्लेम की लड़ाई मजबूती से लड़कर क्लेम क्रॉप कटिंग के आधार पर लेंगे। इसके लिए लम्बा संघर्ष भी किया है। बीमा क्लेम के संबंध में खरीफ 2022 और 2023 में भी करोड़ों रुपए बीमा कंपनी डकारना चाहती है जो किसान सभा किसानों को दिलाएगी। बिजली को लेकर कृषि कुओं पर भारी वोल्टेज की कमी के कारण मोटर जल रही है। इसका समाधान करना होगा। दल्लूसर 132 केवी जीएसएस शुरू तुरंत किया जाए। 765 केवी लाइन जो किसानों के खेतों से गुजर रही है। उनका मुआवजा और पारदर्शी से दिया जाए। नरेगा को चालू करने, जमा डिमांड कनेक्शन देने, सिंगल फेस ढाणियों में कनेक्शन देने, मुख्य मेगा हाइवे पर डिवाइडर और रेलिंग लगाने सहित अनेक मांगों को लेकर 27 फरवरी को एक विशाल रैली होगी। रैली ताल मैदान से शुरू होगी जो मुख्य बाजार से होते हुए गांधी चौक पर किसान महापंचायत का रूप लेगी। इस रैली और किसान महापंचायत में सीकर के सासंद कॉमरेड अमराराम, भादरा के पूर्व विधायक कॉमरेड बलवान पुनियां संबोधित करेंगे। रैली और किसान महापंचायत को सफल बनाने के लिए किसान सभा के कार्यकर्ता गांव गांव जनसंपर्क में जुटे हुए है। गांव की सभा में तहसील अध्यक्ष भगवानराम जाखड़, मंत्री काशीराम सारण, भानीपुरा तहसील मंत्री सांवरमल मेघवाल, अध्यक्ष रामकरण भांभू, हाकम सिंह, फ़ुसारम पोटलिया, संदीप भारतीय, भेरूलाल मुंड सहित अनेक किसान सभा के कार्यकर्ता किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर महापंचायत में शामिल होने के गांवों में जनसंपर्क किया जा रहा हैं।

## रूक्मणी विवाह प्रसंग में झूमे श्रद्धालु

**राजलदेसर(निस)।** कस्बे के श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर में पुजारी राजूराम के सानिध्य में आयोजित धार्मिक कार्यक्रम के तहत श्रीमद्भागवत कथा ज्ञान यज्ञ का आयोजन जारी है। मंदिर प्रांगण में चल रही श्रीमद्भागवत कथा के छठे दिन कथा यजमान विष्णुकांत पारीक, चौरूलाल फोगला, सत्यनारायण पुरोहित एवं भंवर सिंह ने सपत्नीक व्यास पीठ की पूजा-अर्चना की। व्यासपीठ पर विराजमान दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने कथा के छठे दिन गोपी गीत, गोपी-उद्धव संवाद व रूक्मणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण व्याख्यान किया। रूक्मणी विवाह के प्रसंग के दौरान श्रद्धालु भक्ति रस में सराबोर होकर झूम उठे तथा नृत्य कर आनंद लिया। कथा में श्री मेहन्दीपुर बालाजी मंदिर समिति के सदस्य सहित बड़ी संख्या में महिला एवं पुरुष श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## समस्याओं को लेकर धरतीपुत्रों का कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन

जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** अखिल भारतीय किसान सभा के बैनर तले किसानों ने अपनी विभिन्न समस्याओं को लेकर जिला कलेक्ट्रेट के सामने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान किसानों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर को 24 सूत्री मांगों का एक ज्ञापन सौंपा। आपणी योजना के सामने धरना देकर किसानों ने अपनी आवाज बुलंद की। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने बताया कि यह ज्ञापन किसानों और आमजन से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याओं के समाधान की मांग करता है। ज्ञापन में प्रमुख मांगों में वर्ष 2017 के सभी बकाया क्लेम का तत्काल भुगतान, 765 केवी विद्युत लाइनों के लिए अधिग्रहित भूमि का बाजार मूल्य से चार गुना मुआवजा, मनरेगा कानून को पुनः बहाल करना और नए बिजली कानून पर रोक लगाना शामिल है। इसके अतिरिक्त, किसानों से संबंधित अन्य समस्याओं के समाधान की भी मांग की गई। किसान सभा के कार्यकर्ताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों का शीघ्र समाधान नहीं किया गया, तो वे 13 मार्च को 'रेल रोको' आंदोलन करेंगे। उन्होंने कहा कि इस आंदोलन से उत्पन्न होने वाली किसी भी स्थिति की पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी। धरना- प्रदर्शन के दौरान तहसील अध्यक्ष बेगराज मील, तहसील मंत्री शमशेर खान, दीपाराम, जयपाल भामू, जीवनराम, मुकनराम, नारायणराम, रामलाल, सुल्तान और सलीम खान सहित बड़ी संख्या में किसान मौजूद रहे। किसानों के इस प्रदर्शन के मद्देनजर मौके पर पर्याप्त पुलिस बल भी तैनात किया गया था।




स्वात्वाधिकारी, कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि. के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक रामेश्वरलाल जाट द्वारा कैम्ब्रिज मल्टीमीडिया प्रा.लि., सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर में मुद्रित एवं सी-565 सी, 4 सी स्कीम, न्यू लोहा मंडी रोड, सीकर रोड़ जयपुर -302013 से प्रकाशित।
सम्पादक : नीतू चौधरी, सी-588, 4सी स्कीम, न्यू लोहा मण्डी रोड, जयपुर-302013 मो. : 7014217770, E-Mail : jaipurtimes2007@gmail.com *पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के जिम्मेदार, समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर।

CMYK

# दोषियों को फांसी की सजा देने की मांग



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** स्थानीय श्री सैन भक्त मित्र मंडल के बैनर तले सर्वसमाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपकर बीकानेर जिले में बालिका के साथ दुष्कर्म कर उसकी निर्मम हत्या करने के मामले में अपराधियों को फांसी की सजा दिए जाने की मांग की है। इसी प्रकार पीड़ित परिवार को सरकारी नौकरी व एक करोड़ की आर्थिक सहायता दिए जाने की मांग भी की गई है। मामले को फास्ट ट्रेक अदालत में चलाने की मांग भी की गई है। ज्ञापन सौंपने से पहले लोगों ने न्याय की मांग को लेकर नारेबाजी भी की। ज्ञापन सौंपने के दौरान अध्यक्ष बजरंग गहलोत, मंत्री राजेश सैन, समाजसेवी विनोद गोठड़िया, बजरंगलाल सैन, रतनलाल सैन, वीरेंद्र गहलोत, छोटूलाल सैन, महेश, दशरथसिंह, मनीष गोठड़िया, केशुसिंह राजियासर, जुगलकिशोर मोयल, आदित्य भाटी, गोविंद गहलोत, अमरचंद, जीवणमल सहित अनेक लोग मौजूद रहे।

# श्रीमद भागवत कथा सुनने से मिलती है शांति



जयपुर टाइम्स

**सरदारशहर(निस)।** तहसील के गांव हरपालसर की शिव गौशाला परिसर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद भागवत कथा व नानी भाई के मायरे का आयोजन पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ के पिता पूर्व आरएएस उत्तम सिंह जी की स्मृति में हो रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने कथा वाचक बाल संत श्री भोले बाबा के श्री मुख से कथा के वाचन का खूब आनंद लिया। इस दौरान कथा वाचक संत ने कहा कि भागवत कथा सुनने से आमजन को आत्मा में शांति मिलती है। इसलिए कथा को आम आदमी को सुननी जरूरी है। इस दौरान कथा के पांडाल में आए हुए लोगों को प्रतिक चिंह देकर सम्मानित किया गया। भागवत कथा में पूर्व नेता प्रतिपक्ष राजेंद्र सिंह राठौड़ ओर इनके परिवार के अलावा उद्योगपति विकास मालू, पूर्व मंत्री राजकुमार रिणवां, गुरु उत्तम नाथजी महाराज, उप प्रधान केसरी चंद शर्मा, पृथ्वीराज तलवाडिया दिल्ली, सचिव रुपेश स्वामी, पार्षद राजेश पारीक, शंभू दयाल पारीक, जितेंद्र राजवी, शंभू दयाल पारीक, महावीर माली, पदम सिंह राठौड़, पूर्व सभापति विजय कुमार शर्मा, जिला परिषद सदस्य गिरधारी लाल पारीक, भूपेंद्र सिंह आसुसर, दीपू जैसनसरिया, जिप सदस्य श्योकरन पोटलिया, सुखराम पारीक, हंसराज सिद्ध, लालचंद छिरंग, विक्रम सिंह कोटवाद आदि मौजूद रहे।

# ट्रेनिंग काउंसलर शिविर का समापन



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** हिंदुस्तान स्काउट एंड गाइड राजस्थान राज्य राज्य मुख्यालय उदयपुर के तत्वाधान में सात दिवसीय ट्रेनिंग काउंसलर प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ। यह शिविर उदयपुर जिलों की नगरी में आयोजित किया गया जिसमें संपूर्ण राजस्थान से अनेक प्रतिनिधियों ने भाग लिया। जिला झुंझुनू की ओर से संजय कुमार सैनी नंदलाल शिक्षण संस्थान मलसीसर ने झुंझुनू का नेतृत्व किया शिविर में कुल संभागीय 28 थे। राज्य सचिव टीम के साथ नरेंद्र ओदिचय ने सभी संभाग्यों का स्वागत करते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा ट्रेनर टीम की ओर से विभिन्न स्काउट विषयों पर गहनता से प्रकाश डाला गया। जिला मुख्यालय झुंझुनू पर पहुंचने पर ट्रेनिंग काउंसलर संजय कुमार सैनी का जिला ऑर्गेनाइजर प्रदीप कुमार ईश्वरवाल व ब्लॉक प्रभारी आशीष गुडेसर व टीम के साथ स्वागत और अभिनंदन किया गया और उज्जवल भविष्य की कामना की गई। इस अवसर पर मंडावा ब्लॉक के उपाध्यक्ष सतवीर पूनिया जिला सचिव रामनिवास झाझरिया आदि लोगों उपस्थित रहे।

# मरीजों को तकनीकी समस्याओं से निजात दिलाने की मांग

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** सामाजिक कार्यकर्ता बसन्त कुमार बोरड़ ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा को एक ज्ञापन भेजकर निःशुल्क दवा योजना का पूरा लाभ दिए जाने के लिए आवश्यक व्यवस्थाएं किए जाने की मांग की है। ज्ञापन में बताया गया है कि सुजानगढ़ के राजकीय बगड़िया अस्पताल में आईएमएचएस व्यवस्था के तहत पर्ची काउंटरों पर सीधे पर्ची ना देकर टोकन दिए जाते हैं। जिसके बाद डॉक्टर्स ऑनलाईन पर्ची बनाकर मरीजों को जांच लिखते हैं तथा परामर्श देते हैं। इसी बीच हॉस्पीटल का समय पूरा हो जाता है, जिससे या तो दवा काउंटर वाले कल आने के लिए बोलते हैं या फिर दवा देने से मना कर देते हैं कि समय खत्म हो गया। जिसके कारण मरीजों को दूसरे दिन भी अस्पताल के चक्कर लगाने पड़ते हैं। इसलिए मरीजों को आ रही इस तकनीकी समस्या से निजात दिलाये जाने की मांग ज्ञापन में की गई है।

# 11 सूत्रीय मांगों को लेकर सैनी-माली समाज का विधानसभा घेराव आज

## नवलगढ़ में रैली निकाल एसडीएम को सौंपा ज्ञापन

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** सैनी, माली, कुशवाह, मौर्य व शाक्य समाज की 11 सूत्रीय मांगों को लेकर 25 फरवरी को जयपुर में प्रस्तावित विधानसभा घेराव से पूर्व नवलगढ़ में सैनी समाज की ओर से विशाल रैली निकालकर उपखंड अधिकारी को ज्ञापन सौंपा गया। चिराना से सरपंच राजेन्द्र सैनी के नेतृत्व में समाज के लोग रैली के रूप में नवलगढ़ पहुंचे, जहां सैनी छात्रावास प्रांगण में समाजबंधुओं का स्वागत किया गया। वहीं उदयपुरवाटी से संदीप सैनी के नेतृत्व में भी बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए। सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने समाज की एकजुटता पर बल देते हुए अधिक से अधिक संख्या में जयपुर पहुंचकर विधानसभा घेराव में भाग लेने का आह्वान किया। समाज के प्रतिनिधियों ने चेतावनी दी कि यदि मांगों पर शीघ्र सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन को और व्यापक रूप दिया जाएगा। ज्ञापन सौंपने के दौरान संस्था अध्यक्ष मखन लाल सैनी, गजानंद सैनी, राधेश्याम सैनी, रवि सैनी, सुभाष चौबदार सहित समाज के कई लोग उपस्थित रहे




## कार्यालय नगर परिषद सुजानगढ़ (चूरू) राजस्थान

E-mail id:- nps222419@gmail.com Phone no. 01568-222419

क्रमांक :–न.प.सु/सफाई शाखा/2026/11491 दिनांक :– 18.02.2026

**निविदा सूचना–2026**

नगर परिषद सुजानगढ़ द्वारा विभिन्न प्रकार के कार्यों के लिये उपयुक्त सक्षम श्रेणी के राज्य सरकार के विभागों में प्रजीकृत ठेकेदारों/फर्मस से निविदा दिनांक 25.02.2026 को दोपहर 3:00 बजे तक आमन्त्रित की जाती है। निविदा प्रतियां दिनांक 25.02.2026 को दोपहर 2:00 बजे तक विकय की जावेगी प्राप्त निविदायें उसी दिन उपस्थित ठेकेदारों के समक्ष सायं 4:00 बजे खोली जावेगी। उक्त निविदा से संबंधित विस्तृत विवरण वेबसाईट www.sppp.raj.gov.in पर प्राप्त की जा सकती है। निविदा का बीड कमांक– DLB2526WSOB34863, DLB2526WSOB34864, DLB2526WSOB34866, DLB2526WSOB34868, DLB2526WSOB34870, DLB2526WSOB34873, DLB2526WSOB34875, DLB2526WSOB34876, DLB2526WSOB34877, DLB2526WSOB34878, DLB2526WSOB34879, DLB2526WSOB34881 कार्यालय समय में किसी भी कार्य दिवस को नगर परिषद सुजानगढ के कार्यालय में एवं सूचना बोर्ड पर देखी जा सकती है।

आयुक्त
नगर परिषद सुजानगढ

राज.संवाद/सी/25/21126


# सड़क हादसे में युवक घायल, हायर सेंटर रैफर

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के निकटवर्ती गांव गोपालपुरा से रूपेली के बीच पेट्रोल पंप के पास मोटरसाइकिल को पिकअप ने टक्कर मार दी, जिससे मोटरसाइकिल सवार गंभीर घायल हो गया। सूचना मिलते ही टीम हारे का सहारा संयोजक श्याम स्वर्णकार, एम्बूलेंस चालक नवरत्न बिजारणिया, नारायण पिलानिया, आनंद पिलानिया की मदद से घायल उंकार सिंह (30) निवासी ढढ़ेरू गोदारान को सुजानगढ़ अस्पताल की इमरजेंसी में भर्ती कराया गया। डॉ रघुवीर तूनवाल, ममता स्वामी आदि ने इलाज किया। स्थिति गंभीर होने के कारण युवक को हायर सेंटर रेफर कर दिया गया। सूचना पर सुजानगढ़ सदर पुलिस भी मौक़े पर और अस्पताल पहुंची।

# नेत्र चिकित्सा शिविर आज

जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** जिला अंधता निवारण समिति जयपुर व लायंस क्लब सुजानगढ़ के तत्वावधान में शंकरा आई हॉस्पीटल के सहयोग से बुधवार को स्थानीय माहेश्वरी सेवा सदन में निःशुल्क मोतियाबिन्द जांच व नैत्र लैंस प्रत्यारोपण शिविर आयोजित किया जाएगा। एमजेएफ लॉयन कमल तापड़िया ने बताया कि सीताराम पवन कुमार मौसूण के सौजन्य से आयोजित होने वाले शिविर में मरीजों की जांच, दवा आदि की सुविधाएं निःशुल्क रहेंगी।

# बिजली के क्षेत्र में क्षमताएं बढ़ाने पर विधायक मनोज मेघवाल ने दिया बल

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** ऊर्जा विभाग की अनुदान मांगों पर विधानसभा में हुई चर्चा में भाग लेते हुए विधायक मनोज मेघवाल ने सुजानगढ़ सहित प्रदेश की बिजली समस्याओं को उठाया और सुजानगढ़ विधानसभा क्षेत्र के अनेक गांवों में जीएसएस बनाने की मांग की। इस दौरान विधायक ने कहा कि राजस्थान में सौर ऊर्जा की अपार संभावनाएं हैं, लेकिन पीएम सूर्य घर जैसी योजनाओं की गति धीमी है। राज्य की 8 करोड़ आबादी और 2 करोड़ घरों के मुकाबले केवल 1.30 लाख घरों में सोलर पैनल लगना काफी कम है। उन्होंने राज्य के जीएसएस ढांचे को मजबूत करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए भविष्य के लोड को संभालने के लिए विशेष रूप से 400 केवीए और 220केवीए के जीएसएस का निर्माण करवाने की जरूरत बताई। विधायक ने सुजानगढ़ शहर में 132 केवीए का अतिरिक्त जीएसएस बनाने, कृषि कनेक्शनों के अधिक भार का उल्लेख करते हुए बीदासर व भाषीणा के 132 केवीए जीएसएस को 220 केवीए में अपग्रेड करने, सालासर और बीदासर रीको क्षेत्र में नए 33 केवीए जीएसएस बनाने की मांग की है। उन्होंने किसानों के बिजली कनेक्शन काटे जाने का विरोध करते हुए बिल वसूली का समय फसल कटने के बाद तय करने का सुझाव दिया। वीसीआर के नाम पर किसानों को निशाना बनाना बंद करने और चूरू जिले के उपभोक्ताओं की अपील की सुनवाई हनुमानगढ़ के बजाय चूरू में ही करने की मांग की। विधायक ने गर्मियों में जले हुए ट्रांसफार्मर को बदलने में होने वाली देरी (10-10 दिन) पर चिंता जताते हुए विभाग को पर्याप्त ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराने की मांग की। उन्होंने घरेलू और कृषि फीडर को अलग करने के काम में तेजी लाने की मांग की


## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, सार्वजनिक निर्माण विभाग, खण्ड चूरू

क्रमांक :- 6272-6286 दिनांक- 23/02/2026

**अल्पकालीन ई - निविदा सूचना संख्याः 55/2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से तहसील व जिला चूरु में निर्माण कार्यों के लिए उपयुक्त श्रेणी के सार्वजनिक निर्माण विभाग राजस्थान में पंजीकृत संवेदकों एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के अधिकृत संगठनों / केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग / डाक एवम् दूर संचार विभाग / रेल्वे इत्यादि में पंजीकृत संवेदकों, जो कि राजस्थान सरकार के उपयुक्त श्रेणी के संवेदकों के समकक्ष हो, से निर्धारित प्रपत्र में ई-टेन्डरिंग प्रक्रिया द्वारा ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है। आर. पी डब्ल्यू. ए 100 की शर्त लागू होगी। निविदा से संबंधित विवरण बेबसाईट http//dipr.rajasthan.gov.in/tendrs.asp एंव विभागीय वेबसाईट Uhttp//eproc.rajasthan.gov.inThttp//www.pwd.rajajasthan.gov.in तथा http//sppp.raj.nic.in पर देखा जा सकता है।
NIB No. - PWD 2526A5855

| S.No. | UBN No. | S.No. | UBN No. |
|---|---|---|---|
| 1. | PWD2526WSOB24222 | 2. | PWD2526WSOB24223 |

अधिशाषी अभियन्ता,
सा.नि.वि. खण्ड चूरू

## कार्यालय नगरपालिका, रतननगर (चूरू)

फोन नं– 01562–281224 ईमेल– mun_rnagar@yahoo.in

Date : 19-02-2026

**Notice Inviting Bid**

Bids for of civil work invited from interested bidders upto 02:00 PM 26-02-2026 Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal (http://sppp.raj.nic.in) of the state official website.

UBN is: DLB2526WSRC35208

Raj.Samwad/C/25/21047

Executive officer
Municipal Board, Ratannagar

## OFFICE OF THE EXECUTIVE ENGINEER, PHED DIVISION CHURU (RAJ.)

Tel. 01562-250343, e-mail-eephedchuru@gmail.com, ee.chu.phed@rajasthan.gov.in

No:-3097-3109 Date: 17.02.2026

**NOTICE INVITING BID**

Bids for Nit no 58/2025-26 Rate Contract for Water Bill Preparation and Distribution Rural and Urban Area Churu at various WSS under PHED Div. Churu are invited form interested bidders upto 27-02-2026 (15:00 Hrs) Other particulars of the bid may be visited on the procurement portal. http:// sppp. rajasthan.gov.in, http:// sppp. rajasthan. gov.in) of the state and phed.raj.nic.in. The approximate value of the procurement is Nit no 58/2025-26 Rs. 06.00 Lacs.

UBN No. PHE2526WSRC14383 RS 06.00 Lacs.

DIPR/C/3845/2026

Executive Engineer,
PHED Division Churu

राजस्थान सरकार

## कार्यालय जिला कलक्टर, चूरू

क्रमांकः- लेखा / निविदा / 2026 / दिनांकः- 17/2/26

**ई-बोली आमन्त्रण सूचना - 2 /2025-26**

कार्यालय जिला कलक्टर चूरू हेतु आई.टी उपकरण कम्प्यूटर, प्रिन्टर, कलर स्कैनर, यूपीएस, (राशि रू. 19,21100/-) आपूर्ति करने वाले विनिर्माता/पंजिकृत इच्छुक बोलीदाताओं से दिनांक 26.2.2026 समय सायं 06.00 बजे तक ऑनलाइन बोलियां आमंत्रित की जाती है। बोली से संबंधित विस्तृत विवरण सूचना एवं बोली दस्तावेज वैब साईट eproc.rajasthan.gov.in & sppp.rajasthan.gov.in पर देखी अपलॉड की जा सकती हैं।
UBN- CCH2526GLOB00039

DIPR/C/3827/2026

अति. जिला कलक्टर
चूरू

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग, खण्ड - तारानगर (राजस्थान) 331304

exennphed trn@rediffmail.com eetar.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक 2381-2400 दिनांक 13.02.2026

**NOTICE INVITING TENDERS FOR WORKS**

Online tenders are hereby invited on behalf of the Hon'ble Governor of Rajasthan for the following works from eligible enlisted Contractor/ Firm as per Rules. Details of this tender notification and pre-qualification criteria can also and be seen in NIT exhibited on web site www.dipr. rajasthan. gov.in, http://sppp.rajasthan.gov.in, http:// eproc. rajasthan.gov.in. Online Tenders are to be submitted on web site. Tender fee shall be submitted through e-GRAS only in respective budget head and bid security as per Annexure. Online Tendar website submitted Last Date & time For submission Up to 26-02-2026 (06:00 PM)

| Sr. No. | NIT No. | UBN No. |
|---|---|---|
| 1 | 116/2025-26 | PHE2526WSOB14403 |
| 2 | 117/2025-26 | PHE2526WSOB14405 |
| 3 | 118/2025-26 | PHE2526WSRC14406 |
| 4 | 119/2025-26 | PHE2526WSRC14407 |
| 5 | 120/2025-26 | PHE2526WSRC14408 |
| 6 | 121/2025-26 | PHE2526WSRC14409 |

SAVE WATER-SAVE LIFE

DIPR/C/3798/2026

Executive Engineer,
PHED Division Taranagar
Contact: 98871-81073

## कार्यालय ग्राम पंचायत जैतासर पंचायत समिति सरदारशहर

क्रमांक :- 100 दिनांक :-23.02.2026

**निविदा सूचना 2025-26**

ग्राम पंचायत में विभिन्न योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य के लिए इच्छुक विनिर्दिष्टत पंजीकृत बोलीदाता / संवेदक / फर्म से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्युरमेन्ट प्रक्रिया से वेबसाईट https// eproc.rajasthan.gov.in पर आनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। उक्त निविदा की सूचना https//eproc.rajasthan.gov.in एवं https//sppp.rajasthan.gov.in पर देख एवं डाउनलोड कर प्राप्त की जा सकती है।

UBN- PDN2526GSOB00372

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत जैतासर

प्रशासक
ग्राम पंचायत जैतासर

## कार्यालय अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा. अभि. विभाग खण्ड सरदारशहर

e-mail: eeproj.chu.phed@rajasthan.gov.in

क्रमांक :- 2570 दिनांकः- 16.2.26

**ई - निविदा सूचना 60-75 / 2025-26**

राजस्थान के राज्यपाल महोदय की ओर से पी.डब्लू. एफ. एण्ड ए.आर. पार्ट - अपेडिक्स 16 दिनांक 01.07. 1999 से लागू एवं समय-समय पर वित्त विभाग द्वारा जारी संशोधित परिपत्रों (प्रकाशन दिनांक तक) के अनुरूप विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत एवं राज्य सरकार / केन्द्र सरकार के विभागों में सक्षम श्रेणी में पंजीकृत संवेदको एवं संबंधित कार्यों में अनुभव रखने वाली फर्मों से निर्धारित प्रपत्र में ई-प्रोक्यूरमेंट प्रक्रिया हेतु ऑनलाईन निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं । निविदा फार्म ऑन लाईन वेबसाईट http//eproc.rajasthan.gov.in से कॉलम संख्या 06 में अंकित तिथि तक सांय 6.00 बजे तक डाउनलोड / अपलोड किए जा सकते हैं । वैब साईट पर तकनीकी बिड कॉलम संख्या 07 में अंकित तिथि को इस कार्यालय में प्रातः 02.00 पी.एम. पर खोली जावेगी। यदि किसी कारणवंश उस दिन अवकाश रहता है, तो उसके अगले कार्य दिवस को उसी समय पर तकनीकी बिड खोली जावेगी ।

निविदा शुल्क / धरोहर राशि निविदादाता द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head लोक निर्माण कार्य जमा 8443-00-108-00-00 एवं निविदा शुल्क (through e-GRAS Challan (website http//egras.raj.nic.in) in favour of DDO Code 4836 XEN Project Div SARDARSHAHR Budget Head निविदा शुल्क प्राप्ती 0075- 00-800-52-01) के अन्तर्गत जमा करवाया जावेगा, ई-टेण्डरिंग प्रक्रिया शुल्क रूपये 5000 लाख तक 500/- रू.50.00 लाख से 100.00 तक 1500/- 100.00 लाख से 500.00 लाख तक रू.2000/- तथा 500.00 लाख से अधिक रू. 2500 / - का का द्वारा ई-ग्रास के माध्यम से जमा करवाकर भौतिक रूप कालम से 07 मे अंकित दिनांक को प्रातः 11.00 बजे तक इस कार्यालय मे जमा करवाना आवश्यक है। इच्छुक संवेदकों को अपने डिजिटल (DSC) हस्ताक्षर के माध्यम से वैब साईट http//eproc.rajasthan.gov.in पर फर्म को रजिस्टर्ड करवाना आवश्यक है ।

| निविदा संख्या | कार्य का नाम | अनुमानित लागत ( राशि लाखों मे) | धरोहर राशि ( राशि लाखों मे) | निविदा शुल्क (राशि रूपयो मे) | निविदा डाउनलोड/ अपलोड करने की तिथि | तकनीकी बिड खोलने की तिथि | कार्यपूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 60/25-26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Jaitsisar under division Sardarshahar UBN is: PHE2526WSRC14348 Date 16.02.2026 | 05.94 | 11880 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |
| 61/25-26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Barjangsar under division Sardarshahar UBN is: PHE2526WSRC14363 Date 16.02.2026 | 06.15 | 12300 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |
| 62/25-26 | Annual Rate Contract for Periodic maintenance of pipe line and pump set for RWSS Rajasar bikan under division Sardarshahar UBN is: PHE2526WSRC14364 Date 16.02.2026 | 06.12 | 12240 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |
| 63/25-26 | Annual Rate contract for Routine Maintence of Pumping Machinery, Sluice Valve and tube well of RWSS Mehrasar chachera sub division Revenue under division Sardarshahar. UBN is: PHE2526WSRC14365 Date 16.02.2026 | 7.17 | 14340 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |
| 64/25-26 | Annual Rate contract for Routine Maintence of Pumping Machinery. Sluice Valve and tube well of RWSS Ramsisar sub Division Revenue Sardarshahar UBN is: PHE2526WSRC14366 Date 16.02.2026 | 8.72 | 17440 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |
| 65/25-26 | Annual Rate Contract for Disconnection of illegal connection of UWSS Sardarshahar under revenue sub division sardarshahar UBN is: PHE 2526 WSRC14367 Date 16.02.2026 | 5.00 | 10000 | 500 | 25.2.2026 | 26.2.26 | 12 Month |

नोट :- निविदा से सम्बन्धित विस्तृत विवरण एवं अन्य शर्ते निम्नलिखित वैब साईट पर देखी जा सकती है।
1- http://eproc.rajasthan.gov.in 2- sppp.rajasthan.gov.in 3- www.dipronline.org
निविदा में निर्धारित दिनांक तक नवीनतम पुर्नावलोकन रजिस्ट्रेशन होना आवश्यक है। शर्त सहित निविदा मान्य नहीं होगी, निविदा विक्रय / प्राप्ति / खोलने की तिथि को अवकाश होने पर अगला कार्य दिवस गाना जावेगा । निम्न हस्ताक्षरकर्ता को किसी भी निविदा या सभी निविदाओं को बिना कारण बतायें निरस्त करने का पूर्ण अधिकार रहेगा ।

प्रकृति का अनुपम उपहार
स्वच्छ जल का सबको उपहार

DIPR/C/3896/2026

(रामदेव पारीक)
अधिशाषी अभियन्ता ( परियोजना) जन स्वा.अभि. विभाग, खण्ड सरदारशहर

शेखावाटी जयपुर टाइम्स

जयपुर, बुधवार
25 फरवरी, 2026

# ग्रामीणों ने सौंपा एएसपी को ज्ञापन



जयपुर टाइम्स

**सुजानगढ़(नि.सं.)।** शहर के समीपवर्ती गांव आसरासर के ग्रामीणों ने एएसपी दिनेश कुमार को ज्ञापन सौंप कर गांव के कुछ युवकों की ओर से शराब पीकर गांव में उत्पात मचाने व ग्रामीणों को परेशान करने और एससीएसटी के झूठे मुकदमें में फंसाने की धमकी देने का आरोप लगाया और राजूराम नायक आत्महत्या मामले की निष्पक्ष व गहन जांच करने की मांग की है। एएसपी ने मामले में समुचित कार्यवाही का आश्वासन दिया। ज्ञापन सौंपने के दौरान किसनाराम जाट, ओमप्रकाश नाई, मदन नायक, गजराज लांबा, रामूराम नायक, रूघाराम गोदारा, भारत सिंह, सोहन सिंह, रामेश्वरलाल जाट, जेठाराम नायक, रिछपाल नायक, गणेशाराम, श्रवणराम, किसानाराम नायक, तुलछा लुहार, देबूराम नायक, अर्जुनराम नायक, भंवरसिंह राठौड़ सहित अनेक ग्रामीण मौजूद रहे।

# 151 निशानों के साथ 27 को खोरू धाम पहुंचेगी श्याम निशान यात्रा



जयपुर टाइम्स

**लक्ष्मणगढ़(निस)।** खोरू धाम स्थित बालाजी मंदिर में 27 फरवरी को श्याम निशान यात्रा के आगमन को लेकर तैयारियां अंतिम दौर में हैं। भगवा रक्षा वाहिनी अध्यक्ष जयशंकर पुजारी ने बताया कि महंत बनवारी लाल पुजारी के सानिध्य में मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को अंतिम रूप दिया जा रहा है, ताकि श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिल सकें। इसी कड़ी में बुधवार को लक्ष्मणगढ़ वाटर वर्क्स के एईएन मनीष मिल ने मंदिर में बालाजी महाराज का अभिषेक कर नई पानी की टंकी व मोटर की व्यवस्था करवाई। कालूराम नायक मिस्त्री ने टंकी व मोटर की फिटिंग सहित बिजली फिटिंग का कार्य किया। इससे निशान यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं के लिए पेयजल व्यवस्था सुदृढ़ होगी। आयोजकों के अनुसार लक्ष्मणगढ़ से 151 निशान भक्तों की ओर से श्याम बाबा को अर्पित किए जाएंगे। खोरू धाम पहुंचने पर निशान यात्रा का स्वागत बालाजी सेवा समिति व ग्रामीणों की ओर से किया जाएगा। कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में धार्मिक उत्साह बना हुआ है।

# पूर्व मंत्री चंदनमल वैद की पुण्यतिथि मनाई



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** जिला मुख्यालय नई सड़क पर पूर्व सभापति गोविंद महन सरिया की अध्यक्षता में पूर्व वित्त व नहर मंत्री चंदनमल वैद की 17 वी पुण्यतिथि श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस अवसर पर महन सरिया ने कहा कि वैद विकास पुरुष व ईमानदार नेता थे। चंदनमल वैद जो कहते थे, वह करते थे। इस अवसर पर अमर सिंह दनेवा, लक्ष्मण सिंह न्योल, ताराचंद बाठिया, मुशीखा, कालूराम महर्षि, सलीम मिस्त्री, सलीम पिए, रामेश्वर नायक, अयुबखा मलवान, दिनेश कुमार महरिया, सांवरमल महेरिया, परमेश्वर लाल रेगर, मनोज महनसरिया एडवोकेट, मुबारक भाटी, शिवम सोनी, सुगनाराम मोटसरा, मोहन टेलर, महबूब कुरेशी सहित उपस्थित लोगों ने श्री वेद के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करके अंत में 2 मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।

# बिसाऊ में 'आरोहण' वार्षिक उत्सव, शिक्षा व अनुशासन का दिया संदेश

जयपुर टाइम्स

**बिसाऊ(निस)।** न्यू राजस्थान पब्लिक स्कूल व बिसाऊ एकेडमी उच्च माध्यमिक विद्यालय में मंगलवार को 'आरोहण' वार्षिक उत्सव का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत माँ शारदा की पूजा-अर्चना के साथ हुई। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. प्रताप सिंह व जयलाल (पूर्व प्राचार्य, राजकीय बालिका कॉलेज, झुंझुनूं) उपस्थित रहे। विशिष्ट अतिथि के रूप में आशीष, बिसाऊ थानाधिकारी सीआई शेरसिंह व कैप्टन जाफर अली ने शिरकत की। कार्यक्रम में अतिथियों का स्वागत संस्था निदेशक डॉ. प्रताप सिंह, अध्यक्ष ईजी नवीन सिहाग, चेयरपर्सन डॉ. पुष्पा चौधरी, प्राचार्य रविश भारद्वाज, बी.एड. प्राचार्य डॉ. करणीराम, डॉ. जितेन्द्र सहारण व सतपाल सिंह ने बुके व स्मृति चिन्ह देकर किया। प्राचार्य रविश भारद्वाज ने विद्यालय की वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुत करते हुए विद्यार्थियों की शैक्षणिक व सहशैक्षणिक उपलब्धियों पर प्रकाश डाला। अध्यक्ष ईजी नवीन सिहाग ने विद्यार्थियों को शिक्षा के साथ अनुशासन के महत्व को अपनाने की प्रेरणा दी। इस अवसर पर चेयरपर्सन डॉ. पुष्पा चौधरी ने बच्चों में बढ़ते मोबाइल उपयोग पर चिंता व्यक्त करते हुए अभिभावकों से तकनीकी उपकरणों के संतुलित उपयोग के लिए मार्गदर्शन देने की अपील की। कार्यक्रम में विभिन्न गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले 146 छात्र-छात्राओं को प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन असलम खान व संगीत ने किया।

# बेडमिंटन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाया उत्साह

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** शहर के आदर्श महाविद्यालय में जारी साप्ताहिक खेलकूद प्रतियोगिता के अंतर्गत गोला फैंक, डिस्कस थ्रो और बैडमिंटन स्पर्धाओं का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने अपने खेल प्रतिभा और जोश का शानदार प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता की शुरुआत गोला फेंक व डिस्कस थ्रो जैसी एथलेटिक्स स्पर्धाओं के साथ किया गया। जिसमें खिलाड़ियों के बीच कड़ा मुकाबला देखने को मिला। अनुशासन और शक्ति के तालमेल के साथ विद्यार्थियों ने अपने प्रतिभा का प्रदर्शन किया। डिस्कस थ्रो प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम नारायण स्वामी, द्वितीय शिवनाथ, तृतीय कन्हैया लाल शर्मा तथा छात्रा वर्ग में प्रथम दुर्गा मांजू, द्वितीय स्नेहा पारीक, तृतीय निशा महला ने प्राप्त किया। गोला फेंक प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में प्रथम शिवनाथ, द्वितीय कुशाग्र शर्मा, तृतीय मदन लाल शर्मा तथा छात्रा वर्ग में प्रथम निशा महला, द्वितीय दुर्गा मांजू, तृतीय सुनीता जाट ने प्राप्त किया। इस प्रतियोगिता में निर्णायक की भूमिका में मुकेश सुथार, राजेंद्र भाट, आशीष पारीक, वेदप्रकाश बरोड़ रहे। बैडमिंटन कोर्ट पर खिलाड़ियों के बीच कांटे की टक्कर देखने को मिली। जिसमें खिलाड़ियों की पूर्ति और सटीक शॉट ने दर्शकों का मन मोह लिया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के छात्र वर्ग में चेतन, बाबूलाल की टीम विजेता रही। छात्रा वर्ग में दुर्गा, निशा टीम विजेता रही। बैडमिंटन प्रतियोगिता के निर्णायक की भूमिका में उमा भारती जांगिड़, सुमन चौहान रहे। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ मनीषा वर्मा ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलकूद विद्यार्थियों के मानसिक और शारीरिक विकास के लिए अनिवार्य है। खेल हमें हार को स्वीकार करना और जीत के लिए निरंतर प्रयास करना सिखाते हैं। खेल प्रभारी महेश छिम्पा ने बताया कि महाविद्यालय प्रशासन का लक्ष्य खेल प्रतिभाओं को तराशना और उन्हें राज्य स्तर और राष्ट्रीय स्तर के लिए तैयार करना है। भविष्य में भी खिलाड़ियों को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस प्रतियोगिता के सफल आयोजन में महाविद्यालय के प्राध्यापक उमेश शर्मा,नारायण लाटा, कपिल सारस्वत सहित विद्यार्थियों की सहभागिता व उपस्थिति रही।

# कैम्पस प्लेसमेंट शिविर में 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** रोजगार सेवा निदेशालय राजस्थान तथा जिला कलक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिला रोजगार कार्यालय की ओर से मंगलवार को जिला मुख्यालय स्थित राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान में प्रातः 10 बजे से सायं 3 बजे तक बेरोजगार युवा आशार्थियों के लिए कैम्पस प्लेसमेंट शिविर आयोजित किया गया। इस दौरान संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक, सहायक निदेशक वर्षा जानू, आईटीआई उपनिदेशक नेहा सैनी, उद्योग महाप्रबंधक उजाला, सहायक निदेशक गौरव, एलडीएम राहुल गोले, सुपरवाइजर कृष्णा, आरएसएलडीसी जिला कौशल समन्वयक विवेक, जितेन्द्र व अन्य अधिकारी उपस्थित थे। संयुक्त निदेशक गौरीशंकर नायक ने प्रदेश सरकार की योजनाओं की जानकारी देते हुए स्वरोजगार अपनाने का आह्वान किया। शिविर में शामिल नियोजकों की ओर से विभिन्न पदों की रिक्तियों के बारे में जानकारी दी गई। उद्योग महाप्रबंधक उजाला ने युवा उद्यमिता को बढ़ाने की दिशा में प्रदेश सरकार की डॉ. भीमराव अम्बेडकर राजस्थान दलित आदिवासी उद्यम प्रोत्साहन योजना, विश्वकर्मा युवा उद्यमी प्रोत्साहन योजना, मुख्यमंत्रा युवा स्वरोजगार योजना, ऑडीओपी पॉलिसी व एमएसएमई पॉलिसी आदि योजनाओं व कार्यक्रमों की जानकारी दी। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि प्लेसमेंट शिविर में सीआईआई, एमसीसी, यूनाइटेड इंश्योरेंस, पैसिफिक एनर्जी, पुखराज हेल्थ, एनएसएसएस सिक्योरिटी, प्रथम एजुकेशन, अंबुजा फाउण्डेशन इत्यादि कंपनियों ने साक्षात्कार के माध्यम से बेरोजगार आशार्थियों का प्रारम्भिक चयन किया। रोजगार सहायक निदेशक वर्षा जानू ने बताया कि शिविर में लगभग 370 अभ्यर्थियों ने भाग लिया, जिनमें से 155 अभ्यर्थियों का प्रारंभिक चयन किया गया। उन्होंने बताया कि इसके अतिरिक्त जिला उद्योग केंद्र, अनुजा निगम, राजकीय आईटीआई व महिला अधिकारिता विभाग द्वारा स्वरोजगार व विभिन्न ऋण योजनाओं की जानकारी प्रदान की गई। वक्ताओं ने युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्राप्त कर रोजगार के अवसरों का अधिकतम लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। इस दौरान वरिष्ठ सहायक संजय गोस्वामी, सूचना सहायक मुकेश कुमार, कनिष्ठ सहायक मनीषा राठौड़ व स्वयंसेवक जितेन्द्र ने सहयोगी भूमिका निभाई। कार्यक्रम का संचालन कनिष्ठ अनुदेशक रवि व वरिष्ठ सहायक संदीप न्यौल ने किया।

# महिलाओं को जल बचाने के लिए किया जागरूक

जयपुर टाइम्स



**सरदारशहर(निस)।** राजस्थान नगरीय आधारभूत विकास परियोजना के अधिशासी अभियंता मनोज कुमार मित्तल के निर्देशानुसार मंगलवार को मक्का मस्जिद के पास क्षेत्र में जागरूकता कार्यक्रम के तहत महिला जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें सामुदायिक जागरूकता व जन सहभागिता इकाई के बाबू लाल ने बताया की जल है तो कल है बावजूद इसके जल बेवजह बर्बाद किया जाता है। हमें यह नहीं भूलना चाहिए कि जल-संकट का समाधान जल के संरक्षण से ही है। हम हमेशा से सुनते आए हैं जल ही जीवन हैं, जल के बिना सुनहरे कल की कल्पना नहीं की जा सकती, जीवन के सभी कार्यों का निष्पादन करने के लिये जल की आवश्यकता होती है और आमजन को बताया कि जल सरंक्षण हमारा दायित्व ही नहीं कर्तव्य भी है। पानी को किसी भी तरह बर्बाद नहीं करें। आवश्यकतानुसार ही जल का उपयोग करें, पानी की एक एक बून्द बचाएं, आज की बचत कल का भविष्य है। आप इसमें सहयोग करें और अपने परिवार वालों से भी सहयोग के बारे में कहे। इस अवसर पर पानी के सरंक्षण पर बोलते हुए बताया की जल ही जीवन है, जल के बिना जीवन की कल्पना मुश्किल है, जीवन के सभी कार्यो का निष्पादन करने के लिए जल की आवश्यकता होती है। इसलिए हमें फर्श को पाइप से धोने की बजाय पोछे से साफ करे, घर में पानी के लीकेज को समय पर ठीक करना। इस प्रकार की छोटी छोटी आदतों से बहुत सारा पीने वाला पानी बचाया जा सकता है जो आज की बचत और कल का भविष्य है और इसमें हम सब अपना अहम रोल निभा सकते है। इसलिए अब समय आ गया है कि जब आमजन को आगे आकर पानी को बचाने के उपाय करने होंगे। जिससे कि जल संरक्षण के प्रति आमजन की सहभागिता सुनिश्चित की जा सके। जागरूकता कार्यक्रम में पवन सिंह ने सहयोग प्रदान किया।

# मंडावा में घुमंतू परिवारों को मिल रही पहचान

जयपुर टाइम्स



**मंडावा(निस)।** मंडावा तहसील में पदस्थापित तहसीलदार डॉ. सुरेंद्र भास्कर की ओर से घुमंतू व अर्धघुमंतु समुदाय के परिवारों को आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध कराने की दिशा में पहल की जा रही है। गौरतलब है कि दस्तावेजों के अभाव में वंचित रह रहे परिवारों के प्रकरणों को प्राथमिकता से निस्तारित किया जा रहा है, जिससे वे सरकारी योजनाओं, शिक्षा व स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ ले सकें।

तहसील प्रशासन के अनुसार, जैसे ही किसी ऐसे परिवार की जानकारी मिलती है, जिनके पास जन्म प्रमाण पत्र या अन्य आवश्यक दस्तावेज नहीं हैं, संबंधित प्रकरणों को नियमानुसार प्रक्रिया में लेकर त्वरित कार्रवाई की जाती है। आवेदन की औपचारिकताएं पूर्ण करवाने के बाद पात्र व्यक्तियों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा जारी की जा रही है। इसी क्रम में मेहरादासी ग्राम पंचायत क्षेत्र के एक बाँवरिया परिवार के तीन सदस्यों को जन्म प्रमाण पत्र की अनुज्ञा प्रदान की गई। दस्तावेजों के अभाव में ये परिवार विभिन्न सरकारी सुविधाओं एवं बच्चों की शिक्षा से वंचित थे। प्रमाण पत्र जारी होने के बाद अब उन्हें योजनाओं का लाभ लेने और बच्चों के विद्यालय प्रवेश में सुविधा मिलने की संभावना है। गौरतलब है कि घुमंतू व अर्धघुमंतु समुदाय के कई परिवार वर्षों से पहचान संबंधी दस्तावेजों से वंचित रहे हैं, जिसके कारण उन्हें शैक्षणिक व सामाजिक सुविधाओं में कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। तहसील स्तर पर की जा रही यह पहल ऐसे परिवारों को मुख्यधारा से जोड़ने की दिशा में एक प्रयास के रूप में देखी जा रही है। स्थानीय स्तर पर इस पहल को सकारात्मक प्रतिक्रिया मिल रही है। प्रशासन का कहना है कि भविष्य में भी पात्र परिवारों के प्रकरणों को नियमानुसार प्राथमिकता से निस्तारित किया जाता रहेगा।

# चूरू में सेन समाज का फूटा आक्रोशनाबालिग की हत्या मामले में कार्रवाई की मांग

## कलक्टर को ज्ञापन सौंपा



जयपुर टाइम्स

**चूरू(निस)।** बीकानेर में नाबालिग की हत्या मामले में दोषियों को फांसी देने की मांग को लेकर मंगलवार को सैन समाज के लोगों ने मुख्यमंत्री के नाम जिला कलक्टर को ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में बताया कि बीकानेर में एक नाबालिग की रेप कर हत्या मामले में मंगलवार को समाज के लोगों ने जमकर विरोध- प्रदर्शन किया गया। ज्ञापन में सेन समाज ने सभी दोषियों को फांसी देने और मामले की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में कर त्वरित निस्तारण की मांग की। सैन समाज के राजेश रक्षक ने बताया कि पुलिस ने इस मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। समाज की मांग है कि प्रकरण में शामिल सभी दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा दी जाए। उन्होंने पुलिस प्रशासन से जांच पूरी कर जल्द से जल्द चार्जशीट कोर्ट में पेश करने का आग्रह किया, ताकि पीड़िता को न्याय मिल सके। सैन समाज ने पीड़ित परिवार को 5 करोड़ रुपए का मुआवजा देने की मांग की। सैन समाज ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते न्याय नहीं मिला तो पूरे प्रदेश में आंदोलन किया जाएगा। ज्ञापन देने वालों में सैन सेवा समिति अध्यक्ष जगदीश अजाड़ीवाल, किशन चौहान, राजेश रक्षक, निर्मल भाटी, संतोष चांगल, राकेश तंवर, भगवानाराम, निर्मल सैन, दिनेश गहलोत, श्यामसुंदर भाटी, शीशराम हर्षवाल, अशोक तंवर, विनोद रक्षक, निरंजन सैन, जयप्रकाश खींची, हीरालाल खींची और कपिल रक्षक सहित सैन समाज के कई लोग मौजूद रहे।

# विद्यालय विकास के लिए भामाशाह कर रहे सहयोग

जयपुर टाइम्स



**लक्ष्मणगढ़(निस)।** कस्बे के समीपवर्ती उदरासर ग्राम स्थित राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय में तकनीकी व भौतिक संसाधनों के विकास के लिए भामाशाह खुलकर सहयोग कर रहे है। प्राचार्य विमला कड़वासरा ने बताया कि जनसहयोग के क्रम में उदरासर निवासी मुकेश अग्रवाल की ओर से विद्यालय को एक इलेक्ट्रिक बेल, घिरड़ोदा के पूर्व सरपंच पवन अग्रवाल की ओर से करीब 50 हजार की लागत का कंप्यूटर सेट भेंट किया गया। इसके अतिरिक्त किशनाराम मेघवाल की ओर से विद्यालय में आईसीटी लैब के लिए एक सीपीयू भेंट किया गया। विद्यालय परिवार की ओर से प्राचार्य विमला कड़वासरा, उप प्राचार्य लालाराम बिजारणियां की ओर से भामाशाहों और उन्हें प्रेरित करने वाले पूर्व सरपंच जगदीश सिंह रायधना और कान्हाराम शर्मा का अभिनंदन किया गया।

# सीएलजी की बैठक, शांति व सौहार्द बनाए रखने की अपील



जयपुर टाइम्स

**मण्डावा(निस)।** मण्डावा पुलिस थाने में मंगलवार शाम को आगामी त्योहारों के मद्देनजर सीएलजी की बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में क्षेत्र में शांति और सद्भाव बनाए रखने तथा त्योहारों को शांतिपूर्ण ढंग से मनाने की अपील की गई। थाना परिसर में हुई इस बैठक में डिप्टी हरिसिंह धायल, तहसीलदार डा. सुरेन्द्र भास्कर थाना प्रभारी रामनारायण चोयल आदि मंचासीन अतिथि रहे। बैठक में निवर्तमान चेयरमैन नरेश सोनी, भाजपाध्यक्ष मोहनलाल सैनी, संदीप शर्मा, विजेन्द्र सैनी, कैलाश पीपलवा, पीताम्बर मिश्रा, अरविन्द्र भुकाणिया, सुरेश पालड़ीवाला, राजेन्द्र कुमावत, बालकिशन भाटीवाड़ संजय धुंधरवाल, मो0 इब्राहिम, सत्यनारायण शर्मा, दयानंद कुलहरि, विष्णु महाराज, विद्याधर सैनी, विनोद चौपदार, शिवभगवान कुमावत, सीबीईओ पवन कुमार, संजय मील, रविन्द्र शर्मा, सुनील रामगढ़िया और चिन्टू नाई सहित कई नागरिक उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त, पुलिस मित्र के सभी सदस्य और पुलिस थाने का स्टाफ भी मौजूद था। इस दौरान विशेष रूप से होली के त्योहार को शांति और सौहार्द के साथ मनाने का आग्रह किया गया। उपस्थित सभी सदस्यों ने आगामी त्योहारों के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस प्रशासन का सहयोग करने का संकल्प लिया।

# डिजिटल अरेस्ट कर 26.90 लाख की ठगी का खुलासा, आरोपी गुजरात से गिरफ्तार

जयपुर टाइम्स

**नवलगढ़(निस)।** डिजिटल अरेस्ट कर 26.90 लाख रुपये की साइबर ठगी के मामले में नवलगढ़ पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी रोहित रामसिंह मिस्त्री को गुजरात से गिरफ्तार किया है। मामले में अब तक 11.73 लाख रुपये होल्ड करवाए जा चुके हैं, जिन्हें परिवादी के खाते में ट्रांसफर करने की प्रक्रिया जारी है। जिला पुलिस अधीक्षक झुंझुनूं बृजेश ज्योति उपाध्याय के निर्देशन में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक देवेन्द्र सिंह राजावत व वृताधिकारी नवलगढ़ महावीर सिंह के सुपरविजन में थानाधिकारी अजय सिंह के नेतृत्व में विशेष टीम का गठन किया गया। टीम ने तकनीकी साक्ष्यों व मानवीय सूचना के आधार पर आरोपी को सूरत (गुजरात) से दस्तयाब कर गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार 23 दिसंबर 2025 को परिवादी प्रदीप कुमार निवासी नवलगढ़ ने रिपोर्ट दर्ज करवाई थी कि व्हाट्सएप वीडियो व ऑडियो कॉल के माध्यम से उन्हें 500 करोड़ रुपये के मनी लॉन्ड्रिंग केस में गिरफ्तार करने की धमकी दी गई तथा सुप्रीम कोर्ट के नाम से फर्जी नोटिस भेजकर डिजिटल अरेस्ट किया गया। इसके बाद साइबर ठगों ने उनसे विभिन्न खातों में कुल 26.90 लाख रुपये ट्रांसफर करवा लिए। अनुसंधान में आरोपी के खिलाफ देश के विभिन्न राज्यों में तीन साइबर शिकायतें दर्ज होना सामने आया है तथा उसके बैंक खातों में करीब 23 लाख रुपये का लेनदेन भी पाया गया है। पुलिस ने आरोपी को न्यायालय में पेश कर पीसी रिमांड प्राप्त किया है